
त्रिपुरा के मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को माता त्रिपुरेश्वरी मंदिर परिसर के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
DL(N) /145/2021-23 वर्षः 19 अंकः 46 पृष्ठः 12 RNI : DELHIN/2006/19302
actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

## केजरीवाल के बंगले में रेनोवेशन की जांच होगी

### आदेश सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट की रिपोर्ट सामने आने के बाद दिया

**जांच की आंच**

**रिपोर्ट में कहा गया कि 40 हजार वर्ग गज (8 एकड़) में बने बंगले के निर्माण में कई नियमों को तोड़ा गया**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित बंगले में रेनोवेशन की जांच होगी। सेंट्रल विजिलेंस कमीशन ने 13 फरवरी को जांच के आदेश जारी किए हैं। आदेश सेंट्रल पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट की रिपोर्ट सामने आने के बाद दिया। रिपोर्ट में कहा गया कि 40 हजार वर्ग गज (8 एकड़) में बने बंगले के निर्माण में कई नियमों को तोड़ा गया। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने आरोप लगाया था कि बंगले के रेनोवेशन में 45 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए गए हैं।

भाजपा ने बंगले को केजरीवाल का शीशमहल नाम दिया है। केजरीवाल यहां 2015 से 2024 तक रहे। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से शिकायत की थी कि केजरीवाल का बंगला 4 सरकारी संपत्तियों को गलत तरीके से मिलाकर बनाया गया है।
इस प्रोसेस को रद्द कर दिया जाना चाहिए। भाजपा का मुख्यमंत्री शपथ के बाद इस बंगले में नहीं रहेगा। 9 दिसंबर 2024 को बीजेपी ने एक वीडियो जारी किया, जिसमें दिल्ली के सीएम हाउस का आलीशान इंटीरियर दिखाया गया। बीजेपी ने केजरीवाल पर तंज कसा, 'वे कहते थे कि सरकारी घर नहीं लूंगा, लेकिन रहने के लिए 7 स्टार रिसॉर्ट बना डाला।'

### केजरीवाल को भ्रष्टाचार की सजा मिलेगीः विजेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** रोहिणी के नवनिर्वाचित भाजपा विधायक विजेंद्र गुप्ता ने शनिवार को आम आदमी पार्टी (आआपा) के शीशमहल के केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के जांच के आदेश की सराहना की है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को भ्रष्टाचार की सजा मिलेगी। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने उनकी पिछली दो शिकायतों का संज्ञान लिया और लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी। इसके आधार पर दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को छह फ्लैग स्टाफ रोड बंगले के विस्तार के लिए संपत्तियों के कथित विलय और इसके अंदरूनी हिस्से पर किए गए खर्च की विस्तृत जांच करने का निर्देश दिया है। सीवीसी द्वारा छह फ्लैग स्टाफ बंगले के नवीनीकरण की जांच के आदेश पर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि 'शीश महल' (आआपा ) और अरविंद केजरीवाल का भ्रष्टाचार अब खुलकर सामने आ गया है। सीवीसी ने तथ्यों के आधार पर संज्ञान लिया है। गुप्ता ने कहा कि पिछले साल 14 और 21 अक्टूबर को सीवीसी को दो पत्र लिखे गए थे।

## पीएम आज दिल्ली में भारत टेक्स 2025 में भाग लेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी रविवार को शाम 4 बजे नई दिल्ली के भारत मंडपम में भारत टेक्स-2025 में भाग लेंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। इसमें 120 से अधिक देशों के नीति निमार्ता और वैश्विक सीईओ, प्रदर्शक, अंतरराष्ट्रीय खरीदार भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने शनिवार को एक बयान में कहा कि भारत टेक्स 2025, एक व्यापक स्तर का वैश्विक कार्यक्रम है और इसका आयोजन 14-17 फरवरी को भारत मंडपम में किया जा रहा है। यह एक विशिष्ठ कार्यक्रम है क्योंकि यह कच्चे माल से लेकर तैयार उत्पादों तक की संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला को एक ही मंच पर



एक साथ लाता है। भारत टेक्स प्लेटफॉर्म कपड़ा उद्योग का सबसे बड़ा और सबसे व्यापक आयोजन है, जिसमें दो स्थलों पर फैला एक मेगा एक्सपो शामिल है।
इसमें संपूर्ण वस्त्र पारिस्थितिकी व्यवस्था को प्रदर्शित किया जाएगा। इस दौरान हैकथॉन आधारित स्टार्टअप पिच फेस्ट और इनोवेशन फेस्ट, टेक टैंक और डिजाइन चुनौतियों को भी शामिल किया गया है।

## भारत को मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत : राहुल गांधी

**उत्पादन पर जोर**

**नई तकनीक में औद्योगिक कौशल का निर्माण करने के लिए मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। लोकसभा** में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत में प्रतिभा तो है, लेकिन उसे अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए नई तकनीक में औद्योगिक कौशल का निर्माण करने के लिए मजबूत उत्पादन आधार की जरूरत है, न कि खोखले भाषणों की। राहुल गांधी ने शनिवार को एक्स पोस्ट में इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे चीन ने ड्रोन का उत्पादन शुरू किया है जो दुनियाभर में युद्ध में क्रांति ला रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को इस क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी बनने के लिए एक रणनीति विकसित करने की आवश्यकता है। राहुल गांधी ने इस पोस्ट के साथ ड्रोन तकनीक पर नौ मिनट का एक वीडियो भी टैग किया है। उन्होंने कहा कि ड्रोन ने युद्ध लड़ने के तरीके को पूरी तरह से बदल कर रख दिया है। बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के मैदान में घात-प्रतिघात और संचार में अभूतपूर्व बदवाल आया है।

## न्याय को बनाएं लचीला और समयबद्धः सीजेआई संजीव खन्ना

**टीम एक्शन इंडिया**
**मुंबईः भारत के मुख्य** न्यायाधीश सीजेआई संजीव खन्ना ने शनिवार को कहा कि सभी विवाद न्यायालय और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं। उन्होंने मध्यस्थता को विवाद समाधान का एक प्रभावी तरीका बताया। बता दें कि सीजेआई नागपुर में महाराष्ट्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एमएनएलयू) के तीसरे दीक्षांत समारोह में वहां उपस्थित लोगों को संबोधित कर रहें थे।

**हर मामले को कानूनी रूप देना गलत- सीजेआई**
सीजेआई ने आगे कहा कि हर मामले को सिर्फ कानूनी दृष्टिकोण से नहीं बल्कि मानवता की कहानी के रूप में देखना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय कानूनी सहायता प्रणाली दुनिया की सबसे मजबूत प्रणालियों में से एक है, जहां सभी हितधारकों को मदद मिलती है।

**मध्यस्थता की बात पर दिया जोर**
मुख्य न्यायाधीश ने कानूनी कार्रवाई से पहले आपसी मध्यस्थता की बात पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मध्यस्थता न केवल विवादों को हल करने का तरीका है, बल्कि यह रचनात्मक समाधान भी प्रदान करता है, जो रिश्तों को भी मजबूत करता



है। साथ ही उन्होंने वकीलों को समस्या समाधानकर्ता" बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें कानूनी और मानवीय दोनों दृष्टिकोण से समाधान निकालने चाहिए।

**समाधान को होना चाहिए और**

**हितधारक**

**सभी विवाद न्यायालय और मुकदमेबाजी के लिए उपयुक्त नहीं होते हैं: संजीव खन्ना**

**लचीला- खन्ना**
सीजेआई ने आगे कहा कि आज की समस्याएं अधिक गतिशील हो गई हैं, और उनके समाधान को भी लचीला होना चाहिए। उन्होंने न्याय के मार्ग को बाधा नहीं बनने की आवश्यकता पर जोर दिया। सीजेआई ने सभी से परंपरा से परे सोचने और न्याय प्रदान करने के तरीके को और अधिक लागत प्रभावी और समयबद्ध बनाने का आग्रह किया।

**जलवायु परिवर्तन का भी किया उल्लेख**
भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) संजीव खन्ना ने शनिवार को कहा कि न्याय प्रदान करने के पारंपरिक तरीकों से परे सोचना और उसे लागत प्रभावी व समयबद्ध बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को ऐसे अनदेखे और जटिल चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।



# बनेगा नया एलिवेटेड रोड, जीटी रोड पर जाम से मिलेगा छुटकारा



**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद।** जीटी रोड से जाम का दबाव कम करने के लिए नया बस अड्डा से दौलतपुरा लोहा मंडी तक एलिवेटेड रोड बनाने का रास्ता साफ होता जा रहा है। शुक्रवार को सांसद अतुल गर्ग ने इस प्रस्ताव को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस दौरान विचार-विमर्श के बाद केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारियों को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए।

सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि जीटी रोड गाजियाबाद का सबसे पुराना मार्ग है। विधायक रहते हुए भी जीटी रोड से जाम का दबाव कम करने का प्रयास किया था। इसकी दोबारा कवायद शुरू की है। एलिवेटेड रोड के निर्माण से लोगों को राहत मिलेगी और सफर भी आसान होगा।

अधिकारियों को एलिवेटेड रोड बनाने के आदेश

उन्होंने बताया कि इस मांग को स्वीकार करते हुए सड़क परिवहन मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को एलिवेटेड रोड बनाने का आदेश दिया। इस रोड के निर्माण से शहर को जाम से मुक्ति मिलेगी और आवागमन में सुविधा होगी। एलिवेटेड रोड बनने से दिल्ली, मोहननगर की ओर से लालकुआं की ओर आवागमन करने वाले वाहनों को जाम नहीं झेलना पड़ेगा। इस रोड पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में वाहनों का दबाव रहता है। वहीं, ट्रांस हिंडन में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से भी लोगों को जूझना पड़ रहा है।

## बीवी को घर ले जाना चाहता था शख्स, ससुरालियों ने दामाद को जिंदा जलाया

**साहिबाबाद।** साहिबाबाद थाना क्षेत्र में शहीदनगर के एफ-ब्लॉक की जीजी वाली गली के युवक को जिंदा जलाकर मारने का मामला सामने आया है। स्वजनों का आरोप है कि ससुरालियों ने युवक को जिंदा जला दिया था। इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई है। पुलिस ने पत्नी समेत ससुराल पक्ष के तीन लोगों को हिरासत में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्वजन ने पुलिस को बताया कि दानिश का निकाह करीब चार वर्ष पूर्व शहीद नगर के डी-ब्लॉक में रहने वाली मुस्कान से हुआ था। एक तीन साल की बेटी भी है। टीला मोड़ पसौंडा में रहने वाले दानिश के मौसा मोहम्मद साजिद ने 14 फरवरी की सुबह डायल-112 पर कॉल कर बताया था कि दानिश को उसके ससुराल वालो ने तेल डालकर जला दिया है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आरोपी हेमन्त पुत्र** राज कुमार, **पता:** मकान नं. ए–69, गली नं. 03, शिव विहार एन्कलेव, चन्दर विहार, निहाल विहार, दिल्ली **FIR No. 1168/2024, U/S: 25/54/59 Arms Act., पुलिस थाना: निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया हैं (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हेमन्त,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **हेमन्त,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **हेमन्त,FIR No. 1168/2024, U/S: 25/54/59 Arms Act., पुलिस थाना: निहाल विहार, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.03.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री कोमल गर्ग
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–03
पश्चिमी जिला, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1879/OD/2025
(Court Matter)



**पहचान की अपील**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दो व्यक्तियों (फोटो में दिखाए गये) जिनका नाम अज्ञात **पुत्र** अज्ञात निवासी अज्ञात, **केस प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 232/2016 दिनाँक 19.5.2016 भा.द.सं. की धारा 420 के तहत, थाना फर्श बाजार, दिल्ली** के अधीन अवैध और अनाधिकृत पार्किंग चलाने तथा जिला न्यायालय परिसर कड़कड़डूमा, शाहदरा, दिल्ली में आगंतुको को पार्किंग पर्ची/टिकट जारी करने का अपराध किया है।



अज्ञात



अज्ञात

यदि किसी को इन आरोपियों के बारे में कोई जानकारी/सुराग है, तो कृपया नीचे दिए गए पते पर संपर्क करे:-

ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641

थानाध्यक्ष: फर्श बाजार, दिल्ली
दूरभाष सं.: 011-22303600, 21210827
21210829, 7065036028

DP/308/SHD/2025


## नोएडा में प्लास्टिक फैक्ट्री में लगी भीषण आग, 17 फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने पांच घंटे में पाया काबू

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** फेज दो थाना क्षेत्र के की प्लास्टिक दाने से उत्पाद बनाने वाली एक फैक्ट्री में शुक्रवार रात तीन बजे आग अलग गयी। 17 गाड़ियों की मदद से आग को करीब पांच घंटे में बुझाया गया। आग से कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 2 बजकर 53 मिनट पर सूचना मिली फेज दो के सी- 44 स्थित सती पॉलीप्लास्ट नामक प्लास्टिक के दाने से रैपर बनाने की कम्पनी के भूतल पर आग लग गई है। मौके पर दो गाड़ियां भेजी गईं। देरी सूचना मिलने के कारण आग पूरे फैक्ट्री परिसर में फैल गई थी। तत्काल आसपास के स्टेशन समेत गाजियाबाद से दो गाड़ियों को बुलाया गया। करीब पांच घंटे में आग को पूरी तरह से बुझा दिया गया। गनीमत रही कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई और कोई फंसा भी नहीं।


**PUBLIC NOTICE**

My client **Kartik Saluja,** S/o Lt. Sh. Anil Saluja, residing at 1410, Third Floor, Sector 15, Escorts Nagar, Faridabad, Haryana-121007 currently residing at Siolim, Bardez, Goa, presently at Delhi had executed a specific Power of attorney dated 10.11.2022 in favor of Sh. Deep Khanna, S/o Sh. Anil Khanna, residing at F-93, Green Park Main, Near Green Park Market, New Delhi-16, authorizing him to act on behalf of my client in respect of property as **"MALEPORBUSHEM PORIATO"** also known as **"LOBO VADDO",** Situated at ward lobo vaddo of Village Parra, Bardez, Goa. which is within the limits of Village Panchayat of Parra, Sub District of BardezTaluka, District of North Goa, State of Goa, Surveyed Under No. **91/28** of Village Parra, Bardez Goa. Survey Records and admeasuring and area of 300 sq.mtrs. My client, **Kartik Saluja** for his personal reasons, hereby revokes and cancels the specific Power of Attorney dated 10.11.2022 with immediate effect and he is instructed to cease and desist from acting on behalf of my client in any capacity with regard to aforesaid property. If anybody deals with him in any manner, he/she shall do so at his/her own risk, cost and consequences. My client shall not be liable and responsible for his actions in any manner.

**Sd/- PRASHANT BATRA, ADVOCATE**
**Resi-cum-Office: J1/163, F. Floor,**
**Rajouri Garden. New Delhi-110027**
**Contact No. 9810775051**
**Email: prashantbatra76@gmail.com**
**DATED: 15.02.2025**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **शिव शंकर,** पुत्रः हरि लाल, **पता:** ई–57/बी–412, गली नंबर 10 सुंदर नगरी नंद नगरी, **दिल्ली FIR No. 410/18, U/s 379/411 IPC पुलिस थाना जी.टी.बी. एनक्लेव, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिव शंकर,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शिव शंकर,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **शिव शंकर, FIR No. 410/18, U/s 379/411 IPC पुलिस थाना जी.टी.बी. एनक्लेव, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.05.2025** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
संघमित्रा
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–01
कमरा नंबर 54 द्वितीय तल,
शाहदरा जिला कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1655/SHD/2025
(Court Matter)



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 (2) ii Cr. P.C देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **वसीम** पुत्र नूर मो0 निवासी एच–44सी, गली नं. 04, ओल्ड तेज़ाब मिल, शाहदरा, दिल्ली ने **e-FIR. No. 8264/2016 U/S 379/411/34 IPC थाना:** ज्योती नगर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **वसीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **वसीम** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **e-FIR. No. 8264/16 U/S 379/411/34 IPC. थाना:** ज्योती नगर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **वसीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **24.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री राहुल सैनी
जेएमएफसी–06, कमरा नं. जी–08,
कड़कड़डूमा कोर्ट, शाहदरा, दिल्ली

DP/1821/NE/2025
(court matter)



**भारतीय रेल**

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

No.2024/Track-III/MC/4 New Delhi, dated 14.02.2025

शुद्धिपत्र–I

**विषय: पन्द्रह नग रिवच रेल ग्राइंडिग मशीन (एस आर जी एम) की आपूर्ति हेतु निविदा संख्या टी एम 2403।**

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 18.02.2025 को स्थगित कर 28.03.2025 कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

कार्यकारी निदेशक, ट्रैक (एम एंड एमसी)
रेलवे बोर्ड

525/25 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


## छोटे सवालों ने चेहरे पर लाई हंसी

**ग्रेटर नोएडा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं शनिवार को शुरू हो गईं। प्रथम पाली में सुबह 10.30 बजे हाईस्कूल की अंग्रेजी विषय की परीक्षा शुरू हुई। जो दोपहर 1.30 बजे तक चली।

रामिश इंस्टीट्यूट के छात्रों के लिए परी अल्फा वन स्थित विश्व भारती इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। करीब तीन बजे परीक्षा देकर बाहर आए 10वीं के छात्र देव ने बताया कि बहुविकल्पीय और छोटे प्रश्न तो आसानी से हल हो गए। लेकिन बड़े प्रश्न हल करने में वह उलझ गया। फिलहाल शिक्षकों और अभिभावकों के मार्गदर्शन में अच्छे से तैयारी की थी। इसके चलते सभी प्रश्न हल कर लिए।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा**

निम्नलिखित कार्य के लिए ई–निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत इंजीनियर, यॉंत्रिक कारखाना, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा आमन्त्रित की जाती है:– **निविदा सूचना संख्या: EL-MWS-GKP-2024-25-21, निविदा सं. एवं कार्य का विवरण:– EL-MWS-GKP-2024-25-21,** प्रोविजन आफ हाई कैपिसिटी आई०वी० कपलर (500 एम्पियर) एण्ड 150 स्क्वायर एम०एम० फीडर केबुल फॉर 2000 कोचेज एण्ड पावर कार्स (पी०बी० आइटम नं0 734/2024–25) क्वांटिटी एलॉटेड 150 नं0 ए०सी० कोचेज फॉर एम०डब्ल्यू०एस०/जी०के०पी०, **अनुमानित लागत:–** Rs. 3,24,89,727/-, **बयाने की राशि:–** Rs. 3,12,500.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:–** 0.00, कार्य पूर्ण करने की समय/अवधि स्वीकार पत्र जारी होने के तिथि से – 18 महीना।, • आन लाइन ई–निविदा जमा करने की तिथि 08.03.2025 समय 11:00 बजे तक, • पूर्ण विवरण एवं निविदा की प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे।, • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अन्तर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर (कार.)/
मुजाधि/विद्युत–244 गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**सी एंड सी कंस्ट्रक्शन लिमिटेड**
CIN: L45201DL1996PLC080401
पंजीकृत कार्यालय 74, हमकुंट कॉलोनी नई दिल्ली-110048 वेबसाइट:
http://www.candcinfrastructure.com

कंपनी के निदेशक मंडल ने गैर-लेखापरीक्षित की समीक्षा, विचार और अनुमोदन किया है कंपनी के निदेशक मंडल ने गैर-लेखापरीक्षित की समीक्षा, विचार और अनुमोदन किया है। आयोजित बैठक में 31 दिसंबर 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीनों के लिए वित्तीय परिणाम 14 फरवरी, 2025 को।
सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ वित्तीय परिणाम कंपनी की वेबसाइट
www.candcinfrastructure.com/c_and_c.php पर अपलोड कर दिए गए हैं और यह NSE (https://www.nseindia.com) और (https://www.bseindia.com)की वेबसाइटों पर भी उपलब्ध है। 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही और नौ महीने की अवधि के लिए सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ वित्तीय परिणामों तक पहुँचने के लिए निम्नलिखित त्वरित प्रतिक्रिया कोड है:

**सी एंड सी कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के लिए**
**एसडी/-**
**पुनीत शर्मा**
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएनः-10888806
दिनांकः 15 फरवरी, 2025
स्थानः गुरुग्राम



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राहुल उर्फ मेंडिस पुत्र श्री सतीश पता एफ–4/461, सुल्तानपुरी, दिल्ली ने एफआईआर नं 804/2021 धारा 392/411/34 भा.द.स. के तहत** थाना: पश्चिम विहार, पश्चिम दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **राहुल उर्फ मेंडिस** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **राहुल उर्फ मेंडिस** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर 804/2021 धारा 392/411/34 भा.द.स. के तहत थाना: पश्चिम विहार, पश्चिम दिल्ली के उक्त राहुल उर्फ मेंडिस** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.03.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
अंकित करण सिंह
न्यायिक दण्डाधिकारी–08
वेस्ट जिला
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/1698/OD/2025



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोनू कुमार पुत्र बाबू कुमार पता: ई/138 दीपक कॉलोनी निकट गोरी शंकर मंदिर दिलशाद गार्डन सीमापुरी, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 034757/18 धारा 411/482/34 भा.द.स. के तहत** थाना: जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोनू कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोनू कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 034757/18 धारा 411/482/34 भा.द.स. के तहत थाना जीटीबी एन्कलेव, दिल्ली के उक्त मोनू कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.05.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
संघमित्रा
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–01
कमरा नं.54, द्वितीय तल,
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/1666/SHD/2025


## गर्भवती महिलाओं की मौत के बाद विभाग को मिलती है जानकारी

**गाजियाबाद।** एचआरपी (हाई रिस्क प्रेगनेंसी) की पहचान करने, उनके स्वास्थ्य में सुधार लाने और उनकी निगरानी करने में गाजियाबाद समेत प्रदेश के दस जिलों की स्थिति बेहद खराब है। खास बात यह है कि गाजियाबाद में प्रसव के दौरान या उसके बाद 23 महिलाओं की मौत के बाद भी डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मी इस योजना को लेकर गंभीर नहीं हैं। चिह्नित महिलाओं की नियमित जांच नहीं हो रही है।


**एक्शन इंडिया**
**(राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)**

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया- पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्पलेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# क्लासीफाइड


## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# दिल्ली में 'ट्रिपल इंजन' की सरकार बनाने की तैयारी तेज

## आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद शनिवार को भाजपा में शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के तीन पार्षद शनिवार** को भाजपा में शामिल हो गए। इस तरह आगामी एमसीडी मेयर चुनाव में उसकी जीत की संभावना बढ़ गई है। पार्षदों का स्वागत करते हुए दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली में केंद्र, विधानसभा और नगरपालिका स्तर पर एक 'ट्रिपल इंजन' सरकार होगी। जो तीन पार्षद बीजेपी में शामिल हुए हैं उनमें अनीता बसोया (एंड्रयूज गंज), निखिल चपराना (हरि नगर) और धर्मवीर (आर के पुरम) शामिल हैं।
सचदेवा ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ और सुंदर शहर बनाने के लिए पार्षद भाजपा में शामिल हुए हैं। विधानसभा चुनावों में अपनी हालिया शानदार जीत के मद्देनजर, भाजपा मेयर पद हासिल करके



दिल्ली में 'ट्रिपल इंजन सरकार' पर नजर गड़ाए हुए है। भाजपा ने 70 विधानसभा सीटों में से 48 सीटें जीतकर आप को एक दशक बाद सत्ता से बाहर कर दिया।

**अप्रैल में होगा दिल्ली मेयर का चुनाव**
मेयर का चुनाव अप्रैल में होना तय है। अअढ ने नवंबर 2024 में हुए पिछले मेयर चुनाव में तीन वोटों से जीत हासिल की थी। पार्षदों के अलावा, सात लोकसभा सांसद (सभी भाजपा के), तीन राज्यसभा सांसद (सभी आप के) और दिल्ली में 14 नामांकित विधायक दिल्ली नगर निगम के मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव में मतदाता हैं। तीन पार्षदों के शामिल होने से भाजपा की सीटें अब आप से अधिक हो गई हैं।

**भाजपा अपने 10 विधायकों को एमसीडी के लिए करेगी नामित**

**संभावना**
**इस तरह आगामी एमसीडी मेयर चुनाव में उसकी जीत की संभावना बढ़ गई है**

भाजपा नेताओं ने कहा कि भाजपा अपने 10 विधायकों को एमसीडी के लिए नामांकित करने जा रही है, जबकि आप के पास नागरिक निकाय के लिए चार नामांकन होंगे। पांच फरवरी को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा के आठ और आप के तीन पार्षद विधानसभा के लिए निर्वाचित हुए। 2022 के एमसीडी चुनावों में, आप ने 134 वार्ड, भाजपा ने 104, कांग्रेस ने नौ और निर्दलीय ने तीन वार्ड जीते थे।

## सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर एनसीडब्ल्यू ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली।** भोपाल में 19 साल की लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना सामने आई है। आरोपितों ने इस जघन्य अपराध के बाद पीड़िता को छत से फेंक दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता का पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस गंभीर घटना पर राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए पुलिस महानिदेशक को पत्र भेजा है। पत्र में घटना की निष्पक्ष और समयबद्ध जांच करने, पीड़ित को चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक सहायता सुनिश्चित करने तथा जरूरत पड़ने पर सुरक्षा प्रदान करने के निर्देश भी गए। इसके साथ आयोग ने मामले की तीन दिन के अंदर विस्तृत कार्रवाई की रिपोर्ट भी देने को कहा है। राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पुलिस महानिदेशक को अपने पत्र के माध्यम से आरोपित पर बीएनएस अधिनियम, 2023 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज करने और जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार करने की बात भी कही।

# मेट्रो स्टेशन पर हुड़दंग...: एग्जिट गेट फांदकर निकले युवक

## जामा मस्जिद स्टेशन का वीडियो वायरल; डीएमआरसी ने दी सफाई

**वीयो वायरल**
**शब-ए-बारात थी। इस वजह से स्टेशन पर भीड़ बढ़ गई थी। जिससे एग्जिट गेट पर भारी भीड़ जमा हो गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें कुछ लोग मेट्रो स्टेशन के एग्जिट गेट को कूदकर बाहर निकलते दिख रहे हैं। जिसके बाद दिल्ली मेट्रो का बयान सामने आया है। डीएमआरसी के मुताबिक, 'उस दिन शब-ए-बारात थी। इस वजह से स्टेशन पर भीड़ बढ़ गई थी। जिससे एग्जिट गेट पर भारी भीड़ जमा हो गई। घटना सिर्फ कुछ पलों के लिए हुई और जल्द ही स्टेशन पर सामान्य स्थिति बहाल हो गई। वहां सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी पर्याप्त रूप से मौजूद थे और स्थिति कभी भी नियंत्रण से बाहर नहीं हुई।'
दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कुछ यात्रियों द्वारा एएफसी गेट को कूदकर बाहर निकलने के बारे में सोशल मीडिया पर प्रसारित एक वायरल वीडियो के संदर्भ में, डीएमआरसी यह सूचित करना चाहता है कि उक्त घटना 13 फरवरी 2025 की शाम को मैजेंटा लाइन पर जामा मस्जिद मेट्रो स्टेशन की है। कुछ यात्रियों द्वारा एएफसी गेट को कूदकर बाहर निकलने के कारण कुछ समय के लिए यात्रियों की अस्थायी भीड़ उमड़ पड़ी थी। ऐसे यात्रियों को परामर्श देने के लिए सुरक्षाकर्मी और अन्य कर्मचारी पर्याप्त रूप से मौजूद थे और स्थिति कभी भी नियंत्रण से बाहर नहीं हुई। घटना सिर्फ कुछ पलों के लिए हुई और जल्द ही स्टेशन पर सामान्य स्थिति बहाल हो गई।"

## सर्जरी कर 13 माह के बच्चे का अंडकोष किया सही जगह

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली। दिल्ली** के अपोलो स्पेक्ट्रा अस्पताल में ऑर्किडोपेक्सी सर्जरी से 13 माह के बच्चे के अंडकोष को सही जगह पर स्थानांतरित किया गया। बच्चे का वजन करीब 9.6 किलो था। मां ने डॉक्टरों को बताया कि जन्म के समय बाएं अंडकोष की थैली खाली थी। यह कुछ अजीब लगा। डॉक्टर को दिखाया, जांच करवाई लेकिन कुछ पता नहीं चला। वहीं सर्जरी करने वाले सर्जन डॉ. अतुल सरदाना ने बताया कि जांच के दौरान एमआरआई किया और पाया कि अंडकोष स्क्रोटम की जड़ में स्थित है। अंडकोष को स्क्रोटल सैक में लाने के लिए ऑर्किडोपेक्सी सर्जरी की। सर्जन, एनेस्थेटिस्ट और बाल रोग विशेषज्ञ की टीम ने सर्जरी को 30 मिनट में पूरा किया। सर्जरी के चार घंटे बाद से ही बच्चा दूध पीने लगा और अगले दिन सुबह उसे छुट्टी दे दी गई।
बच्चे की सुविधा के लिए सर्जन ने इस बात का खास ध्यान रखा कि टांके न लगाएं जाएं। सर्जिकल साइट पर कोई ड्रेसिंग नहीं की गई।

# ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 704 लोगों के भेजे फोटो, अब मिलेगा 50 हजार रुपये का ईनाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली ट्रैफिक पुलिस के ट्रैफिक प्रहरी बने जनकपुरी में रहने वाले डॉ. मयूर कुमार ने अक्तूबर, 24 से अब तक राजधानी की सड़कों पर नियम तोड़ने वाले 704 लोगों के फोटो पुलिस को भेजे हैं। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसे लोगों के खिलाफ वाहन मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। वहीं डॉ. मयूर कुमार को 50 हजार रुपये का ईनाम दिया जाएगा। एक सितंबर, 24 से जब से ट्रैफिक प्रहरी सिस्टम शुरू किया गया है, तब से लेकर अब तक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले सबसे ज्यादा लोगों के फोटो डॉ. मयूर कुमार ने भेजे। दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त (ट्रैफिक) सत्यबीर कटारा ने बताया कि दिल्ली की ट्रैफिक व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने को लेकर उपराज्यपाल वीके सक्सेना के आदेश पर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने फिर से ट्रैफिक सेंनिटल पॉलिसी लागू की है। इसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने अपने वर्तमान एप को 1 सितंबर से ट्रैफिक प्रहरी के रूप में लॉन्च किया है। इससे आम लोगों को ट्रैफिक या पार्किंग से जुड़ी हुई समस्याओं और नियमों के उल्लंघन आदि की शिकायत करने के लिए एक



मंच उपलब्ध हुआ है। ये ट्रैफिक प्रहरी (आम नागरिक) दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की आंख और कान के रूप में मदद कर रहे हैं।

**हर महीने दिया जाता है ईनाम**
ट्रैफिक प्रहरी के लिए मासिक अवॉर्ड पॉलिसी भी शुरू की गई है। ट्रैफिक पुलिस की तरफ से ट्रैफिक प्रहरियों को उनकी गतिविधियों और नियमों के

**बने प्रहरी**
**अक्तूबर, 24 से अब तक राजधानी की सड़कों पर नियम तोड़ने वाले 704 लोगों के फोटो पुलिस को भेजे हैं**

उल्लंघन के मामले संज्ञान में लाने पर अंक दिए जाते हैं, जिसके आधार पर फर्स्ट, सेकंड, थर्ड और फोर्थ कैटेगरी के लिए नकद राशि प्रदान की जाती है। पहले स्थान वाले को 50 हजार, दूसरे स्थान वाले को 25 हजार, तीसरे वाले को 15 हजार और चौथे नंबर पर आने वाले को 10 हजार रुपये के रूप में इनाम दिया जाता है।

**ऐसे बन सकते हैं प्रहरी**
आम लोग एंड्रॉयड प्लेटफॉर्म यूजर गूगल प्ले स्टोर से और आईओएस प्लेटफॉर्म यूजर एप स्टोर में जाकर ट्रैफिक प्रहरी मोबाइल एप डाउनलोड कर सकते हैं। अपने मोबाइल नंबर के जरिये लोग इस योजना में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पंजीकृत कर सकते हैं। इस नंबर के जरिये ही एप पर सभी तरह के यातायात नियमों से जुड़े उल्लंघन संबंधी वीडियो और फोटो आदि को अपलोड किया जाता है।

## दिल्ली में तीन दिन जल संकट

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में पानी की आपूर्ति को लेकर आगामी दिनों में संकट की आशंका जताई गई है। दरअसल दिल्ली जल बोर्ड 17 व 18 फरवरी को अंडरग्राउंड जलाशय और बूस्टर पंपिंग स्टेशन की वार्षिक फ्लशिंग प्रक्रिया के कारण शहर के कई इलाकों में जल आपूर्ति प्रभावित होगी। इसके चलते विभिन्न क्षेत्रों में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है। दिल्ली जल बोर्ड के अनुसार जनकपुरी, विकासपुरी, बुढ़ेला, वसुंधरा एन्क्लेव सोसाइटी, न्यू आशोक नगर, शालीमार बाग, पीतमपुरा, पश्चिम विहार, रमेश नगर, कीर्ति नगर, मानसरोवर गार्डन, सरस्वती गार्डन, मस्जिद मोठ, श्रीनिवास पुरी, रोहिणी, किराड़ी, प्रेम नगर, अमन विहार, निठारी गांव, मुबारकपुर, मयूर विहार, दिलशाद गार्डन, शालीमार पार्क, कर्मपुरा, पंजाबी बाग, मादीपुर, गोविंदपुरी, गोविंदपुरी एक्सटेंशन में जल संकट रहेगा।

# हत्या के मामले में कोर्ट ने तीन को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**सजा का ऐलान**
**साथ ही कोर्ट ने कहा है कि यह मौत की सजा देने के लिए उपयुक्त मामला नहीं है**



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने 2015 के हत्या के एक मामले में तीन लोगों को कठोर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही कोर्ट ने कहा है कि यह मौत की सजा देने के लिए उपयुक्त मामला नहीं है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश विक्रम ने हत्या, डकैती और आपराधिक धमकी के आरोप में दोषी ठहराए गए मोहम्मद आदिल खान, अमित कुमार और शहजाद को सजा सुनाई। मामले में दो आरोपी अज्ञात रहे और उन्हें भगोड़ा घोषित कर दिया गया। अतिरिक्त लोक अभियोजक विनीत दहिया ने कहा कि आरोपी व्यक्तियों ने डकैती की योजना बनाई और 9 जनवरी, 2015 को पीतमपुरा में उनके कार्यालय में पीड़ित को गोली मार दी। दहिया ने अधिकतम दंड की मांग करते हुए कहा कि एक युवक की जान ले ली गई और इस अपराध ने समाज में 'स्तब्ध कर देने वाली लहर' पैदा कर दी। सात फरवरी को अपने फैसले में, अदालत ने कहा कि यह एक "निर्धारित सिद्धांत" है कि मौत की सजा केवल दुर्लभतम मामलों में ही दी जा सकती है। इसमें कहा गया है, "इस मामले के तथ्य सुप्रीम कोर्ट द्वारा प्रतिपादित दुर्लभतम मामलों की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। इन लोगों पर मौर्य एन्क्लेव पुलिस स्टेशन द्वारा मामला दर्ज किया गया था।

# नई सरकार का राजधानी को पहला तोहफा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे के पहले खंड का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। इसे इसी माह अंत तक शुरू करने की योजना बनाई जा रही है। बताया जा रहा है कि दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद पहले खंड को शुरू करने की तारीख तय कर दी जाएगी। इसके शुरू होने जाने से यमुनापार में जाम की समस्या काफी हद कर कम हो जाएगी।

**दो हिस्सों में तैयार किया जा रहा हाईवे**
एक्सप्रेस वे के पहले खंड की लंबाई 32 किलोमीटर है। इसको दो हिस्सों में तैयार किया जा रहा है। एक की लंबाई 14.75 किमी है। यह अक्षरधाम से शुरू होता है और लोनी बॉर्डर पर खत्म होता है। वहीं, दूसरे पैकेज की लंबाई 16.85 किलोमीटर है। यह लोनी से ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे (ईपीई) तक जाता है। पैकेज-एक की लागत 1100 और पैकेज-दो की लागत 1323 करोड़ है।

**उद्घाटन की तारीख तय होना बाकी**
पैकेज-एक में 6.398



किलोमीटर और पैकेज-दो में 11.244 किलोमीटर लंबा एलिवेटिड है। एक्सप्रेसवे को पिछले साल दिसंबर में ही शुरू करने की योजना थी, लेकिन बताया जा रहा है कि एलिवेटेड सेक्शन में वेयरिंग में फॉल्ट होने के कारण शुरू नहीं हो पाया है। वर्तमान में तकनीकी दिक्कत को दूर कर लिया गया है। सूत्रों ने बताया कि अक्षरधाम से लेकर यूपी गेट तक पैकेज-1 में 30 से अधिक वेयरिंग और लोनी से लेकर बागपत तक पैकेज-2 में 50 से अधिक वेयरिंग रिप्लेस करने का काम किया गया। यह काम अब लगभग पूरा हो चुका है। ऐसे में अब एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन की तारीख तय करने को लेकर तैयारियां की जा रही है।

**यमुनापार में कम होगा वाहनों का दबाव...**
बता दें कि एक्सप्रेस-वे से जहां एक ओर यमुनापार में वाहनों का दबाव कम होगा, वहीं दूसरी ओर दिल्ली वालों को इस हिस्से में कोई भी टोल नहीं देना होगा। एक्सप्रेसवे के इस हिस्से में अक्षरधाम, गांधी नगर-गीता कॉलोनी, आईएसबीटी-दिलशाद गार्डन मार्ग, खजूरी पुस्ता मार्ग और सिग्नेचर ब्रिज मार्ग पर एग्जिट और एंट्री पॉइंट बनाए गए हैं। इसमें शास्त्री पार्क रेडलाइट के पास अलग से एक लूप बनाया गया है। इसकी मदद से कश्मीरी गेट बस अड्डे की तरफ से आने वाले वाहनों का हाइवे पर जाना आसान होगा।

**तारीख का इंतजार**
**दिल्ली में नई सरकार के गठन के बाद पहले खंड को शुरू करने की तारीख तय कर दी जाएगी**

इसी तरह से खजूरी खास में भी एग्जिट और एंट्री प्वाइंट बनाए गए हैं। खास बात यह है कि दिल्ली में एक्सप्रेसवे में प्रवेश करने और बाहर निकलने वाले यात्रियों को टोल नहीं देना होगा।

**दिल्ली में एंट्री और एग्जिट होगी आसान**
अधिकारियों ने बताया कि एक्सप्रेस वे के दिल्ली के हिस्से में एट्री और एग्जिट पॉइंट इस हिसाब से बनाया गया है कि दक्षिणी मध्य, उत्तरी और पूर्वी दिल्ली के वाहनों चालकों की आवाजाही आसान हो सके। दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे, विकास मार्ग, गीता कॉलोनी यमुना पुल, शास्त्री पार्क, सिग्नेचर ब्रिज इन सभी मार्गों से आने वाले वाहन चालकों को एक्सप्रेस वे पर चढ़ने के लिए एंट्री पॉइंट बनाए गए हैं।



# संस्थान में शुरू होगा कस्टम हायरिंग सेंटरः सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कृषि ट्रैक्टरों के सीएमवीआर (केंद्रीय मोटर वाहन नियम) के प्रमाणीकरण का सर्टिफिकेट आज से हिसार के उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान से मिलना शुरू हो जायेगा जिससे उत्तर भारत में कृषि जगत से जुड़े निमार्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस संस्थान में आज से कस्टम हायरिंग सेंटर का शुभारंभ भी होने जा रहा है जहाँ से छोटे और सीमांत किसानों के लिए रोटावेटर, सुपर सीडर, लैंड लेवेलर, हल, ट्राली जैसी कृषि मशीनरी को किराए पर लिया जा सकेगा ताकि किसान अपने खेत में उसका उपयोग कर पैदावार बढ़ा सके। मुख्यमंत्री आज हिसार के उत्तरी क्षेत्र फार्म मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में एग्री इंडिया एग्जिबिशन, करनाल द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कृषि दर्शन प्रदर्शनी का शुभारम्भ करने उपरांत किसानो और कृषि जगत से जुड़े अन्य लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने






कहा कि यह प्रदर्शनी हरियाणा सरकार के कृषि मशीनरीकरण अभियान को नई गति देने तथा किसानों को उन्नत कृषि की नई तकनीकों की जानकारी देने में सहायक सिद्ध होगी। जय जवान-जय किसान स्लोगन का उल्लेख करते हुए नायब सिंह सैनी ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें एक और शब्द जोड़ते हुए कहा था जय जवान-जय किसान और जय विज्ञान। अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसके अंदर एक अन्य शब्द जोड़ते हुए कहा है जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान- जय अनुसंधान। मुख्यमंत्री ने कृषि यंत्र निमार्ताओं से आग्रह करते हुए कहा कि किसानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए कृषि में इस्तेमाल होने वाले कुछ ऐसे उपकरण विकसित करें जो उनके लिए किफायती हो। इसके लिए इनोवेशन की महत्ता पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह कार्य कृषि के इंजीनियर और मैन्युफैक्चरर्स मिलकर कर सकते हैं। इसके साथ साथ, उन्होंने किसानों से आग्रह करते हुए कहा कि वे खेती में नई तकनीक, उन्नत बीजों, जैविक खेती को प्राथमिकता देते हुए केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं। जिस प्रकार से पानी का लेवल नीचे जा रहा है इसे ध्यान में रखते हुए किसान जल संरक्षण पर भी ध्यान दें और ज्यादा से ज्यादा स्प्रिंकलर और ड्रिप इरिगेशन की तरफ बढ़ने का काम करें। राज्य सरकार द्वारा ऐसी योजनाओं पर 70% से लेकर 80% तक की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हरियाणा को समृद्ध, आधुनिक और प्रगतिशील राज्य बनाने में किसान भाइयों के अधिकतम योगदान को सुनिश्चित करना चाहती है। हमारा लक्ष्य हर किसान को समृद्ध करना है ताकि किसान पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बने और उसे उसकी मेहनत का पूरा फल मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

## कृषि वैज्ञानिकों व किसानों को मिलकर करने होंगे प्रयासः सीएम सैनी

नायब सिंह सैनी ने कहा कि बदलते दौर के साथ आज कृषि क्षेत्र के समक्ष नई चुनौतियां हैं। भूमि जोत छोटी होती जा रही है, भूमिगत जल स्तर गिर रहा है, जलवायु परिवर्तन का भी फसलों पर कुप्रभाव पड़ रहा है, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए रासायनिक खादों व कीटनाशकों पर निर्भरता बढ़ रही है। इन चुनौतियों से निपटने के लिए सरकार के साथ साथ कृषि वैज्ञानिकों व किसानों को मिलकर संगठित प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार किसानों को ट्रैक्टर, हार्वेस्टर और अन्य कृषि उपकरण उपलब्ध कराने के लिए विशेष योजनाएं लागू कर रही है। छोटे किसानों के लिए मशीनरी को किराये पर उपलब्ध कराने की योजना भी बनाई जा रही है ताकि कम से कम लागत में अधिक उत्पादन हो सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पराली प्रबंधन पर विशेष ध्यान दे रही है। इसके लिए किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन उपकरणों के लिए लगभग 1213 करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़े, इसके लिए हमारी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। हरियाणा ऐसा पहला प्रदेश है जहां किसानों की सभी फसलों को एमएसपी पर खरीदने का काम किया जा रहा है। उन्होंने सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए उठाए जा रहे कदमों का उल्लेख करते हुए कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश के 12 लाख किसानों के खाते में फसल खरीद के लिए 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपए की राशि सीधे उनके खातों में पहुचाई है। यदि 72 घंटे में किसानों को भुगतान नहीं किया जाता है सरकार ब्याज सहित भुगतान करती है। भुगतान में देरी होने के लिए किसानों को लगभग 7 करोड़ रुपये का ब्याज दिया गया है। समारोह में लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कृषि को बढ़ावा देने और किसानों के कल्याण के लिए अनेक योजनाएं शुरू की है।

## न्यूज फ्लैश

### कैंसर से बचाव के लिए हरियाणा में व्यापक स्तर पर प्रयास जारी - नायब सिंह सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कैंसर एक गंभीर बीमारी है, अगर समय पर इसके लक्षणों की पहचान कर ली जाए तो इसका ईलाज संभव है। उन्होंने यह बात अंतरराष्ट्रीय बाल कैंसर दिवस के अवसर पर शनिवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में मिलने पहुंचे कैंसर सर्वाइवर बच्चों, उनके अभिभावकों व चिकित्सकों से बातचीत करते हुए कही। नायब सिंह सैनी ने कैंसर सर्वाइवर बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे बच्चों ने अपने हाथ की छाप से तैयार कलाकृति भी भेंट की, जिस पर हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री ने बाल कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बीते कुछ वर्षों से कैंसर की बीमारी तेजी से बढ़ रही है। हर आयु वर्ग के लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। कैंसर से बचाव में जागरूकता का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इस बीमारी के लक्षणों की समय पर पहचान कर ली जाए और जांच के बाद इसका उपचार संभव है। मुख्यमंत्री ने बच्चों के साथ आए फोर्टिस अस्पताल, गुरुग्राम के चिकित्सकों से भी बातचीत की और बच्चों को इस गंभीर बीमारी से निजात दिलाने में उनके योगदान को प्रशंसनीय बताया। उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार कैंसर के प्रति जागरूकता और पीड़ितों को सहायता देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य कर रही है। हरियाणा राज्य परिवहन की बसों में निशुल्क बस यात्रा और सामाजिक सुरक्षा के लिए मासिक पेंशन भी कैंसर पीड़ितों को दी जा रही है। साथ ही, जागरूकता के लिए राज्य भर में जागरूकता रैलियां, सेमिनारों व स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही अंबाला में अटल कैंसर अस्पताल, पीजीआईएमएस रोहतक, नेशनल कैंसर इंस्टीट्यूट झज्जर व डे-केयर सेंटर्स के माध्यम से कैंसर पीड़ितों को स्वास्थ्य लाभ दिया जा रहा है। इस अवसर पर फोर्टिस अस्पताल से डा. विकास दुआ, डा. अरूण दनेवा, डा. सोहिनी, डा. स्वाति, डा. सुनिशा, डा. यश रावत, अभिषेक शर्मा सहित बच्चों के अभिभावक भी उपस्थित रहे।

### प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने विधायको का किया ज्ञानवर्धन

**चण्डीगढ़ : हरियाणा वि**धानसभा के सदस्यों के लिए लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से हरियाणा विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन आज विधायी कार्यो पर विभिन्न वक्ताओं ने विधायको का ज्ञानवर्धन किया। जिसमें केंद्रीय आवास एवं उर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल, गुजरात विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकर भाई चौधरी, हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह पठानिया, लोकसभा के पूर्व सदस्य डॉ सत्यपाल सिंह और राज्य सभा सचिवालय से अतिरिक्त व सयुक्त सचिव स्तर के अधिकारयों नें अपने-अपनें विचार रखें। केंद्रीय आवास एवं उर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल ने विधायी प्रक्रियों में मंत्रियों की भूमिका विषय पर बोलते हुए अपने साढ़े 9 वर्ष के बतौर मुख्यमंत्री और अब तक 250 दिनों के केंद्रीय मंत्री के रूप में अपने अनुभव विधानसभा सदस्यों के साथ सांझा किए। श्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें हरियाणा प्रदेश की 13वीं व 14वीं विधानसभा में सदस्य के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा करने का सौभग्य मिला है। उन्होंने बताया कि एक बेहतर मंत्री बनने के लिए एक सदस्य को विधायी प्रक्रिया, नियमों और कानूनों के साथ-साथ अपने विभागों के अलावा दूसरे विभागों के महत्वपूर्ण विषयों की भी पूर्ण जानकारी होनी चाहिए। ताकि वें विधानसभा सत्रों के दौरान पूछे जाने वाले प्रश्नों का पूरी जानकारी के साथ उतर दे सके। उन्होंने कहा कि कई बार परिस्थियों अनुसार विधानसभा के माध्यम से नए कानून बनाने की आवश्यकता होती है और कानून में संशोधन भी करना पड सकता है। एसे में एक मंत्री को सम्बंधित कानून के ड्राफट का गहनता से अध्ययन करना चाहिए, ताकि उसके उदेश्यों से भलीभांति परिचित हो सकें। श्री मनोहर लाल ने साधारण बिल व मनी बिल के बारे में भी विधायको को विस्तार से जानकारी दी। इससे पूर्व गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष श्री शंकर भाई चौधरी ने विधायी अनुभव विषय पर अपने अनुभव को सांझा करते हुए कहा कि विधानसभा सवांद करने का एक मंच है न कि वाद-विवाद करने का। उन्होंने कहा कि विधानसभा सदस्य सदन की मयार्दा में रहते हुए अपनी बात रखें और साथ ही अन्य सदस्यों को भी धैर्य के साथ सुनें। उन्होंने कहा कि विधायकों को तथ्यों के आधार पर अपना मजबूत पक्ष रखना चाहिए। क्योकि तथ्यों के आधार पर रखी हुई बात का अधिक प्रभाव होता है। उन्होंने कहा कि तकनीक के बढ़ते उपयोग से विधायको को अपने आपको तैयार करने की आवश्यकता है।

## अरावली की वादियों में सजा है शिल्प मेला

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** फरीदाबाद में गत सात फरवरी से अरावली पर्वत श्रृंखला की खूबसूरत वादियों में चल रहा 38 वां अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला-2025 दिन प्रतिदिन अपने शबाब की ओर बढ़ रहा है, जो 23 फरवरी को सम्पन्न होगा। इस बार 38वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का उद्घाटन केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत ने हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में शुक्रवार 7 फरवरी को अपने कर कमलों से किया था जबकि इसका विधिवत समापन केंद्रीय विदेश मंत्री एस.जयशंकर के कर कमलों से होगा। सूरजकुंड में लगे इस शिल्प महाकुंभ में निरंतर पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है तथा पूरे उत्साह व उमंग के साथ पर्यटक मेले का आनंद ले रहे हैं। शाम के समय पर्यटकों की भीड़ मेला परिसर के हर कोने में देखी जा सकती हैं। मेला में स्थित छोटी व बड़ी और महा चौपाल में पर्यटक देशी व विदेशी कलाकारों की भव्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आनंद उठाते नजर आ रहे हैं। हल्की सर्दी के मौसम के बावजूद पर्यटकों में शिल्प मेला के प्रति काफी रूझान देखने को मिल रहा है।

## रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत लोन लेकर शुरू किया कारोबार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** फरीदाबाद में अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से सरस आजीविका मिशन के तहत लखपति दीदी के स्टॉल पर्यटकों को खूब लुभा रही हैं। इन स्टॉल्स पर विभिन्न राज्यों से आई महिला समूह के सदस्य अपने द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की बिक्री कर रहे हैं। मेला परिसर में स्टॉल नंबर 321 से 373 तक लखपति दीदी की स्टॉल लगाई गई हैं। इन्हीं स्टॉल्स में से पंचकूला से आई सुमन की स्टॉल पर मोटे अनाज से बनाए गए बिस्कुट और लड्डू सहित अन्य खाद्य सामग्री भी पर्यटकों को खूब पसंद आ रही है। सुमन ने लोन लेकर अपना

**स्वरोजगार**

**ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत लखपति दीदी की ओर से लगाई गई हैं स्टॉल**

कारोबार शुरू किया और खुद मालामाल होते हुए दूसरों को रोजगार दे रही हैं।
मेला परिसर में ग्रामीण विकास मंत्रालय की ओर से संचालित लखपति दीदी की स्टॉल परिसर में देशभर के कोने-कोने से आई महिला समूह सदस्यों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न प्रकार के उत्पाद पर्यटकों खासे आकर्षित कर रहे हैं। यहां बिहार, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, सिक्किम, ओडिसा और मध्य प्रदेश से आई महिला समूह सदस्यों द्वारा स्टॉल लगाई गई हैं। इनमें साड़ी, सूट, चद्दरें, बर्तन सहित खाद्य सामग्री बिस्कुट, लड्डू और आचार आदि लोगों को काफी पसंद आ रहे हैं। पंचकूला से आई सुमन ने बताया कि सूरजकुंड मेला में स्टॉल लगाकर वह बहुत खुश हैं। इससे पहले भी फरीदाबद सरस मेले में अपनी स्टॉल लगा चुकी है। उनकी स्टॉल पर अनेक प्रकार की सेहतमंद खाद्य सामग्री उपलब्ध है। इनमें बाजरा, ज्वार, चना सहित अन्य मोटे अनाजों से उत्पाद तैयार किए गए हैं। बाजरे के आटे के लड्डू और बिस्कुट लोगों को खूब पसंद आ रहे हैं। इनके अलावा अन्य उत्पादों की भी बिक्री हो रही है। सुमन ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत 10 महिलाओं का समूह बनाकर बैंक से 5 लाख रुपए का लोन लेकर अपना कारोबार शुरू किया था। उन्होंने बताया कि उनके समूह द्वारा मोटे अनाजों से खाद्य सामग्री तैयार कर बेचा जाता है। उनके द्वारा कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाली गीता जयंती में तीन बार, सूरजकुंड मेला में दूसरी बार व नोएडा, पंचकुला सहित अन्य जगहों पर स्टॉल लगा चुकी हैं। उनके समूह द्वारा उत्पाद लोगों को खूब पसंद आते हैं। मार्किट में उनके उत्पाद की काफी मांग रहती है।

## सांस्कृतिक संध्या में सजी सूफी गायकी की महफिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** फरीदाबाद में 38 वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला में हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग व हरियाणा पर्यटन निगम के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार की सांस्कृतिक संध्या सूफी गायकी के नाम रही। ए.आर. रहमान के के.एम. सूफी एंसेंबल ग्रुप ने बेहतरीन सूफी गायकी से दर्शकों का देर रात तक मन मोहे रखा। हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग व हरियाणा पर्यटन निगम की ओर से मेला परिसर में हर संध्या को शानदार बनाने के लिए

**आनंद उठाया**

**ए.आर. रहमान के के.एम. सूफी एंसेंबल ग्रुप की सूफी गायकी का दर्शकों ने लिया आनंद**

सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रमों का आयोजन 23 फरवरी तक निरंतर किया जा रहा है।
इसमें हर रोज देश-विदेश के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा दी जा रही प्रस्तुतियां दर्शकों को खूब लुभा रही हैं। के.एम. सूफी एंसेंबल ग्रुप ने शुक्रवार संध्या को महा चौपाल पर ख्वाजा मेरे ख्वाजा..., ऐ मेरे दाता ऐ मेरे मौला..., अली मौला... अली मौला... अली-अली, पिया हाजी अली... सहित अनेक सूफी गायकी से पर्यटकों का देर रात तक निरंतर मनोरंजन करते रहे।इन सूफी कलाकारों ने हरियाणा सरकार द्वारा उन्हें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का निमंत्रण देने के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा का धन्यवाद व्यक्त किया है।

## रोहतक में बिजली विभाग की लापरवाही पर कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज द्वारा 2 फरवरी 2025 को राजीव गांधी विद्युत भवन, यूएचबीवीएन, रोहतक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्कल रोहतक के अंतर्गत बिजली सेवा केंद्र में लंबित विद्युत शिकायतों की समीक्षा की और पाया कि कई शिकायतों का समाधान निर्धारित चार घंटे की समय-सीमा में नहीं किया गया था। इस पर उन्होंने कार्यकारी अभियंता, ऑपरेशन सर्कल, यूएचबीवीएन, रोहतक को जांच के निर्देश दिए।

## अब हरियाणा में गुटबाजी थामने के लिए जोर लगाएंगे बीके हरिप्रसाद



**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** कांग्रेस नेतृत्व ने राज्यों के पार्टी प्रभारी बदले है। अब बीके हरिप्रसाद को हरियाणा और रजनी पाटिल को हिमाचल व चंडीगढ़ का प्रभारी नियुक्त किया है। भूपेश बघेल को पंजाब का प्रभारी नियुक्त किया है। पार्टी ने हरियाणा के प्रभारी दीपक बाबरिया की छुट्टी की है। हरियाणा में विधानसभा चुनाव के बीच उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई थी। इसके बाद विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के बाद उन्होंने प्रदेश प्रभारी के पद से इस्तीफे की पेशकश की थी, लेकिन कांग्रेस हाईकमान ने उनका इस्तीफा नहीं लिया था। हाल ही में निकाय चुनाव में उन्होंने कांग्रेस की 4 संगठनात्मक सूची जारी कर कांग्रेस में गुटबाजी को रोकने का प्रयास किया था। हरियाणा में कांग्रेस ने 5 साल के अंतराल में अब तक 3 प्रभारी बदले हैं। 12 सितंबर 2020 को विवेक बंसल को

**जिम्मेदारी**

**हिमाचल, चंडीगढ़ और पंजाब के कांग्रेस प्रभारी बदले भूपेश बघेल पंजाब प्रभारी**

प्रभारी लगाया था। 2023 में बंसल को हटाकर शक्ति सिंह गोहिल को हरियाणा का प्रभारी लगाया गया। वह 6 महीने ही प्रभारी रहे। इसके बाद कांग्रेस ने 9 जून 2023 को दीपक बाबरिया को प्रभारी बनाया। विवेक बंसल से पहले गुलाम नबी आजाद और मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ हरियाणा के प्रभारी रह चुके हैं। कांग्रेस ने जितने भी प्रभारी लगाए हैं, वह आज तक हरियाणा में कांग्रेस की गुटबाजी को खत्म नहीं कर पाए। बीके हरिप्रसाद के सामने सबसे बड़ी चुनौती गुटबाजी को थामने की ही रहेगी।

## चुनाव से पहले ही हार मान चुकी कांग्रेसः सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** राज्यसभा सांसद एवं गुरुग्राम चुनाव प्रभारी सुभाष बराला ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा को विजयमिलना तय है। उन्होंने कहा कि भाजपा निकाय चुनाव को गंभीरता से ले रही है। बराला ने दावा करते हुए कहा कि मेयर, चेयरमैन व सभी पार्षद भाजपा के चुने जाएंगे और हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी। शनिवार को भाजपा कार्यालय गुरुकमल में सांसद सुभाष बराला ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कांग्रेस को भी घेरा। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव में जनता कांग्रेस



को नकार चुकी है और कांग्रेस भी पहले ही हार मान चुकी है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल यादव भी उपस्थित रहे। नगर निकाय चुनाव में उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद कार्यकताओं की बैठक लेने गुरुग्राम पहुंचे राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि निकाय चुनाव में भाजपा विकास और सुशासन के मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी और मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील करेगी। बराला ने कहा कि हमारा संकल्प पत्र जल्द ही जारी कर दिया जाएगा। मानेसर नगर निगम क्षेत्र के प्रत्याशियों के नामों की घोषणा भी जल्द हो जाएगी। सुभाष बराला ने कहा कि चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकताओं में उत्साह है। जनता के आशीर्वाद और कार्यकताओं के परिश्रम से गुरुग्राम के सभी 36 वार्डों में कमल खिलेगा और मेयर भी भाजपा का ही बनेगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि विधानसभा का चुनाव बीत गया, सेशन बीत गया, कांग्रेस पार्टी ने अब तक विपक्ष का नेता नहीं चुना। बराला ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर भी कांग्रेस गंभीर दिखाई नहीं दे रही है।

## ट्रिपल इंजन की हरियाणा में बनेगी सरकार, तीन गुणा तेजी से होगा विकास : पंडित मोहन

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** नगर निकाय चुनाव में भाजपा उम्मीदवारों की सूची जारी होने के बाद भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा में ट्रिपल इंजन की सरकार बनेगी और तीन गुणा तेजी से प्रदेश का विकास होगा। कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अब कोई पूछने वाला नहीं है, जनता हर वार्ड में कमल खिलाएगी। उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन की सरकार बनाकर क्षेत्र के विकास में सहयोग करें। श्री बड़ौली ने कहा कि नगर निकाय चुनाव में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

**तीन गुणा**

**कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अब कोई पूछने वाला नहीं है, जनता हर वार्ड में कमल खिलाएगी**

और वे खुद तथा पार्टी के अन्य नेता चुनाव के मैदान में उतरकर प्रत्याशियों के लिए प्रचार-प्रसार करेंगे और नोमिनेशन भी कराएंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि निकाय चुनाव को लेकर हरियाणा में भाजपा के पक्ष में एकतरफा माहौल बना हुआ है। भाजपा हर चुनाव को गंभीरता से लड़ती है, इसलिए सभी वार्डों में कमल खिलाने के लिए भाजपा की टीम तैयार है। श्री बड़ौली ने कहा कि स्थानीय चुनाव में बहुत सारे मुद्दे होते हैं। हर क्षेत्र के हिसाब से भाजपा मुद्दों को शामिल करके संकल्प पत्र जारी करेगी। भाजपा संकल्प पत्र में शामिल मुद्दों और गारंटियों को गारंटी के साथ पूरा करेगी।

श्री बड़ौली ने कहा कि भाजपा जो कहती है वह करके दिखाती है। जनता ने भाजपा के विकास कार्यों और रीति नीतियों से प्रभावित होकर तीसरी बार प्रदेश में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है।

## हरियाणा के शहरी निकाय चुनाव दंगल में आम आदमी पार्टी ने भी ठोकी ताल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा में शहरी निकाय चुनाव के अखाड़े में आम आदमी पार्टी भी उतरी है। भाजपा के बाद आम आदमी पार्टी ने मेयर, चेयरमैन और पार्षद उम्मीदवारों का ऐलान किया है। इसमें 2 मेयर, 4 चेयरमैन और 15 पार्षद उम्मीदवार शामिल हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी पिछले साल 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कोई उम्मीदवार जिताने में कामयाब नहीं हुई थी। इससे पहले भाजपा ने शुक्रवार को निकाय चुनावों के लिए उम्मीदवारों की 2 सूची जारी की थी। भाजपा ने नगर निगम में मेयर पद के लिए 10 में से 9 और 28 नगर परिषद और पालिकाओं में चेयरमैन पद के लिए 19 उम्मीदवार उतारे



हैं।भाजपा ने मानेसर को छोड़कर 9 नगर निगमों में मेयर उम्मीदवारों की सूची जारी की है। 9 निगमों में से 6 में भाजपा ने महिला उम्मीदवारों को टिकट दी है। इसमें गुरुग्राम, फरीदाबाद, करनाल, अंबाला, पानीपत और यमुनानगर में महिलाओं को मेयर प्रत्याशी बनाया है। भाजपा ने गुरुग्राम में मेयर प्रत्याशी बदलकर राव इंद्रजीत की पसंद को तरजीह दी है। वहीं करनाल और सोनीपत में भाजपा ने नाराज बड़े नेताओं को मेयर प्रत्याशी बनाकर क्षतिपूर्ति का प्रयास किया है। इसके अलावा हिसार में दो पूर्व मंत्री सावित्री जिंदल और कमल गुप्ता की पसंद से अलग संगठन की पसंद को

**ठोकेंगे ताल**

**आप पिछले साल 2024 के लोकसभा और विधानसभा चुनाव में कोई उम्मीदवार जिताने में कामयाब नहीं हुई थी**

तरजीह दी है। अंबाला में शक्ति रानी शर्मा के विधायक बनने से खाली हुई मेयर सीट के लिए पंजाबी समाज से आने वाली सैलजा सचदेवा को टिकट दिया गया है। भाजपा ने जातीय संतुलन को भी साधने का प्रयास किया है।

भाजपा की दूसरी संशोधित सूची में गुरुग्राम से मेयर प्रत्याशी बदला गया है। पहली सूची में पूर्व सांसद डॉक्टर सुधा यादव की करीबी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी को गुरुग्राम से मेयर प्रत्याशी बनाया गया। इस नाम से केंद्रीय राज्य मंत्री राव इंद्रजीत सिंह नाराज थे। उनकी नाराजगी का आभास भाजपा केंद्रीय नेतृत्व को हो गया। दूसरी बार जारी सूची में राव इंद्रजीत का प्रभाव दिखाई दिया। उषा प्रियदर्शी की जगह महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजरानी मल्होत्रा को मेयर प्रत्याशी बनाया गया।

महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष उषा प्रियदर्शी गुरुग्राम में बाहरी नेता हैं। हरियाणा में चुनाव लड़ने के नियम भी वह पूरे नहीं करती हैं। उषा के पिता रोहिताश्व शर्मा राजस्थान के बानसूर विधानसभा से पूर्व विधायक हैं।

# पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में करेंगे धुंआधार प्रचार - अनिल वर्मा

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** भारतीय जनता पार्टी के नगर परिषद की चेयरपर्सन सहित सभी उम्मीदवारों की जीत के लिए एक- तरफा माहौल तैयार करने के उद्देश्य से सभी 32 वार्डों में बड़े नेताओं ,पार्टी पदाधिकारियों और ज्येष्ठ - श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा धुआंधार प्रचार किया जाएगा।उक्त वक्तव्य बीजेपी नेता और भाजपा कला व सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने दिया।अनिल वर्मा ने कहा टिकट की दावेदारी के पश्चात जिन उम्मीदवारों को पार्टी ने चुनाव लड़ने के लिए चुना है उनको शुभकामनाएं देने के साथ- साथ सबके द्वारा पूरी तरह से समर्थन दिया जाएगा ताकि आगामी 12 मार्च को एक बार फिर थानेसर



सहित पूरे प्रदेश में कमल खिलने की खुशी में जश्न मनाया जा सके।अनिल वर्मा ने कहा कि पूर्व मंत्री सुभाष सुधा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुशील राणा,पूर्व चेयरपर्सन उमा सुधा,युवा नेता साहिल सुधा सहित सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता 2 मार्च को वोटिंग वाली तारीख तक दिन रात एक करते हुए कमल खिलाने के मिशन में जुट जाएंगे।अनिल वर्मा ने कहा कि सोमवार 17 मार्च को सभी प्रत्याशियों के नामांकन के दिन भी भारी संख्या जनसमूह नामांकन स्थल से तय शुदा दूरी पर उपस्थित रहेगा।अनिल वर्मा ने कहा कि यद्यपि उन्होंने भी वार्ड 30 से चुनाव लड़ने की इच्छा व्यक्त करते हुए आवेदन

**चुनाव में जुटे**

**आगामी 12 मार्च को एक बार फिर थानेसर सहित पूरे प्रदेश में कमल खिलने की खुशी में जश्न मनाया जा सके**

दिया था मगर पार्टी ने उनको चुनावों में अन्य महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपने का आश्वासन देते हुए चुनाव लड़ने के लिए वेद प्रकाश कुम्हार को टिकट दे दिया।अनिल वर्मा ने कहा कि चुनावों के दौरान पार्टी उनको जो जिम्मेदारी देगी उसको वो पूरी तन्मयता से निभाते हुए पार्टी के प्रत्याशियों को विजयी बनाने का प्रयास करेंगे।उल्लेखनीय है कि अनिल वर्मा पूर्व में हरियाणा सरकार में सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी थे और गत वर्ष जनवरी में अपनी वास्तविक सेवानिवृत्ति तिथि से नौ वर्ष पूर्व स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लेकर भाजपा में शामिल हुए थे।इसके अतिरिक्त वो नगर की प्रसिद्ध उत्थान सामाजिक संस्था के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं और समाज उत्थान और जनजागृति कार्यक्रमों में प्रमुखता से तल्लीन रहते हैं।अनिल वर्मा लेखक और कवि भी हैं और उनकी रचनाएं विभिन्न पत्र - पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती हैं।यहां यह भी उल्लेखनीय है कि गत वर्ष फरवरी माह में अनिल वर्मा को भाजपा के तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष और वर्तमान में प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सैनी ने ही पटका पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया था।

# केयूके स्टार ने केयूके स्पार्टन को सेमीफाइनल में हराया

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के केयू सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के खेल मैदान में खेले गए गैर-शिक्षक अनौपचारिक प्रतियोगिता के मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए केयूके स्पार्टन ने निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 162 रन का लक्ष्य विपक्षी टीम को दिया। मैच में कप्तान हरीश गैरोला ने 37 व शिव शर्मा ने 34 रन बनाए। केयूके स्टार की ओर से कपिल थापा ने 3, दीपक व जोनी वत्स ने 1-1 विकेट लिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी केयूके स्टार की ओर से उपकप्तान शमशेर सिंह ने 27 गेंदों में 2 छक्के व 6 चौके लगाकर 55 रन की अहम पारी खेली। दूसरे



बल्लेबाज जोनी वत्स ने भी साथ निभाते हुए 23 गेंदों में 1 छक्का व 2 चौके लगाकर 31 रन बनाकर मैच को आसान बना दिया। अमीर खान ने 18वें ओवर की अंतिम गेंद पर गगनचुम्बी छक्का लगाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। शानदार बल्लेबाजी के लिए शमशेर चौहान को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। इस जीत के साथ केयूके स्टार इलेवन फाइनल में प्रवेश करने वाली पहली टीम बन गई है। इसके साथ ही दूसरी टीम के फाइनल में जगह बनाने के लिए केयूके अकाउंट्स व केयूके स्पार्टन के बीच 23 फरवरी को मैच खेला जाएगा।

## न्यूज फ्लैश

### नगर निगम चुनावों में भाजपा की होगी रिकॉर्ड तोड जीत : बृज गुप्ता



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल।** भाजपा ने नगर निगम चुनावों के लिए मेयर एवं वार्ड पार्षद के प्रत्याशियों की लिस्ट जारी कर दी है। भाजपा हाईकमान ने करनाल नगर निगम में मेयर पद के लिए रेणु बाला गुप्ता पर फिर से विश्वास जताते हुए तीसरी बार अपना प्रत्याशी घोषित किया है। आज भाजपा जिला कार्यालय कर्ण कमल में नगर निगम चुनावों को गति प्रदान करने एवं नोमिनेशन प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु भाजपा की टिकट पर चुनाव लडने वाले पार्षद पद के प्रत्याशियों की बैठक भाजपा करनाल जिला कार्यकारी अध्यक्ष बृज गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बृज गुप्ता ने बताया कि करनाल नगर निगम के मेयर के लिए एवं सभी वार्डों के प्रत्याशी 17 तारीख को अपना नामांकन पत्र दाखिल भरेंगे। नामांकन से पूर्व भाजपा के चुनावी कार्यालय रेलवे रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में होगा हवन। इस मौके पर प्रदेश के वरिष्ठ नेतागण एवं मंत्री भी शामिल रहेंगे। बैठक में सभी वार्डों से पार्षद पद के प्रत्याशियों को जिलाध्यक्ष बृज गुप्ता एवं करनाल जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल का मार्गदर्शन मिला। कार्यकारी जिला अध्यक्ष बृज गुप्ता एवं जिला प्रभारी भारत भूषण जुआल ने कहा कि पूर्व में विधानसभा चुनावों में हुई ऐतिहासिक जीत की तरह भाजपा अब नगर निगम के चुनावों में इतिहास रचने जा रही है। उन्होंने कहा कि करनाल जिला की सभी पांचों विधानसभा की जीत को दोहराते हुए करनाल नगर निगम का मेयर तीसरी बार फिर से भाजपा का बनेगा और करनाल नगर निगम के सभी 20 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल करेंगे। उन्होंने इस मौके पर सभी प्रत्याशियों को चुनावों में जीत का मंत्र देते हुए कहा कि सभी से सबका साथ सबका विकास के मूल मंत्र पर चलते हुए सभी वर्गों के लोगों से तालमेल बनाकर सबको साथ लेकर चुनावी नैया को पार लगाना है। इस मौके पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ,भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक भंडारी, कृष्ण गर्ग, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार, कर्ण मंडल अध्यक्ष नवीन बत्रा, शहरी मंडल अध्यक्ष मोहन लोधी, अर्बन मंडल अध्यक्ष गौरव खुराना, अनिल चौहान अध्यक्ष कुंजपुरा मंडल एवं भाजपा की टिकट पर वार्ड चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पैंथर ने अपने लेटेस्ट सिंगल ट्रैक उत्तर प्रदेश को रिलीज किया

**लुधियाना: भारत के हिपहॉप** उद्योग में बेमिसाल हस्ती अनुभव शुक्ला उर्फ पैंथर ने अपना लेटेस्ट ट्रैक उत्तर प्रदेश को रिलीज किया है।यह ट्रैक पहले से ही उद्योग में हलचल मचा रहा है।यह बेहतरीन गाना भारत के हृदय की सांस्कृतिक धड़कन को श्रद्धांजलि दे रहा है जिसमें जबरदस्त बीट्स के साथ शुद्ध हिपहॉप की बेजोड़ ऊर्जा है।बोल्ड और ऑथेंटिक आवाज में उत्तर प्रदेश एक अत्यधिक जोशीला गीत है जिसमें आकर्षक वाईब्स के साथ इस क्षेत्र की शुद्ध भावना को आत्मसात किया गया है। इसकी पहली बीट्स से ही आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। पैंथर ने केवल सोनी म्यूजिक के साथ साईन करके भारतीय हिपहॉप के परिदृश्य में अपनी ट्रेलब्लेजर की पहचान को मजबूत किया है।पैंथर अपने धारदार अंदाज और जबरदस्त धाराप्रवाह के साथ भारतीय हिपहॉप के क्षेत्र में अपना दबदबा बनाते हुए एक बार फिर हलचल मचा रहे हैं। उत्तर प्रदेश एक जोशीला ट्रैक है जिसमें संक्रामक बीट्स के साथ बेमिसाल रैप है जो उनकी मातृभूमि की ऑथेंटिक वाईब्स पेश करता है।यह गाना उत्तर प्रदेश की भावनाओं के सार को समर्पित है। इस म्यूजिक वीडियो में इस राज्य की भव्यता को जीवंत किया गया है।लखनऊ के रूमी दरवाजा से लेकर वाराणसी के घाट तक दिखाए गए हैं। इस गाने का हर फ्रेम उत्तर प्रदेश की समृद्ध संस्कृति,इतिहास और गर्व को सिनेमैटिक श्रद्धांजलि देता है।तो इस सफर का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो जाईये जो इतिहास, हिपहॉप और गर्व का बेजोड़ मेल करता है। उत्तर प्रदेश बनाने की प्रेरणा के विषय में पैंथर ने कहा यह गाना उत्तर प्रदेश का होने की शुद्ध ऊर्जा,गर्व और स्वैग को पेश करता है।इस गाने में यहाँ के लोगों का अंदाज है। वह आत्मविश्वास है जो उत्तर प्रदेश की हर गली और हर व्यक्ति में पाया जाता है। इस गाने के माध्यम से मैंने उत्तर प्रदेश की भावना को सम्मानित किया है।

# संयुक्त छात्र मोर्चा ने वीसी को सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जो विद्यार्थी पुनः मूल्यांकन के लिए फॉर्म भरते है, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उनका रिजल्ट उस टाइम घोषित करता है जब विद्यार्थी री-अपीयर का फॉर्म भर देते है, यहां तक की री-अपीयर का पेपर भी दे देते है, तब पुनः मूल्यांकन का रिजल्ट आता है 2-3 महीने में, जिसकी वजह से विद्यार्थियों पर मानसिक और आर्थिक रूप से दबाव पड़ रहा है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में संयुक्त छात्र मोर्चा ने वीसी को ज्ञापन सौंपा। जिसमें छात्र नेता भारत बराड़ ने कहा कि जो विद्यार्थी पुनः मूल्यांकन के लिए फॉर्म भरते है, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय उनका



रिजल्ट उस टाइम घोषित करता है जब विद्यार्थी री-अपीयर का फॉर्म भर देते है, यहां तक की री-अपीयर का पेपर भी दे देते है, तब पुनः मूल्यांकन का रिजल्ट आता है 2-3 महीने में, जिसकी वजह से विद्यार्थियों पर मानसिक और आर्थिक रूप से दबाव पड़ रहा है, क्योंकि पहले तो विद्यार्थी पुनः मूल्यांकन का फॉर्म भरते है, रिजल्ट ना आने की वजह से फिर री-अपीयर का भी भरना पड़ता है । इसलिए हमारी ये मांग है कि पुन मूल्यांकन का रिजल्ट री-अपीयर के फॉर्म भरने से पहले या पुनःमूल्यांकन का फॉर्म भरने के 1

**मांग**

**2-3 महीने में, जिसकी वजह से विद्यार्थियों पर मानसिक और आर्थिक रूप से दवाब पड़ रहा है**

महीने के अंदर जारी होना चाहिए, ताकि किसी भी विद्यार्थी को कोई भी समस्या का सामना न करना पड़े और रिजल्ट ब्रांच ग्यारह बजे खुलती है, जो विद्यार्थी दूर-दूर से रिजल्ट ब्रांच में आते हैं, उनको काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है इसलिए हमारी ये मांग है कि रिजल्ट ब्रांच दस बजे खुलनी चाहिए।

# लाखों रुपये कीमत का सामान चोरी, मुकदमा दर्ज

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सदर** थाना क्षेत्र में हरसाना पावर हाउस के लाइन पर कार्य स्थल से लाखों रुपये कीमत के सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। लाइन लगा रही कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। उधम नगर यूके निवासी दीपक चंद्र ने बताया कि यहां पर पावर ग्रिड नरेला कंपनी की तरफ से मेरठ-भिवानी लीलो ट्रांसमिशन लाइन का निर्माण कार्य चल रहा है। जोकि हरसाना

**सामान चोरी**

**लाइन लगा रही कंपनी के अधिकारी ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। मुकदमा दर्ज**

पावर हाउस के पास से गुजर रही है। इस दौरान लाइन के काम को लेकर डेड इंड प्रेस करके रखा था। सुबह देखा तो 18 तार से लगभग 2.2 केमएम कंडक्टर व डेडनाट गायब मिले। जिनकी कीमत करीब आठ लाख 20 हजार के करीब है।

# यातायात पुलिस ने अभियान के तहत काटे चालान

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत:** यातायात पुलिस सोनीपत का सड़क सुरक्षा स्पेशल अभियान लगातार पांचवे दिन भी जारी रहा। इसके तहत सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु भारी वाहनों को लेन ड्राइविंग (बाँई लेन) में चलने के नियमों की उल्लंघना करने पर 92 वाहनों के चालान व बुलेट पटाका के 6 चालान कर 61 हजार रुपये का जुर्माना किया गया। पुलिस की तरफ से भारी वाहन चालकों को गाड़ी बाईं लाइन में चलाने हेतु किया जा रहा है। ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके व शहर में बुलेट बाइक से पटाखे बजाने वाले के चालान काटे गए। जिले में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने, वाहनों के सुचारू–रूप से आवागमन हेतु भारी वाहन व गति प्रतिबन्धित (निर्धारित

**जुर्माना**

**92 वाहनों के चालान व बुलेट पटाका के 6 चालान कर 61 हजार रुपया का जुर्माना किया गया**

गति सीमा) वाहन के लिए लेन ड्राइविंग (बाईं लेन) निर्धारित करने व बाईं लेन में चलने हेतु वाहन चालकों को कर आवश्यक कार्यवाही करने एवं इस अभियान को सफल बनाने के लिए पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए कि मोटर वाहन अधिनियम–2017 की धारा 4 के भाग 5 अन्तर्गत सुनिश्चित करेंगे।

# उप सिविल सर्जन अधिकारी का प्रसूति विभाग में औचक निरीक्षण

टीम एक्शन इनंडिया

**सोनीपत: जिला** नागरिक अस्पताल में शुक्रवार को उप सिविल सर्जन डा. आशा सहरावत ने प्रसूति विभाग का दौरा किया। उन्होंने परिवार नियोजन से संबंधित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए चिकित्सक व नर्सिंग अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इसके लिए अस्पताल में आने वाली महिलाओं को जागरूक किया जाए। बता दें कि अस्पताल में महिलाओं के गर्भ निरोधक के लिए कॉपर-टी और प्रसवोत्तर अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (पीपीआईयूसीडी) की सुविधा दी जा रही है। अंतरा

**निर्देश**

**संबंधित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए चिकित्सक व नर्सिंग अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए**

इंजेक्शन 90 दिन तक गर्भ निरोधक के लिए कारगर है। यह इंजेक्शन हर तीन महीने बाद लगाया जाता है। माला-डी की एक-एक गोली रोजाना लेनी होती है। वहीं, छाया की गोलियां सप्ताह में दो बार लेनी होती हैं। तीन माह बाद महिलाओं को सप्ताह में छाया की एक गोली लेनी होती है। उप सिविल सर्जन ने सेक्टर-7 स्थित पॉलीक्लीनिक में बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मी (एमपीएचडब्ल्यू) की बैठक ली।

उन्होंने पुरुष नसबंदी के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ स्वास्थ्य निरीक्षक बलबीर सिंह, मनीष दहिया भी मौजूद रहे। परिवार नियोजन के लिए कॉपर-टी कभी भी लगाई जा सकती है। विभाग की ओर से महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।

# अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: क्राइम** यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत पुलिस ने अवैध हथियार की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकुश निवासी नरेला दिल्ली का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। मुख्य सिपाही नवीन ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान गांव सनपेड़ा मोड़ पर मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक संदिग्ध हालत में पाया गया।

उसे काबू कर उसकी तलाशी ली। उसके पास एक देशी पिस्तौल व 11 जिंदा रौंद बरामद हुए। आरोपित के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया।

# एप्प के जरिये नकली मैसेज भेजकर धोखाधड़ी

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर मलिक

**कुरुक्षेत्र :** जिला पुलिस ने एप्प के जरिये नकली मैसेज भेजकर दुकानदार से धोखाधड़ी करने के तीन आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला के मार्ग निर्देश में अपराध अन्वेषण शाखा-1 की टीम ने एप्प के जरिये नकली मैसेज भेजकर दुकानदार से धोखाधड़ी करने के आरोपी जोरावर उर्फ जोरा वासी सीवन जिला कैथल, अंकुश वासी पीडल जिला कैथल व शेखर बाबा वासी सीवन जिला कैथल को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में गिरफ्तार किया है । जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि 10 फरवरी



को थाना कृष्णा गेट पुलिस को दी अपनी शिकायत में नरेश कुमार वासी ज्योतिनगर कुरुक्षेत्र ने बताया कि उसका रोटरी चौक छोटा बाजार कुरुक्षेत्र मे जनरल स्टोर है। दिनांक 5 फरवरी 2025 को शाम को लगभग 8 बजे दो लडके उसकी दुकान पर नोटों का हार लेने के लिये आए। जिनकी कुल पेमेंट 11 हजार रुपए थी, उन्होंने हार की पेमेंट गुगल-पे के माध्यम से करने के लिये कहा। उन्होंने पेमेंट करके मोबाईल मे उसे स्क्रीनशाट दिखा दी औ? वो हार लेकर चले गये। जब उसने अपने खाते मे गुगल-पे की पेमेंट का मिलान किया तो वो खाते मे पेमेंट नही आई। उन्होंने जो स्क्रीनशाट दिखाया था वो नकली था। जिसकी शिकायत पर थाना कृष्णा गेट मे मामला दर्ज करके जांच जांच अपराध अन्वेषण शाखा-1 द्वारा की गई । दिनांक 15 फरवरी को अपराध अन्वेषण शाखा-1 प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार के मार्ग-निर्देश मे उप निरीक्षक सुधीर, सहायक उप निरीक्षक नरेश कुमार, हवलदार मंदीप व बलवंत सिंह की टीम ने एप्प के जरिये नकली मैसेज भेजकर दुकानदार से धोखाधड़ी करने के आरोपी जोरावर उर्फ जोरा वासी सीवन जिला कैथल, अंकुश वासी पिडल जिला कैथल व शेखर बाबा वासी सीवन जिला कैथल को माननीय अदालत से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर मामले में

# बार एसोसिएशन चुनाव, नामांकन की प्रक्रिया पूरी

टीम एक्शन इंडिया

**सोनीपत: सोनीपत** बार एसोसिएशन के चुनाव के लिए शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया को पूरा कर लिया गया। बार की चौधर पाने के लिए प्रधान पद व उप प्रधान पद के लिए तीन-तीन अधिवक्ताओं ने अपना नामांकन दाखिल किया है। पूर्व प्रधान अनिल दूल ने एक बार फिर से नामांकन करके मैदान में उतरे है। जबकि इसे पहले प्रधान पद का चुनाव लड़ चुके कमल हुड्डा ने फिर से नामांकन किया है। सचिव पद के लिए सबसे ज्यादा चार अधिवक्ताओं ने नामांकन किया। जबकि सह सचिव व कोषाध्यक्ष

**पर्चा दाखिल**

**सचिव पद के लिए चार अधिवक्ताओं ने नामांकन किया। दो-दो अधिवक्ताओं ने नामांकन किया**

के लिए दो-दो अधिवक्ताओं ने नामांकन किया है। जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 28 फरवरी को होगा। वरिष्ठ अधिवक्ता पवन दहिया को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। वह इससे पहले दो बार गुरुग्राम बार एसोसिएशन के चुनाव अधिकारी रह चुके हैं।

# बराड़ा के गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में स्टैम मेला आयोजित

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंड्री स्कूल बराड़ा में स्टैम मेला 2025 का आयोजन किया गया। मेले में विद्यार्थियों ने स्टैम मंच द्वारा संचालित विज्ञान और गणित पर आधारित विभिन्न प्रोजेक्ट और मॉडल की प्रदर्शनी लगाई। स्टैम मंच मेले में स्कूल के सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यार्थियों ने चार्ट व अन्य सहायक साधनों द्वारा प्रोजेक्ट के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी को प्रदान किया। स्कूल की



प्रधानाचार्य मंजू बाला ने यह कहा कि यह प्रोग्राम सरकार द्वारा चलाए गए सराहनीय प्रोजेक्ट में से एक है। इससे विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। इस स्टैम मेले को सफल बनाने के विकास शर्मा व अन्य अध्यापकों ने मुख्य भूमिका निभाई। इस अवसर पर एसएमसी सदस्य एवं कई अभिभावक भी उपस्थित रहे

# छात्र-छात्राओं को बाल विवाह और मासिक धर्म प्रबंधन पर किया गया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, (कमाल हुसैन )

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत और एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा चलाए जा रहे "स्वास्थ्य सखी अभियान" के तहत आज राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बॉयज नौल्था और राजकीय उच्च विद्यालय डिकाडला में छात्र छात्राओं को बाल विवाह और मासिक धर्म प्रबंधन पर किया गया जागरूक। बाल विवाह मुक्त भारत से ही होगा सशक्त और विकसित भारत का सपना पूरा - संजय कुमार, जिला समन्वयक एमडीडी ऑफ इंडिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पानीपत, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग,



महिला एवं बाल विकास विभाग तथा एम डी डी आफ इंडिया संस्था के संयुक्त तत्वावधान में राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नौल्था में माहवारी स्वच्छता एवं प्रबंधन और बाल विवाह विषय पर छात्राओं और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बॉयज नौल्था और राजकीय उच्च विद्यालय डिकाडला में छात्रोंके साथ बाल विवाह, बाल श्रम विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक संजय कुमार ने बाल विवाह पर बोलते हुए कहा कि बाल विवाह बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास में सबसे बड़ी रुकावट है और उल्टे बच्चों के अधिकारों पर कुठाराघात है। हम बाल विवाह नामक बुराई को खत्म करके ही सशक्त और विकसित समाज का निर्माण कर सकते हैं। बाल विवाह निरोधक अधिनियम 2006 के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें बाल विवाह मुक्त भारत बनाने को लेकर शपथ दिलाई। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम को लेकर कहा कि इस अधिनियम का पालन करना सभी की जिम्मेदारी बनती है तथा यह अधिनियम लड़कियों को उनके सपनों को साकार करने में मदद करता है। स्वास्थ्य विभाग से काउंसलर कुलदीप ने छात्राओं को बताया कि माहवारी का चक्र 21 से 31 दिन का हो सकता है तथा इसकी शुरुआत 8 साल से 17 साल की आयु में होती है तथा 45 साल से 55 साल की आयु में माहवारी प्रक्रिया बन्द हो जाती है। तथा माहवारी 3 दिन से 7 दिन की हो सकती है।

यह सभी किशोरियों, लड़कियों, महिलाओं की शारीरिक संरचना के अनुसार अलग अलग हो सकती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस विषय पर छात्राओं को एक जागरूकता फिल्म भी दिखाई गई। सामुदायिक कार्यकर्ता पायल ने बताया कि माहवारी के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए।

**पौष्टिक**

**सामुदायिक कार्यकर्ता पायल ने बताया कि माहवारी के दौरान पौष्टिक आहार का सेवन करना चाहिए**

## संपादकीय

# भारत, रूस और अमेरिका के बीच नए समीकरण

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र** मोदी के पेरिस और वॉशिंगटन दौरे के बाद आस बंधी है कि भारत में अनवरत विद्युत और गैस सप्लाई से आर्थिक विकास दर में वृद्धि होगी। एक समय उद्यमी अपने कल-कारखाने में उत्पादन कार्य से पहले अनवरत विद्युत सप्लाई के लिए भागदौड़ में जुटा रहता था। आज एक ओर क्लाइमेट चेंज के कारण कार्बन रहित विद्युत उत्पादन पर जोर दिया जा रहा है, वहीं आणविक विद्युत सप्लाई के लिए बड़े संयंत्र की जगह छोटे आणविक संयत्रों की मांग बढ़ रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दौरे के पहले पड़ाव में पेरिस में फ्रांस के राष्ट्रपति एमेन्युअल मैक्रो से द्विपक्षीय वार्ता में रिन्युअल एनर्जी के अंतर्गत छोटे आणविक संयंत्रों की सप्लाई पर अहम समझौता कर कार्बन रहित संस्कृति को गति दी है। इससे निःसंदेह मोदी के मेक इन इंडिया मंत्र को नई दिशा मिलेगी, वहीं देश के विभिन्न राज्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर खड़े किए जा सकेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए चौबीसों घंटे अनवरत विद्युत आपूर्ति की जरूरत होगी, जो डाटा सेंटर और विशाल कंप्यूटर सेंटर को सजीव रख सके। भारत के आर्थिक विकास में ऊर्जा के क्षेत्र में कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति एक प्राथमिकता है। आने वाले दिनों में भारत की ऊर्जा, विशेषकर कच्चे तेल की माँग चीन से ज्यादा होगी। इंटरनेशनल एनर्जी एजेंसी की मानें तो निःसंदेह तीन सालों में भारत के कारोबार में वृद्धि होने से परिवहन और उद्योग में कच्चे तेल की माँग बढ़ेगी, एक तेजी से खड़ी होने वाली भारतीय इकॉनमी के लिए परिष्कृत ऊर्जा और और विद्युत ऊर्जा की जरूरत होगी। पेरिस आधारित इस एजेंसी के अनुसार भारत को मौजूदा 15.380 करोड़ बैरल से बढ़ कर 2030 में 16.640 करोड़ बैरल प्रतिदिन की जरूरत होगी। मोदी ने वार्ता के दौरान अगले पाँच सालों में विकसित भारत-2047 तक दोगुने व्यापार की उम्मीद जताई है। बता दें, मोदी और ट्रम्प वार्ता के दौरान व्यापार संधि में भारत ने अमेरिका से कच्चा तेल खरीदने पर सहमति जताई है। भारत अमेरिका से कितना तेल और गैस खरीदेगा, इस पर विचार जारी है। दुनिया में कच्चे तेल के आयात में चीन और अमेरिका के बाद भारत तीसरा बड़ा आयातक देश है। मोदी-ट्रम्प वार्ता में ऊर्जा: कच्चे तेल पर आधारित भारतीय इकॉनामी को पाँच खरब की इकॉनामी बनने के लिए अमेरिका से होकर क्षितिज पर पहुँचना होगा। दुनिया में तेल के आयात में भारत तीसरा (10.1 %) बड़ा देश है। भारत ने 2023-24 में 88% तेल के आयात पर निर्भर रहा। 2023-24 में कच्चे तेल का बिल 139.3 अरब डॉलर था, जो भारत के कुल आयात मूल्य 678 डॉलर का 21 प्रतिशत कहा जा सकता है। इसमें तेल आधारित उत्पाद नहीं है। भारत खुद तेल आधारित उत्पाद बना कर यूरोपीय देशों को निर्यात करता है और 23.3 अरब डालर अर्जित करता है। इसमें एलपीजी 10.5 अरब डॉलर, 22.1 अरब डॉलर के हाई स्पीड डीजल और 11.2 अरब डॉलर मोटर स्पिरिट है। ऐसे में कच्चे तेल की कीमतें गिरती हैं, निश्चित तौर पर भारत लाभान्वित होगा। अभी तक तेल की कीमतों को प्रभावित करने में खाड़ी में तेल उत्पादक देशों और ओपेक प्लस देशों में रूस, अमेरिका सहित ऐसे आधा दर्जन देश हैं, जो तेल का उत्पादन करते हैं।

# यू.एस. इंडिया कॉम्पैक्ट चुनौतियाँ और अवसर

-डॉ. सत्यवान सौरभ


> "लक्षित सैन्य अभियानों के लिए भारत को अमेरिकी भू-स्थानिक खुफिया जानकारी तक पहुँच प्रदान करके, 2020 बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट समझौते ने हिंद महासागर क्षेत्र में स्थितिजन्य जागरूकता में सुधार किया। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल जैसी पहलों ने सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी महत्त्वपूर्ण तकनीकों में सहयोग को मजबूत किया है। भारत और माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने 2.75 बिलियन डॉलर का सेमीकंडक्टर प्लांट बनाने के लिए मिलकर काम किया, जो आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाएगा। अमेरिकी हाइड्रोकार्बन के एक महत्त्वपूर्ण आयातक के रूप में, भारत हरित ऊर्जा स्रोतों पर स्विच करने में सहायता करता है"

**संयुक्त** राज्य अमेरिका और भारत के बीच बदलती गतिशीलता का इक्कीसवीं सदी में दुनिया के संगठित होने के तरीके पर बड़ा प्रभाव पड़ता है। इस साझेदारी की क्षमता को पूरी तरह से साकार करने के लिए, दोनों सरकारों को रणनीतिक बहुपक्षीय सम्बंधों, अर्थशास्त्र और रक्षा पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। मौजूदा हालात अमेरिका-भारत सम्बंधों के दीर्घकालिक विकास के पक्ष में हैं। मुझे उम्मीद है कि भारत चुनौतियों के साथ-साथ अवसरों को भी स्वीकार करने के लिए तैयार है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प जूनियर ने 13 फरवरी, 2025 को वाशिंगटन डीसी में भारतीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का आधिकारिक कार्य यात्रा के लिए स्वागत किया। राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी ने स्वतंत्र और गतिशील लोकतंत्रों के नेताओं के रूप में भारत-अमेरिका साझेदारी की ताकत की पुष्टि की, जो स्वतंत्रता, मानवाधिकार, कानून और बहुलवाद का सम्मान करते हैं। आपसी विश्वास, साझा हित, सद्भावना और सक्रिय नागरिक भागीदारी इस व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी की नींव के रूप में काम करते हैं।

राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रधानमंत्री मोदी ने "यू.एस. इंडिया कॉम्पैक्ट" नामक एक बिल्कुल नया कार्यक्रम पेश किया, जिसका अर्थ है "सैन्य साझेदारी, त्वरित वाणिज्य और प्रौद्योगिकी के लिए अवसरों को उत्प्रेरित करना", जिसका उद्देश्य इक्कीसवीं सदी में सहयोग के कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में क्रांति लाना है। रणनीतिक और आर्थिक वातावरण लगातार अंतरराष्ट्रीय गठबंधनों द्वारा नया रूप ले रहे हैं। कई क्षेत्रों में, भारत के बढ़ते नवाचार और अमेरिका की तकनीकी श्रेष्ठता एक दूसरे से मिलती है। भारत को $45 बिलियन के अधिशेष से लाभ होने के साथ, द्विपक्षीय व्यापार $118 बिलियन से ऊपर चला गया। प्रगतिशील आर्थिक सम्बंधों के माध्यम से, यह साझेदारी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को नया रूप देती है, सुरक्षा में सुधार करती है और आपसी विकास को बढ़ावा देती है। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार, रक्षा और प्रौद्योगिकी सभी में वृद्धि हुई है।

संचार संगतता और सुरक्षा समझौता और बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन



एग्रीमेंट जैसे महत्त्वपूर्ण समझौते, जो प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और रक्षा रसद में घनिष्ठ सहयोग की गारंटी देते हैं, पर अमेरिका और भारत ने हस्ताक्षर किए हैं। लक्षित सैन्य अभियानों के लिए भारत को अमेरिकी भू-स्थानिक खुफिया जानकारी तक पहुँच प्रदान करके, 2020 बेसिक एक्सचेंज ऐंड कोऑपरेशन एग्रीमेंट समझौते ने हिंद महासागर क्षेत्र में स्थितिजन्य जागरूकता में सुधार किया। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकियों पर पहल जैसी पहलों ने सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसी महत्त्वपूर्ण तकनीकों में सहयोग को मजबूत किया है। भारत और माइक्रोन टेक्नोलॉजी ने 2.75 बिलियन डॉलर का सेमीकंडक्टर प्लांट बनाने के लिए मिलकर काम किया, जो आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन को बढ़ाएगा। अमेरिकी हाइड्रोकार्बन के एक महत्त्वपूर्ण आयातक के रूप में, भारत हरित ऊर्जा स्रोतों पर स्विच करने में सहायता करता है। तेल आयात के मामले में, संयुक्त राज्य अमेरिका 2024 में 413.61 मिलियन डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर रहा। लचीली आपूर्ति श्रृंखलाएँ, विशेष रूप से आवश्यक वस्तुओं के लिए, चीन पर अपनी निर्भरता कम करने के दोनों देशों के प्रयासों का लक्ष्य हैं। भारत और संयुक्त राज्य अमेरिका क्वाड राष्ट्रों का हिस्सा हैं। अमेरिका और भारत के बीच व्यापार वार्ता में मुख्य बाधा टैरिफ विवाद है। भारत द्वारा अमेरिकी वस्तुओं, विशेष रूप से कृषि और तकनीकी क्षेत्रों पर उच्च टैरिफ लगाए जाने से व्यापार संतुलन प्रभावित होता है और वार्ता अक्सर बाधित होती है।

मादक पेय पदार्थों पर भारत द्वारा लगाए गए 150 प्रतिशत टैरिफ ने अमेरिकी निर्यातकों की बाजारों तक पहुँच को प्रतिबंधित करने के लिए अमेरिका की आलोचना की है। भारत में जेनेरिक दवा उद्योग सुलभ दवा की गारंटी के लिए अधिक संतुलित रणनीति का पक्षधर है, जबकि अमेरिका मजबूत बौद्धिक संपदा सुरक्षा चाहता है। बौद्धिक संपदा सुरक्षा के बारे में चिंताओं के कारण अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि ने भारत को अपनी "प्राथमिकता निगरानी सूची" में रखा। ई-कॉमर्स विनियमों और प्रस्तावित डेटा स्थानीयकरण कानूनों पर भारत की अलग-अलग स्थिति अमेरिकी हितों के विपरीत है। गूगल और अमेजन जैसे अमेरिकी निगमों द्वारा इस बारे में चिंता व्यक्त की गई थी कि भारत का व्यक्तिगत डेटा संरक्षण विधेयक सीमा पार डेटा प्रवाह को कैसे सीमित करेगा।

अमेरिका और भारत के बीच $45 बिलियन का व्यापार घाटा बाजार पहुँच बढ़ाने और टैरिफ कम करने के लिए अमेरिकी दबाव को प्रेरित करता है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने घुटने के प्रत्यारोपण और स्टेंट जैसे चिकित्सा उपकरणों पर कम टैरिफ का अनुरोध करके व्यापार असंतुलन को कम करने की मांग की। भारत के फाइटोसैनिटरी नियम जो अमेरिकी कृषि उत्पादों को प्रतिबंधित करते हैं,

इस क्षेत्र में द्विपक्षीय व्यापार के विस्तार में बाधा डालते हैं। चूंकि व्यापार वार्ता ने रक्त भोजन युक्त पशु आहार के मुद्दे को हल नहीं किया है, इसलिए भारत ने अमेरिकी डेयरी आयात को प्रतिबंधित कर दिया है।

एलएनजी और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग अमेरिका की एक प्रमुख उत्पादक के रूप में स्थिति और भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं के कारण संभव हुआ है। उदाहरण के लिए, इस तरह की साझेदारी भारत को ऊर्जा मिश्रण में प्राकृतिक गैस के अनुपात को मौजूदा 6 प्रतिशत से बढ़ाकर कुल प्राथमिक ऊर्जा मिश्रण का 15 प्रतिशत करने के अपने लक्ष्य तक पहुँचने में मदद करेगी। लाभकारी शर्तों पर रक्षा हार्डवेयर का सह-उत्पादन रणनीतिक सम्बंधों को मजबूत करते हुए भारत की अन्य देशों पर निर्भरता को कम कर सकता है। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड और जनरल इलेक्ट्रिक ने भारत में लड़ाकू जेट इंजन के संयुक्त निर्माण के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और अंतरिक्ष अन्वेषण जैसी महत्त्वपूर्ण तकनीकों में घनिष्ठ सम्बंधों द्वारा सहयोगी नवाचार के अवसर प्रदान किए जाते हैं। सहकारी अंतरिक्ष अन्वेषण और चंद्र मिशन के लिए आर्टेमिस समझौते में भारत को भागीदार के रूप में स्वीकार किया गया था। घरेलू उत्पादन बढ़ाने के भारत के प्रयास अमेरिका की "चीन+1" नीति के पूरक हैं, जो मजबूत आपूर्ति श्रृंखलाओं में साझा उद्देश्यों को बढ़ावा देते हैं। उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना के माध्यम से भारत में उत्पादन बढ़ाकर, एप्पल और सैमसंग ने चीनी कारखानों पर अपनी निर्भरता कम कर दी। एक ऐसा समझौता जो अधिक व्यापक है, उसे सीमित व्यापार समझौते द्वारा सुगम बनाया जा सकता है जो बाजार पहुँच में सुधार और टैरिफ विवादों को निपटाने पर केंद्रित है। भारत और अमेरिका ने कई औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर टैरिफ कम करने पर सहमति व्यक्त की, जो एक व्यापक समझौते की संभावना का संकेत देता है। व्यापार असंतुलन को हल करके विश्व स्थिरता की नींव एक मजबूत भारत-अमेरिका गठबंधन हो सकता है।

## कविता

### भीड़

भीड़ सिर्फ भीड़ है
भीड़ का न संविधान है न विधान
भीड़ की न कोई भाषा है न परिभाषा
भीड़ एक हास और परिहास है
भीड़ के पास न सोच न विवेक
भीड़ सिर्फ चिल्लाती और शोर मचाती है
भीड़ सिर्फ रुलाती है
भीड़ सिर्फ तालियां बजाती है
भीड़ सिर्फ अपनी बात करती है
भीड़ सिर्फ अपना सोचती है
भीड़ जाति की है
भीड़ धर्म की है
भीड़ उन्माद की है
भीड़ वाद और विवाद है
भीड़ न कोई संवाद है
भीड़ सिर्फ दौड़ती और रौंदती है
भीड़ एक पीड़ा और क्रूरता है
भीड़ का चेहरा विभत्स्य है
भीड़ भेड़ और भेड़िया है
भीड़ जीवन का शोक गीत है

प्रभुनाथ शुक्ल

# वक्फ बिल पर गंभीरता से हो विचार

**डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी**

**बीते दिनों संसद** में एक नया विधेयक लाया गया जो 1995 के वक्फ कानून में बदलाव करेगा। इस संबंध में संयुक्त समिति की रिपोर्ट पर संसद के सदनों में चर्चा चल रही है। इसका मकसद वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाने के साथ महिलाओं को इन बोर्ड में शामिल करना है। सरकार के अनुसार मुस्लिम समुदाय के भीतर से उठ रही मांगों को देखते हुए यह कदम उठाया जा रहा है। हाल ही में कैबिनेट की ओर से समीक्षा किए गए इस विधेयक का उद्देश्य मौजूदा वक्फ अधिनियम के कई खंडों को रद्द करना है। ये रद्दीकरण मुख्य रूप से वक्फ बोर्डों के मनमाने अधिकार को कम करने के उद्देश्य से हैं, जो वर्तमान में उन्हें अनिवार्य सत्यापन के बिना किसी भी संपत्ति को वक्फ संपत्ति के रूप में दावा करने की अनुमति देता है। राजनीतिक दलों के बीच इस बिल को लेकर तीखी बहस छिड़ी है।

भारत में वक्फ की अवधारणा दिल्ली सल्तनत के समय से चली आ रही है, जिसके एक उदाहरण में सुल्तान मुइज़ुद्दीन सैम गौर (मुहम्मद गोरी) की ओर से मुल्तान की जामा मस्जिद को एक गांव समर्पित कर दिया गया था। साल 1923 में अंग्रेजों के शासन काल के दौरान मुसलमान वक्फ अधिनियम इसे विनियमित करने का पहला प्रयास था। साल 1954 में स्वतंत्र भारत में वक्फ अधिनियम पहली बार संसद की ओर से पारित किया गया था। साल 1995 में इसे एक नए वक्फ अधिनियम से बदला गया, जिसने वक्फ बोर्डों को और ज्यादा शक्ति दी। शक्ति में इस इजाफे के साथ अतिक्रमण और वक्फ संपत्तियों के अवैध पट्टे और बिक्री की शिकायतों भी बढ़ गईं। साल 2013 में, अधिनियम में संशोधन किया गया, जिससे वक्फ बोर्डों को मुस्लिम दान के नाम पर संपत्तियों का दावा करने के लिए असीमित अधिकार प्रदान किए गए। संशोधनों ने वक्फ संपत्तियों की बिक्री को असंभव बना दिया। वक्फ इस्लामी कानून के तहत धार्मिक या धर्मार्थ उद्देश्यों के लिए विशेष रूप से समर्पित संपत्तियों को संभालने का काम करता है। एक बार वक्फ के रूप में नामित होने के बाद संपत्ति दान करने वाले व्यक्ति से अल्लाह को ट्रांसफर हो जाती है और यह अपरिवर्तनीय होती है। इन संपत्तियों का प्रबंधन वक्फ या सक्षम प्राधिकारी की ओर से नियुक्त मुतव्वली द्वारा किया जाता है। रेलवे और रक्षा विभाग के बाद वक्फ बोर्ड कथित तौर पर भारत में तीसरा सबसे बड़ा भूमि धारक है। भारत एक लोकतांत्रिक और संवैधानिक राष्ट्र है। कानून का राज है, तटस्थ और विवेकी न्यायपालिका है। इस देश में वक्फ बोर्ड भी है। वह जिस इमारत, जमीन, गांव और सैकड़ों साल पुराने मंदिर और मठ की तरफ अपनी उंगली उठाता है, तो वह उसकी संपत्ति मान ली जाती है। बेशक विवादों के लिए एक ट्रिब्यूनल भी है, लेकिन उसमें 40,950 से अधिक मामले अब भी लंबित पड़े हैं। 9942 मामले ऐसे भी हैं, जो मुसलमान वादियों ने ही वक्फ के खिलाफ कर रखे हैं।

## विचार

# बिखर रहे चूल्हे सभी, सिमटे आँगन रोज

**-प्रियंका सौरभ**

**बिखर रहे चूल्हे सभी, सिमटे आँगन रोज।**
**नई सदी ये कर रही, जाने कैसी खोज॥**

पिछले कुछ समय में पारिवारिक ढांचे में काफी बदलाव हुआ है। मगर परिवारों की नींव का इस तरह से कमजोर पड़ना कई चीजों पर निर्भर हो गया है। अत्यधिक महत्त्वाकांक्षी होना ही रिश्ते टूटने की प्रमुख वजह है। जब परिवारों में होड लगनी शुरू हो जाये एवं एक दूसरे के सुख-दुख से ज्यादा परस्पर प्रतिस्पर्धा का भाव जग जाये। समझना कि परिवार अथवा रिश्ते अपनी अंतिम सांस गिन रहे है। परिवार के टूटने के कारण अचानक पैदा नहीं होते। कई बार और समस्याएँ भी हो सकती है जैसे पैसा, प्रॉपर्टी, पसंद-नापसंद आदि। छोटे-मोटे झगड़े, किसी सदस्य की अनदेखी वगैराह के चलते भी अक्सर परिवारों में मनमुटाव हो जाता है। पर जो भी हो परिवार सबसे बडे सर्पोट सिस्टम में से एक होता है। इसलिए कोशिश करनी चाहिए की परिवार की मूल अवधारणा ज़िंदा बनी रहे और केवल मर्दस डे, फादर्स डे या सोशल मीडिया तक सीमित होकर न रह जाए।

आज सभी को एक संस्था के रूप में पारिवारिक मूल्यों और परिवार के बारे में सोचने-समझने की बेहद सख्त जरूरत है और साथ ही इन मूल्यों की गिरावट के कारण ढूँढकर उनको दुरुस्त करने की भी जरूरत है। इसके लिए समाज के कर्णधार कवि / लेखकों / गायकों / नायक / नायिकाओं / शिक्षक वर्गों और अन्य सामाजिक कार्यकताओं के साथ-साथ राजनीतिज्ञों को एक संस्था के रूप में परिवार के पतन के निहितार्थ के बारे में भी लिखना और सोचना चाहिए। खुले मंचो से इस बात पर चर्चा होनी चाहिए कि इस गिरावट के कारण क्या है? और इस गिरावट से कैसे उभरा जा सकता है? युवा कवि डॉ सत्यवान सौरभ ने इस स्थिति को अपने शब्दों में कहते हुए सही लिखा है कि-

" टूट रहे परिवार हैं, बदल रहे मनभाव।
प्रेम जताते गैर से, अपनों से अलगाव॥
बिखर रहे चूल्हे सभी, सिमटे आँगन रोज।
नई सदी ये कर रही, सौरभ कैसी खोज॥"

परिवार, भारतीय समाज में, अपने आप में एक संस्था है और प्राचीन काल से ही भारत की सामूहिक संस्कृति का एक विशिष्ट प्रतीक है। नैतिक मजबूती के साथ-साथ यह व्यक्ति के परिवार के सदस्यों, रिश्तेदारों को बिना किसी हिचकिचाहट के कठिन समय में भरोसा करने के लिए लचीलापन प्रदान करता है। यह कठिनाइयों से निपटने के लिए अनैतिक साधनों के उपयोग से बचाता है।

परिवार लोगों को सांसारिक समस्याओं के प्रति स्त्री के दृष्टिकोण को विकसित करने में मदद करता है। मगर वर्तमान दौर में हम संस्था के रूप में परिवार में गिरावट का कटु अनुभव झेल रहे है।

" घर-घर में मनभेद है, बचा नहीं अब प्यार॥
फूट-कलह ने खींच दी, हर आँगन दीवार॥
स्नेह और आशीष में, बैठ गई है रार।
अरमानों के बाग में, भरा जलन का खार॥"

गिरावट के प्रतीक के रूप में आज परिवार खंडित हो रहा है, वैवाहिक सम्बन्ध टूटने, आपसे भाईचारे में दुश्मनी एवं हर तरह के रिश्तों में कानूनी और सामाजिक झगड़ों में वृद्धि हुई है। आज सामूहिकता पर व्यक्तिवाद हावी हो गया है। वर्तमान स्थिति में भड़काऊ रवैया परिवारों के बिखरने का प्रमुख कारण है। परिवार के अन्य सदस्यों को उच्च आय और कम जिम्मेदारी ने विस्तारित परिवारों को विभाजित किया है।

आज के अधिकांश सामाजिक कार्य, जैसे कि बच्चे की परवरिश, शिक्षा, व्यावसायिक प्रशिक्षण, बुजुर्गों की देखभाल आदि; बाहर की एजेंसियों, जैसे क्रेच, मीडिया, नर्सरी स्कूलों, अस्पतालों, व्यावसायिक प्रशिक्षण केंद्रों, धर्मशाला संस्थानों ने ठेकेदारों के तौर पर संभाल लिए हैं जो कभी परिवार के बड़े लोगों की जिम्मेवारी होती थी।

**" बड़े बात करते नहीं, छोटों को अधिकार।**
**चरण छोड़ घुटने छुए, कैसे ये संस्कार॥**
कहाँ प्रेम की डोर अब, कहाँ मिलन का सार।
परिजन ही दुश्मन हुए, छुप-छुप करे


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# निरंतर परिश्रम, संघर्ष और मनोबल के श्रेष्ठ परिणाम

**संजीव**

**जिंदगी** का मूल ही निरंतर संघर्ष श्रम संकल्प और प्रगति है। सकारात्मक उद्देश्य को लेकर किया गया श्रम सदैव श्रेष्ठ परिणाम देता है। श्रम और संघर्ष का कोई विकल्प ही नहीं है। निरंतर श्रम करना उच्च मनोबल बनाए रखना और सफलता की कामना और पवित्र महत्वाकांक्षा सफल मनुष्य के सच्चे मित्र होते हैं' जीवन है चलने का नाम,गति का नाम ही जीवन है। सभी समाज एवं राष्ट्र की संस्कृतियों ने यह माना है कि मनुष्य और जानवरों के बीच विभेद करने वाला प्रमुख कारक मस्तिष्क है, और मस्तिष्क ही मनुष्य को सृजनात्मक शक्ति प्रदान करता है। मनुष्य के रचनात्मक विचार नयापन लाते हैं उसे पूर्व काल से पृथक करते हुए प्रगति के पथ प्रदर्शक बनते हैं। इसे ही नवप्रवर्तन माना जाता है। नावप्रवर्तन और कुछ नहीं बल्कि समाज की परंपरागत और प्रगतिशील मानसिकता के बीच एक बड़ी लाइन खींचना है। इसीलिए यह माना जाता है कि नवप्रवर्तन समाज मैं 3% नवाचार का निर्धारित है, शेष 97 प्रतिशत परंपरावादी विचारों के लिए है। पुराने समय से ही आर्थिक समृद्धि में नवप्रवर्तन की भूमिका को स्वीकार किया गया है चाहे वह मनुष्य के खाद्य संग्राहक से खाद्य उत्पादक में परिवर्तन हो या फिर 18वीं सदी में यूरोप की वाणिज्य क्रांति का औद्योगिक क्रांति में बदलना इन सभी में नवप्रवर्तन ने प्रेरक का काम किया है। हम चौथी क्रांति की तरफ बढ़ रहे हैं, इसलिए कहा जाता है कि विचारों को कभी सुसुप्त होने या मरने ना दिया जाए। हो सकता है आपके विचार करोड़ों डॉलर के हो । वर्तमान अर्थव्यवस्था में समृद्धि के इंजन माने जाने वाले सनराइज उद्योग, सॉफ्टवेयर, खाद्य संस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स, रोबोटिक के विकास के पीछे भी नवप्रवर्तन का हाथ है। इसी के आधार पर नगरों को स्मार्ट नगरों में बदला जा रहा है। नवप्रवर्तन या नवाचार से मैं सिर्फ मानव जीवन की परेशानियों को न्यूनतम किया है, बल्कि मानव जीवन को आसान और सुखमय भी बनाया जा रहा है। नवप्रवर्तन और मस्तिष्क की खोज के कारण ही जापान में 6.5 रेक्टर का भूकंप सामान्य माना जाता है,जबकि भारत में यह तबाही ला सकता है।

# नहाओ, रील्स बनाओ और फेसबुक सजाओ

**सुनील**

**नहाना और नहीं** नहाना एक व्यक्तिगत मामला है। कोई नहाये या न नहाए, यह व्यक्ति विशेष की स्वयं की मर्जी है।मसलन, कुछ लोग रोजाना नहाते हैं तो कुछ लोगों का यह मानना है कि नहाने से क्या फायदा है, जब 'दिल/आत्मा की मैल' न धोई। शरीर की मैल का क्या है ? दरअसल, नहाने के पीछे सबके अपने-अपने तर्क-वितर्क और चिंतन हैं। जो भी हो, विशेषकर ठंड के सीजन में नहाने को लेकर हर किसी को एकबार यह विचार जरूर करना पड़ता है कि आज नहाएं कि नहीं नहाएं, लेकिन महाकुंभ में ठंड के इस मौसम में भी आजकल नहाने की खूब बहार है।इतनी कि करीब-करीब आधा इंडिया महाकुंभ में नहा चुका। इंडिया ही नहीं विदेशों तक से लोग महाकुंभ में नहाने आए हैं। अच्छी बात है, नहाने से शरीर की साफ-सफाई हो जाती है, व्यक्ति हल्का और तरोताजा महसूस करता है। सुना है कि महाकुंभ में नहाने से तो सारे पाप कट जाते हैं। कितनी अच्छी बात है न !

लेकिन हमारे मित्र रामलुभाया जी कहते हैं कि-' लोग महाकुंभ में नहाते कम हैं, नहाने की रील्स ज्यादा बनाते हैं। नहाने की न जाने कितनी फोटू खिंचवाते हैं।' कभी कभी तो ऐसा लगता है कि एक दूसरे लोगों में 'तू खींच मेरी फोटो' की होड़ चल रही है। खैर, जो है सो है।

रामलुभाया जी कहते हैं-' लेखक भैय्या ! हमें ऐसा लगता है कि रील्स बनाने वाले और फोटू खिंचवाने वाले मानो ऐसा कह रहे हों- 'देखो भैय्या ! हमने स्नान कर लिया है।' स्नान के बारे में रामलुभाया जी का यह कहना हैं कि वे स्नान के मामले में कबीरदास जी की बातों का अनुशरण करते हैं।वो क्या है कि कबीरदास जी यह कह गए हैं कि 'नहाये धोये क्या हुआ, जो मन का मैल न जाए; मीन सदा जल में रहे, धोये बास न जाए।' अर्थात स्नान का कोई औचित्य नहीं है, स्नान निरर्थक है, असली बात तो मन के मैल की है। रामलुभाया जी कहते हैं कि नहाकर, रील्स बनाने से और फोटू पर फोटू खिंचवाने से कभी 'मन का मैल' नहीं धुलता। हालांकि, यह बात अलग है कि बिना नहाए-धोए फोटू कहीं अधिक अच्छी आती है। फोटू खिंचवाने पर जब आदमी

## न्यूज फ्लैश

### नगरिक जलापूर्ति व सीवरेज के अवैध कनैक्षन को 15 दिनों में करवाएं वैध: डॉ. वैशाली शर्मा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैषाली शर्मा ने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा है कि जिन व्यक्तियों ने नगर निगम की अनुमति के बिना जलापूर्ति व सीवरेज के अवैध कनैक्षन लिए हैं, वह उन्हें वैध करवा लें। इसके लिए उन्होंने नागरिकों को 15 दिनों का समय दिया है। उन्होंने कहा कि अवैध कनैक्षन लेने वाले नागरिक निर्धारित फीस व दस्तावेज जमा करवाकर अपने कनैक्षन को वैध करवाएं। इस अवधि के बीत जाने के बाद नगर निगम की टीम अवैध कनैक्षन लेने वाले नागरिकों पर नगर निगम सख्त रूख अपनाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जिन नागरिकों ने कनैक्षन लिए हुए हैं, परंतु मीटर नहीं लगवाएं हैं, वह भी अपने मीटर अवष्य लगवा लें।
यह देने होंगे दस्तावेज-उन्होंने बताया कि जलापूर्ति एवं सीवरेज कनैक्षन लेने के लिए नागरिकों को एक आवेदन लिखना होगा। आवेदन के साथ सम्पत्ति की रजिस्ट्री, मालिक का आधार कार्ड, फोटो, पड़ोसी का जलापूर्ति व सीवरेज बिल, सम्पत्ति कर बिल तथा परिवार पहचान पत्र की फोटोप्रति संलग्न करके नगर निगम करनाल कार्यालय में फाइल जमा करवानी होगी। उन्होंने बताया कि वाणिज्यिक स्थानों में जिन लोगों ने नगर निगम से कनैक्षन लेकर मीटर लगवाएं हुए हैं, उनका बिल, मीटर रिडिंग के अनुसार या 1440 रुपए सालाना आता है। इसके विपरित जिन लोगों ने मीटर नहीं लगवाएं हैं, ऐसे लोगों का सालाना बिल 15 हजार रुपए आता है। इसलिए उन्होंने कहा कि सभी लोग कनैक्षन लेने के पश्चात मीटर अवश्य लगवाएं। इसके अतिरिक्त जिन व्यक्तियों का जलापूर्ति व सीवरेज बिल बकाया चला आ रहा है, ऐसे व्यक्तियों से भी निगमायुक्त ने अपील करते कहा कि नगर निगम कार्यालय में अपनी बकाया राशि जमा करवा दें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति बकाया जमा नहीं करवाएगा, उसकी बिल राशि को सम्पत्ति कर बिल में जोड़ दिया जाएगा।

### ऋषिता डांग ने वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 के लिए किया क्वालीफाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** कुमारी ऋषिता डांग ने 2025 वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जो 16-27 जुलाई तक जर्मनी के राइन-रुहर में आयोजित किया जाएगा। ऋषिता डांग, गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, अमृतसर में आयोजित ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2024 ताइक्वांडो चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक विजेता हैं। ऋषिता करनाल, हरियाणा की रहने वाली हैं और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी गाजि?ाबाद में मीडिया और पब्लिक अफेयर्स के बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा है। वह तीसरी डैन ब्लैक बेल्ट हैं और कटक, ओडिशा में आयोजित पहली खेलो इंडिया महिला लीग की स्वर्ण पदक विजेता हैं। ऋषिता के कोच और चैंपियंस एकेडमी ऑफ ताइक्वांडो के निदेशक मनीष कुमार रे, विवेक सैन, खेल प्रशिक्षक और शारीरिक विभाग, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी बेंगलुरु कैंपस की प्रमुख डॉ. सौम्या ने कहा कि यह देश और विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण है। ऋषिता डांग के पिता डॉ.अजय डांग, जो खुद भी तायक्वोंडो में ब्लैक बेल्ट हैं, ने कहा कि ऋषिता ने इस स्तर तक पहुंचने के लिए बहुत मेहनत की है और हमें उम्मीद है कि सभी के आशीर्वाद से वह अपने सपनों को हासिल करेगी।

### दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग पर परिषद कर्मी धरने पर

**फतेहाबाद।** शहर की पुरानी सब्जी मंडी स्थित डिस्पोजल दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर नगरपरिषद कर्मचारी धरने पर बैठ गए हैं। नगरपालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले शनिवार को नगरपरिषद के कर्मचारियों ने वर्क सस्पेंड कर धरना दिया और जमकर नारेबाजी करते हुए आरोपी दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसको लेकर नगरपालिका कर्मचारी संघ ने नगरपरिषद के ईओ को शिकायत भी सौंपी।

# एसपी लोकेंद्र सिंह ने यमुना की तलहटी के 17 गावों का किया दौरा

## ग्रामीणों की सुनी समस्याएं, नशा न करने और गांव को नशामुक्त बनाने बारे किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )**
**पुलिस** अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने ग्रमीण भ्रमण कार्यक्रम के तहत शनिवार को थाना सनौली क्षेत्र के अंतर्गत यमुना तलहटी के सनौली खुर्द, नवादा आर, नवादा पार, गढ़ी बेसिक, नंगला पार, कुराड़ इत्यादी गांव का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने गांव की पंचायत व ग्रामीणों के साथ बैठक कर गांव की सुरक्षा व पुलिस से संबंधित समस्याओं के बारे में जाना और उनके त्वरित समाधान का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह आईपीएस ने इस दौरान संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस का प्रयास है कि पुलिस व आमजन में दुरी न रहकर आपसी समन्वय रहे। पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराध एवं



अपराधियों व गैरकानूनी धंधा करने वालों पर कारगर ढ़ग से अंकुश लगाया जा सकता है। इस दौरान उप पुलिस अधीक्षक समालखा श्री नरेंद्र सिंह, सनौली थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर विनोद व एसपी रीडर एएसआई सुभाष भी मौजूद रहें।
*नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम में आमजन सहयोग करें*
पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिहं आईपीएस ने कहा कि सरकार द्वारा नशे के विरुद्ध चलाई जा रही मुहिम में आमजन आगे आकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर अग्रणी भूमिका निभाए ताकि नशे को समाज से पूरी तरह खत्म किया जा सके। उन्होंने कहा कि नशा समाज के लिए एक बड़ी समस्या है, जो न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करता है, बल्कि पूरे समाज को नष्ट कर देता है। इसलिए हम सब की ये नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि हम सब नशे से दूर रहे और दूसरो को भी इससे दूर रहने के लिए प्रेरित करे। युवा वर्ग नशे से दूर रहकर पढाई के साथ खेलों में रुचि लेकर प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन कर अपने गांव व अपने माता पिता का नाम रोशन करें।
उन्होंने कहा कि जिला पुलिस द्वारा इसी कड़ी में नशे के खिलाफ विशेष मुहिम चलाई जा रही है। पुलिस द्वारा नशा करने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उनका सिविल अस्पताल के डी एडिक्शन सेंटर में इलाज कराया जा रहा है। युवाओं के लिए खेल प्रतियोगिता आयोजित करवाई जा रही है।

## घर के बाहर बैठे युवकों पर हमला करने का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः बहालगढ़** थाना क्षेत्र में घर के बाहर बैठे युवकों से गाली-गलौज करने व विरोध करने पर मारपीट कर घायल करने के आरोप का मामला सामने आया है। घायलों को परिजन उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया। परिजन दोनों को अलग-अलग निजी अस्पताल में ले गए। जहां उनका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों के बयान दर्ज कर आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पलड़ी कलां निवासी अजय ने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता है। गत 13 फरवरी को करीब एक बजे अपने चचेरे भाई के साथ मकान के बाहर बैठा था। उसी दौरान मंजीत उर्फ मोनू निवासी जाजल वहा पर आएं। वह जॉनी के साथ गाली-गलौज करने लगा। उसके बाद चला गया। कुछ देर बाद वापस

**रेफर किया**

**▶▶ घायलों को परिजन उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रेफर कर दिया**

लौटा। उसके साथ अन्य युवक भी थे। उन्होंने आते ही उनके साथ गाली देना शुरू कर दिया। उसके बाद मारपीट करने लगे। लोहे की रॉड व डंडों से पीट-पीटकर उन्हें घायल कर दिया। उसके बाद जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। परिजन उन्हें लेकर उपचार के लिए अस्पताल में पहुंचे। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया। परिजन उन्हें अलग-अलग निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे। जहां उनका उपचार चल रहा है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एचसी कुलदीप सिंह ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## बोर्ड की परीक्षा के मद्देनजर धारा 163 लागू

**नारनौल।** जिलाधीश डॉ विवेक भारती ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं व बारहवीं कक्षा की परीक्षा के सफल संचालन के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत जिले के अन्दर बनाए गए सभी परीक्षा केन्द्रों के आसपास 15 फरवरी से 4 अप्रैल तक परीक्षा के दौरान 200 मीटर की परिधी में पांच व इससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर पाबंदी रहेगी। जिलाधीश ने शनिवार को दिए आदेशों में स्पष्ट किया है कि सिख समुदाय द्वारा रखी जाने वाले धार्मिक कृपान को छोड़कर घातक हथियारों अन्य वस्तुएं जिन्हें घातक हथियार के तौर पर इस्तेमाल किया जा सकता हैं उन पर पाबंदी रहेगी।

## डीएवी में हवन कर 10वीं के बच्चों को दी शुभकामनाएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वामी दयानंद सरस्वती जन्म जयंती पखवाड़े के अंतर्गत दसवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए विशेष हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को नैतिक एवं आध्यात्मिक बल प्रदान करना था, जिससे वे अपनी परीक्षाओं में आत्मविश्वास और सकारात्मकता के साथ सफलता प्राप्त कर सकें। हवन में पंडित नवीन आर्य जी ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया और शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राधा रमण सूरी ने विद्यार्थियों को परीक्षा नियमों का पालन करने, अनुशासित रहने



और कठिन परिश्रम के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती द्वारा दिखाए गए सत्य, कर्मठता और ईमानदारी के मार्ग पर चलते हुए डीएवी के विद्यार्थी हर परीक्षा में सफलता प्राप्त करेंगे और अपने विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन करेंगे। स्वामी दयानंद जयंती पखवाड़े के अंतर्गत विद्यालय में पिछले कई दिनों से वेद प्रचार, नैतिक शिक्षा और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में परीक्षा पूर्व यह हवन आयोजन किया गया, जिससे विद्यार्थियों को न केवल विद्या का बल मिले, बल्कि वे स्वामी दयानंद सरस्वती के विचारों से प्रेरित होकर राष्ट्रहित में योगदान देने वाले जिम्मेदार नागरिक बन सकें।
हवन के पश्चात विद्यार्थियों को मिष्ठान प्रसाद वितरित किया गया और परीक्षा केंद्र तक सुरक्षित पहुँचाने हेतु विद्यालय प्रशासन द्वारा बसों की उचित व्यवस्था की गई। इस शुभ अवसर पर शिक्षकगण और अभिभावक भी उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता हेतु प्रोत्साहित किया। स्वामी दयानंद
सरस्वती के आदर्शों को आत्मसात करते हुए विद्यालय परिवार की ओर से सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ दी गईं, ताकि वे आत्मविश्वास और दृढ़ निश्चय के साथ अपने परीक्षा पथ पर अग्रसर हो सकें।

## गन्ना क्रशरों को परेशान किया तो करेंगे आंदोलन

**यमुनानगर।** जिला प्रशासन द्वारा गन्ना क्रशर कारोबारियों के सैंपल भरे जाने के विरोध में भाकियू (टिकैत) की एक अहम बैठक हुई। जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। शनिवार को भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष सुभाष गुर्जर ने यमुनानगर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि किसानों से जुड़े कारोबारी गन्ना क्रेशर पर जिला प्रशासन जबरदस्ती सैंपल भरकर उन्हें परेशान कर रहा है। गुर्जर ने कहा कि यह वे क्रशर हैं जो किसान और मजदूर की आमदनी का साधन है। जब किसान को गेहूं बजाई के समय अपनी गन्ना डालना पड़ता है तो इन क्रशरों पर ही किसान अपना गन्ना डालकर समय पर गेहूं की बजाई करता है। जब भी छोटे और मध्यवर्गीय किसान को कोई पैसों की जरूरत पड़ती है तो वह अपनी ट्राली में गन्ना डालकर क्रेशर पर ले जाते हैं और तुरंत भुगतान करके अपना काम चलाते हैं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर क्षेत्र में लगे सैकड़ों गन्ना क्रशरो पर प्रशासन झूठे सैंपल भरकर उनको डराते हैं। सरकार कहती है कि किसान अपने लघु उद्योग चलाकर अपना गुजारा करें लेकिन दूसरी तरफ किसानों के उद्योगों पर सैंपल भरकर उनको डराया जा रहा है।

## आर्य कॉलेज ने नॉर्थ-वेस्ट जोन युवा महोत्सव में लहराया जीत का परचम

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, ( कमाल हुसैन )** आर्य पीजी कॉलेज ने एआईयू इंटर-यूनिवर्सिटी में 8 से 12 फरवरी को ओम स्टर्लिंग ग्लोबल यूनिवर्सिटी हिसार में आयोजित 38वें नॉर्थ-वेस्ट जोन यूथ फेस्टिवल में भाग लिया। महाविद्यालय की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रीतिनिधित्व करते हुए पाँच विधाऐं स्कीट और मिमिक्री में प्रथम, वन-ऐक्ट प्ले में द्वितीय, फॉक ऑर्केस्ट्रा और फॉक ग्रुप डांस में तृतीय स्थान हासिल कर जीत का परचम लहराने का



काम किया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता ने सभी विजेता प्रतिभागियों का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने पर स्वागत किया व सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने इस सफलता के लिए कॉलेज सांस्कृतिक कार्यकर्मों के निदेशक डॉ. रामनिवास, प्रभारी प्राध्यापिका मीनाक्षी चौधरी, डॉ. नीलू खालसा, डॉ. विजय सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।
जानकारी देते हुए कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने बताया की सांस्कृतिक प्रोसेशन में 23 यूनिवर्सिटी ने भाग लिया जिसमे की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने चौथा स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया की कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के 35 विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया की युवा महोत्सव में आर्य महाविद्यालय की टीम ने कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए थिएटर की ओवरऑल ट्रॉफी पर लगातार तीसरी बार कब्जा किया साथ ही फॉक ग्रुप डांस की ओवरऑल रनर-उप ट्रॉफी जीतकर महाविद्यालय का नाम रोशन करने का भी काम किया है जो की हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। उन्होंने कहा की युवा महोत्सव भावनात्मक और बौद्धिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## महिला की पीट-पीटकर हत्या करने के दोषी पति व सास को उम्रकैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः मोहाना थाना** क्षेत्र में महिला की पीट-पीटकर हत्या करने के आरोपित पति व सास को दोषी करार दिया है। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश डा. जसबीर सिंह की अदालत ने दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। मामले में महिला की हत्या के चार साल बाद विसरा रिपोर्ट आने पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था। अदालत ने दोनों दोषी मां-बेटे पर 15-15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। गांव चोरकारसा करनाल निवासी दयानंद ने 16 अगस्त 2018 को मोहाना थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसकी बहन रेखा की शादी मोहाना निवासी विक्रम के साथ की थी। वह अपने परिवार के साथ खुश थी। रेखा ने उनको बताया था कि वह अक्सर बीमार रहती थी। इसी दौरान 16 अगस्त, 2018 को उनको रेखा की बीमारी के चलते मौत की सूचना मिली थी। दयानंद ने बताया था कि विश्वास है कि रेखा की मौत बीमारी से ही हुई है। जिस पर पुलिस ने बयान दर्ज कर 174 की कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम कराया था। बाद में महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर से जानकारी मिली थी कि रेखा कि मौत स्वाभाविक नहीं है। उसके चलते मोहाना थाना पुलिस खानपुर पहुंची थी। मृतका रेखा के ससुराल व मायका पक्ष के बीमारी से मौत बताने के बावजूद पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया था। चिकित्सकों ने पोस्टमार्टम के दौरान ही विसरा सुरक्षित रख लिया था। विसरा की जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर एक्सपर्ट की राय के लिए इसको मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर मेडिकल बोर्ड को भेज दिया गया था।

## मादक पदार्थ सहित आरोपी गिरफ्तार

**सोनीपतः क्राइम** यूनिट कुंडली टीम ने मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित विजय निवासी जटवाड़ा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे एक दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। सहायक उप निरीक्षक मनोज की टीम गश्त के दौरान सुभाष चौक पर मौजूद थी।
उन्हें युवक के मादक पदार्थ के साथ होने की सूचना मिली। टीम ने मामले में छापेमारी करते हुए मुरथल फ्लाईओवर के पास से युवक को काबू कर लिया।

## एम.एम. (डीयू) में ऑनलाइन एफडीपी का उद्घाटन

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः** महर्षि मार्कंडेश्वर इंजीनियरिंग कॉलेज, एम.एम. (डीयू), मुल्लाना, अंबाला के सिविल इंजीनियरिंग विभाग द्वारा दिवसीय ऑनलाइन फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) "स्थिरता के लिए का औपचारिक उद्घाटन में किया गया। यह कार्यक्रम एआईसीटीई प्रशिक्षण और शिक्षा (एटीएएल) पहल द्वारा प्रायोजित है। यह आयोजन शैक्षिक, शोध और उद्योग विशेषज्ञों को जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और स्थिरता के लिए अत्याधुनिक समाधान तलाशने के लिए एकत्र करता है। उद्घाटन समारोह में एम.एम. (डीयू), सिविल



इंजीनियरिंग विभाग के प्रमुख, फैकल्टी सदस्य और वरिष्ठ प्रशासकों की उपस्थिति रही। एफडीपी की समन्वयक डॉ. वनीता अग्रवाल ने जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का समाधान करने में नवाचार की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को पर्यावरणीय स्थिरता और जलवायु अनुकूलन पर केंद्रित नवीनतम प्रौद्योगिकियों और अनुसंधान प्रवृत्तियों पर जानकारी प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। यह छह दिवसीय एफडीपी विभिन्न पर्यावरण विज्ञान, प्रौद्योगिकी और स्थिरता के क्षेत्रों के विशिष्ट विशेषज्ञों द्वारा संचालित होने वाले सत्रों, कार्यशालाओं और चचाओं की एक श्रृंखला प्रस्तुत करेगा। प्रतिभागियों को यह अवसर मिलेगा कि वे समझ सकें कि कैसे तकनीकी नवाचार स्थिर अभ्यास को प्रेरित कर सकते हैं, साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में जलवायु लचीलापन में भी योगदान कर सकते हैं। सत्रों का उद्देश्य फैकल्टी सदस्य को जलवायु परिवर्तन और स्थिरता के विषयों को अपने शैक्षिक पाठ्यक्रमों में शामिल करने के लिए आवश्यक ज्ञान और उपकरण प्रदान करना है, ताकि एक नई पीढ़ी के पर्यावरणीय दृष्टिकोण से संवेदनशील इंजीनियरों, वैज्ञानिकों और नेताओं का निर्माण किया जा सके। डॉ. चडेत्रिक राउत ने विशेषज्ञों के नेतृत्व और प्रेरणादायक सत्रों के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## मुरली मनोहर ने फूलों व लट्ठ मार होली से श्याम भक्तो को रिझाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**श्रीश्याम** बाबा सेवा मंडल के 21 वें फाल्गुनोत्सव मे वृंदावन वासी प्रमुख भजन सम्राट मुरली मनोहर शरण के साथ श्याम भक्तो ने फूलो व लट्ठ मार होली का जमकर लुत्फ उठाया। मुरली मनोहर ने जब होली के भजन "आज ब्रिज मे होली है रसिया" आदि गाने शुरू किए तो पांडाल मे उपस्थित श्याम श्रद्धालु महिला व पुरूष खडे होकर नृत्य करने लगे। वृंदावन वासी मुरली मनोहर ने राधा कृष्ण के भजनो के बाद ब्रिज की होली के रंग दिखाये। पहले चमेली के फूलो की बारिश कर फूलो की होली खेली उसके बाद लट्ठ मार होली खेली तो कुछ महिला श्रद्धालु तो अपने रिश्ते के



देवरो को सच मे लट्ठ मारने लगी। उसके बाद भजन सम्राट मुरली ने लड्डू खिलाकर लड्डू होली से श्रद्धालुओ को सरोबार किया। इससे पहले श्रीश्याम संकीर्तन मे दिल्ली से आई प्रमुख भजन गायिका सोनी सिस्टर्स ने भजनो की शुरूआत गणेश वंदना से की ओर उसके बाद एक से बढ़कर एक शानदार भजन सुनाये। सोनी सिस्टर्स की जोडी ने
अपनी शानदार प्रस्तुति से श्याम भक्तो को झूमने पर मजबूर किया। इसके अलावा जयपुर से आई भजन सम्राज्ञी निशा गोविंद शर्मा ने श्याम संकीर्तन मे अपनी शानदार

**प्रसाद**

**▶▶ गणमान्य लोगो व भजन गायको का पटका पहनाकर व छप्पन भोग का प्रसाद भेंट कर स्वागत किया**

प्रस्तुति से श्याम श्रद्धालुओ को श्याम भक्ति के रंग मे सरोबार किया। उल्लेखनीय है कि समालखा की नई अनाज मंडी मे शुक्रवार शाम को श्याम बाबा सेवा मण्डल के सौजन्य से चुलकाना/खाटू वाले श्याम बाबा का भव्य व आलौकिक दरबार सजाया गया। संकीर्तन का शुभारंभ श्याम बाबा की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्वलित करके किया। श्याम बाबा के दर्शन करने भारी संख्या मे महिलाए व पुरूष श्रद्धालु पहुंचे। संकीर्तन शाम करीब 7 बजे शुरू हुआ ओर देर रात तक जय ऊपरी श्याम व श्याम प्यारे के जयकारे लगते रहे श्रीश्याम बाबा के जयकारो से जैसे सारा समालखा श्याममय हो गया। संकीर्तन मे बाबा के छप्पन भोग एवं प्रसाद की सेवा अग्रवाल भाजी व चाय की सेवा श्रीश्याम रसोई समालखा द्वारा की गई। जबकि श्रीश्याम सेवा परिवार की ओर से चरण पादुका की सेवा की गई। श्री श्याम बाबा सेवा मंडल द्वारा संकीर्तन मे आने वाले गणमान्य लोगो व भजन गायको का पटका पहनाकर व छप्पन भोग का प्रसाद भेंट कर स्वागत व सम्मानित किया।

## महिला संदिग्ध अवस्था में लापता, महिला के परिचित ने लगाया अपहरण का आरोप

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः बहालगढ़** थाना क्षेत्र में महिला के संदिग्ध हालत में लापता होने का मामला सामने आया है। महिला के परिचित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर अपहरण का आरोप लगाया है। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस महिला की तलाश के प्रयास कर रही है। गांव रतनगढ़ निवासी सागर ने बताया कि वह सोनीपत में कोचिंग लेता है। उसी दोस्ती गंगा नाम की महिला से है, जो काफी दिनों से अपनी बहन के पास शाहदरा में रहती है। उसकी दोस्त ने दिनेश

**मामला दर्ज**

**▶▶ महिला के परिचित ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर अपहरण का आरोप लगाया है**

निवासी समचाना के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। जिसमें मुकदमा दर्ज हो रखा है। उसकी दोस्त गत 12 फरवरी को गंगा खरखौदा आई हुई थी। देर शाम को करीब पांच बजे उसकी गंगा के साथ बातचीत हुई। उसने बताया कि वह खरखौदा थाने में आई हुई थी। रास्ते में जाते समय कोई उसका पीछा कर रहा था। मामले को लेकर डायल-112 पर कॉल की। उसके बाद उसे इक्को कार में बैठा दिया। उसके बाद गंगा का मोबाइल बंद आ रहा है। उसके आशंका है कि गंगा को कही अज्ञात जगह पर बंधक बनाकर रखा हुआ है। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई राजू ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से से जल्द महिला की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

## न्यूज फ्लैश

### गोपाल मंदिर और गुरुकुल निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ



**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** श्री गोपाल जी का मंदिर और गुरुकुल निर्माण कार्य प्रारंभ करके भूमि पूजन जमुना पुल के पास आटा रोड पेट्रोल पंप के सामने श्री गोपाल जी महाराज वृंदावन वाले के द्वारा किया गया । इस अवसर पर सुरेंद्र करहाना , सुरेश स्वामी और सतीश कुमार, रामपाल शर्मा ,रमेश शर्मा, दीपक त्यागी , सुनील देशवाल, राज सिंह ,सुमित ,सोनू कुमार, कटार सिंह, राम रतन , कृष्ण कुमार , रामकरण आदि उपस्थित रहे ।

### धोखाधड़ी कर बीमा पॉलिसी पर लोन करवा पैसे हड़पने वाले गिरोह का एक आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत , ( कमाल हुसैन )** थाना इसराना पुलिस टीम ने कालखा निवासी युवक की बीमा पॉलिसी पर धोखाधड़ी से लोन करवा पैसे हड़पने की वारदात को अंजाम देने वाले गिरोह के एक आरोपी को शुक्रवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान सुवेब निवासी भापरा हाल किरायेदार न्यू दुर्गा कॉलोनी समालखा के रूप में हुई। थाना इसराना प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि थाना इसराना में कालखा निवासी रामेहर पुत्र महाजन ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि संजय चौक पर स्थित आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाईफ इंश्योरेंस कंपनी में उसकी बीमा पॉलिसी है। भापरा गांव निवासी इमरान ने उसकी पॉलिसी में छेड़छाड़ कर अपना बैंक खाता दर्ज कर 1 लाख 14 हजार 705 रूपए का लोन ले लिया। लोन के पैसे आरोपी इमरान के खाते में गए है। प्रभारी सब इंस्पेक्टर महिपाल सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद थाना इसराना में अभियोग दर्ज कर तत्वरित कार्रवाई करते हुए जिस खाता में लोन के पैसे गए थे उसे फ्रिज करवाने के साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने उक्त खाते की डिटेल निकलवा कर चेक कि तो खाते से 50 हजार रूपए एक अन्य खाता में ट्रांसफर होने का विवरण मिला। जांच में पता चला जिस खाते में पैसे ट्रांसफर किये गए है उसको आरोपी इमरान का छोटा भाई सुवेब प्रयोग करता है। पुलिस टीम ने शुक्रवार देर शाम आरोपी सुवेब को काबू कर पूछताछ की तो उसने अपने भाई आरोपी इमरान के साथ मिलकर धोखाधड़ी से रामेहर की बीमा पॉलिसी पर लोन करवा कर पैसे हड़पने की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे स्वीकारा। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसका बड़ा भाई इमरान पहले आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल लाईफ इंश्योरेंस कंपनी में एजेंट के तौर पर काम करता था। जनवरी 2025 में इमरान ने उसे कहा कि 1 लाख 14 हजार रूपए आने है। उसे रामेहर नाम के व्यक्ति का खाता नंबर और एक केंसिल चेक चाहिए। इमरान ने उससे कहा कि तुम्हारी जानकारी में कोई इस नाम का व्यक्ति है तो बात कर ले उसको इसकी एवज में 15 हजार रूपए दे देंगे। उसे 15 हजार का लालच आ गया और अपने एक दोस्त से रूटीन में बात की।

# पूर्व प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग के विदाई समारोह का आयोजन

**यह अवसर महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए भावनाओं से भरा हुआ रहा**

**भावनात्मक**

**▶▶ जहां सभी ने प्राचार्य के योगदान को याद किया और उनके उज्वल भविष्य के लिए कामना की**




**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत , ( कमाल हुसैन )**
आई. बी. स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पूर्व प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग के विदाई समारोह का आयोजन बड़े हर्ष और भावनात्मक वातावरण में किया गया। यह अवसर महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों के लिए भावनाओं से भरा हुआ रहा, जहां सभी ने प्राचार्य के योगदान को याद किया और उनके उज्वल भविष्य के लिए कामना की` महाविद्यालय की प्रबंधक समिति के प्रधान धर्मबीर बत्रा ने प्राचार्य महोदय के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी दूरदृष्टि और नेतृत्व क्षमता ने संस्थान को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया है। प्रबंधक समिति के उपप्रधान बलराम नंदवानी ने अपने वक्तव्य में कहा कि गर्ग ने अपने कार्यकाल में बहुमूल्य सेवाएँ दीं और शिक्षा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान दिया। उनके नेतृत्व में संस्थान ने कई उपलब्धियां हासिल कीं और शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हुआ। इस अवसर पर प्रबंधक समिति के माननीय सदस्य महासचिव एल. एन. मिगलानी, परमवीर धींगरा, रवि गोसाईं, युधिष्ठिर मिगलानी, मोहन लाल , अरुण बत्रा एवं अन्य सदस्यों ने अपने-अपने शब्दों में भाव व्यक्त किये` महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक ने प्राचार्य के कार्यकाल के दौरान किए गए उल्लेखनीय कार्यों का स्मरण किया। प्राचार्या ने बताया कि डॉ.अजय गर्ग ने शिक्षा के क्षेत्र में महाविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल कीं । उन्होंने इसे विदाई समारोह न कहकर अभिनन्दन समारोह का नाम दिया` महाविद्यालय के शिक्षक और गैर शिक्षक कर्मचारियों ने ने अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि प्राचार्य जी केवल एक प्रशासक ही नहीं, बल्कि एक मार्गदर्शक और प्रेरणास्रोत भी रहे हैं। उनके नेतृत्व में महाविद्यालय ने अकादमिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में उल्लेखनीय प्रगति की है। इस अवसर पर सेवानिवृत प्राचार्य डॉ. अजय कुमार गर्ग ने भी अपनी विदाई सम्बोधन में महाविद्यालय परिवार के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की। उन्होंने कहा, "यह संस्थान हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा। यहां बिताए गए वर्ष मेरे जीवन के सबसे महत्वपूर्ण वर्षों में से एक रहे हैं।" इस अवसर पर डॉ. अजय कुमार गर्ग की धर्मपत्नी ईरा गर्ग, पुत्र निमिष पुत्रवधू तान्या, पुत्री निष्ठा एवं दामाद अभिषेक एवं उनके परिवार से आए सभी सदस्यों का स्वागत किया गया।

## गीता विद्यालय में मनाया गया मातृ-पितृ पूजन दिवस



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** आज श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुरुक्षेत्र में मातृ- पितृ पूजन दिवस कार्यक्रम में सर्वप्रथम दीप मंत्रोच्चारण सहित वंदना करवाई गई ।जिसमें मुख्य अतिथि प्रबंध समिति के सदस्य जंगबहादुर रहे ।उसके बाद विद्यालय के प्राचार्य अनिल मदान द्वारा मुख्य अतिथि का परिचय करवाया गया ।इसी कड़ी में विद्यालय के बच्चों द्वारा सामूहिक गीत प्रस्तुति दी गई । इसके बाद विद्यालय की विज्ञान विषय की अध्यापिका शिखा ने अपने उद्बोधन में बताया की हमें अपने बच्चों को संस्कार देने चाहिए । हमारे भारत की दो प्रतिष्ठाएं हैं संस्कृत और संस्कृति इन्हीं दो विषयों को आधार मानकर हमारे विद्यालय में बच्चों को संस्कृत का ज्ञान देकर अपनी संस्कृति से जोड़ते हैं। इसी कड़ी में विद्यालय के संस्कृत आचार्य त्रिलोचन द्वारा मंत्रोच्चारण कर मातृ -पितृ पूजन करवाया ।मुख्य अतिथि जंगबहादुर ने भी इसी कड़ी में संस्कारों पर महत्व डालते हुए कहा है कि हमारे विष्णु पुराण में भी कहा गया है कि

माता शत्रुः पिता वैरी,येन बालो न पाठितः ।
न शोभते सभामध्ये,हंसमाध्ये बको यथा ।।

उन्होंने बताया की जो माता पिता अपने बच्चों को संस्कार नहीं देते अध्ययन नहीं करवाते वह माता पिता बच्चों के शत्रु के समान होते हैं ।हमें अपने बच्चों को संस्कार जरूरू देने चाहिए । मुख्य अतिथि के उद्बोधन के बाद अभिभावकों की कुछ खेल सम्बंधी गतिविधियां रखीं जैसे -लेमन दौड़,कुर्सी दौड़ इत्यादि इन प्रतियोगिताओं में अभिभावकों ने प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किए।

## डीपीआई जसवीर सिंह ने एईओ के पद पर किया ज्वाइन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** डीपीआई जसवीर सिंह ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में एईओ के पद पर कार्य ग्रहण किया। एईओ जसवीर सिंह ने कहा कि वह जिला कुरुक्षेत्र में स्कूली क्रीडा प्रतियोगिताओं के कार्य को सुचारु ओर बेहतरीन ढंग से संचालित करने का भरपूर प्रयास करेंगे इसके लिए जसवीर सिंह ने जिला के उपस्थित सभी शिक्षक शिक्षकों से सहयोग की कामना भी की। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संतोष शर्मा ने जसवीर सिंह को बधाई और शुभकामनाएं दी है।



## करधान के भगवान परशुराम मंदिर में सुंदरकांड का पाठ करवाया

**पूजा-अर्चना**

**▶▶ पहले मंदिर पूजा अर्चना की गई पूजा अर्चना मंदिर के पंडित शंभू नाथ जी द्वारा करवाई गई**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** परशुराम सेवा समिति रजि 1069 अंबाला कैंट द्वारा मंदिर के पहले स्थापना दिवस पर भगवान परशुराम मंदिर नंगल करधान में सुंदरकांड का पाठ दर्शन लाल धीमान पार्टी द्वारा किया गया। मंदिर में सुंदरकांड पाठ से पहले मंदिर पूजा अर्चना की गई पूजा अर्चना मंदिर के पंडित शंभू नाथ जी द्वारा करवाई गई पूजा में मुख्य जजमान अनुराग गुप्ता परिवार सहित रहे।

दर्शन लाल धीमान ने सुंदरकांड के पाठ के बाद भजन कीर्तन किया इस भजन कीर्तन में करधान नगल गांव के आसपास की सभी संगत ने नाच गाकर कीर्तन का आनंद लिया समिति के सभी सदस्यों ने इस सुंदरकांड के पाठ में अपना पूरा सहयोग दिया सुंदरकांड पाठ के बाद भगवान परशुराम मंदिर नंगल करधान में प्रसाद का वितरण किया गया। जिसमें लगभग 2000 लोगों द्वारा प्रसाद ग्रहण किया गया समिति के प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि समिति भगवान परशुराम मंदिर के सामने जगह पर भगवान परशुराम धर्मशाला का निर्माण कर रही है जिससे बनने से गांव के आसपास के लोगों को छोटे-छोटे कार्यक्रम करने में बड़ी आसानी रहेगी। समिति के महासचिव सुरिंदर राजू शर्मा ने बताया कि इस सुंदरकांड और भंडारे में अंबाला के लगभग सभी धार्मिक और सामाजिक संस्थाएं आई और अपने सहयोग दिया समिति के सचिव राजेश गोल्डी शर्मा ने बताया की समिति हर महीने धर्मशाला की जगह पर धार्मिक कार्यक्रम करती रहेगी और वह पिछले लगभग 10 सालों से हर महीने के पहले रविवार को मासिक हवन यज्ञ करती है। इस कार्यक्रम में सुरेंद्र राजू शर्मा सुरेश कौशिक डॉ राकेश भारद्वाज शशिकांत पाराशर सतीश शर्मा रविंद्र बिल्ला शर्मा राजीव शर्मा संजय मोदगिल गुरविंदर शर्मा,दीपचंद लंबरदार परमजीत सिंह स्वर्ण कौर ममता शर्मा सुषमा शर्मा सुनीता पाराशर वंदना शर्मा सुमन शर्मा और कई सदस्य मौजूद रहे।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोग ले रहे हैं स्वास्थ्य लाभ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**बाबैन :** सांसद नवीन जिन्दल के दिशा निदेर्शों पर कुरूक्षेत्र संसदीय क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से तीन मोबाइल मेडिकल युनिट चलवाई जा रही हैं। इस योजना के अंतर्गत ये मोबाइल मेडिकल युनिट पूरे क्षेत्र के गांवों-कस्बों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रही हैं। इसी कड़ी में मोबाइल मेडिकल युनिट ने आज सुबह बाबैन ब्लॉक के गांव नारायणगढ़ और दोपहर बाद गांव कांगनगढ़ में पहुंच कर लोगों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया। नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित इस मोबाइल मेडिकल युनिट में, एमबीबीएस डॉक्टर द्वारा परामर्श और जांच के बाद नि:शुल्क दवाइयां वितरित की जाती है। इस मौके पर रक्त और युरिन के टेस्ट भी किये जाते हैं। इन मोबाइल मेडिकल युनिट के संचालन पर प्रकाश डालते हुए सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी श्री धर्मवीर सिंह ने बताया कि सांसद नवीन जिन्दल ने क्षेत्र के लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से इन मोबाइल मेडिकल युनिट की शुरूआत की है। आज बाबैन ब्लॉक के दोनों गांवों में 55 मरीजों को परामर्श और जांच के बाद नि:शुल्क दवाईयां प्रदान की गई व 13 लोगों के रक्त एवं युरिन के टेस्ट भी किए गए। उन्होंने बताया कि इन मोबाइल मेडिकल यूनिटों के माध्यम से लोगों को खान-पान संबंधित जानकारी भी दी जाती है। सांसद नवीन जिन्दल की तरफ से स्वास्थ्य के क्षेत्र में लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए इस प्रकार की सुविधाएं चलती रहेंगी ।



**मांग**

**▶▶ ये मोबाइल मेडिकल यूनिट पूरे क्षेत्र के गांवों-कस्बों में जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवा रही हैं**

## राजीव जैन गंदे पानी की निकासी से सम्बंधित समस्या को देखने के लिए पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 15 फरवरी।** नगर निगम चुनाव में सोनीपत से मेयर पद के लिए भाजपा प्रत्याशी एवं मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन गांव जगदीशपुर में पानी की निकासी से सम्बंधित समस्या को देखने के लिए पंहुचे और ग्रामवासियों को आश्वासन दिया कि वह समस्या के समाधान के लिए हमेश ततपर रहेंगे। ग्रामवासी दो दिन पूर्व ही एकत्रित होकर समस्या से सम्बंधित ज्ञापन निगम अधिकारियों को देने पंहुचे थे । ग्रामवासियों ने राजीव जैन को बताया कि पहले गांव का गन्दा पानी रेलवे लाइन की तरफ चला जाता था परन्तु अब रेलवे द्वारा अंडरपास का निर्माण कार्य शुरू करने के कारण गंदे पानी की निकासी रुक गई है। राजीव जैन ने कहा कि पूरे निगम क्षेत्र में बरसाती पानी की निकासी के लिए समग्र योजना तैयार की जाएगी और चुनावों के बाद उक्त कार्य को सिरे चढ़ाया जायेगा । जल्द ही गंदे पानी को निकलवाने के लिए टैंकर की वयवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि 2014 -19 के भाजपा सरकार के कार्यकाल में अनेक विकास कार्य हुए थे।



## रामायण पाठ से पूर्व निकाली भव्य कलश यात्रा

**गन्नौर ।** श्री चुंकट ऋषि समिति मंदिर खेड़ी गुज्जर द्वारा पांच दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ व रामायण पाठ की शुरूआत पंडित पवन शास्त्री की देखरेख में हुई। इससे पहले गांव में महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा गांव के मंदिर से शुरू हुई गांव में विभिन्न मार्गों से होते हुए सतकुंभा स्थित चुंकट मंदिर में समाप्त हुई। श्री हनुमत महायज्ञ व रामायण पाठ का समापन 18 फरवरी को पूर्ण आहूति से होगा। जिसके बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की व्यवस्था में आचार्य भागीरथ हरिद्वार, आचार्य प्रकाश हरिद्वार, आचार्य संजीव, सत्यनारायण वशिष्ठ, संदीप अत्री, रामकिशन शास्त्री, रामनिवास सहित गांव के लोग सहयोग करेंगे।

## अपोलो टाइगर्स को हरा अपोलो लायंस बना विजेता

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा 15 फरवरी ( कुलदीप सिंह )** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल, पट्टीकल्याणा मे शनिवार को तीन मैच की क्रिकेट सीरीज का आगाज हुआ जिसमें पहला मुकाबला अपोलो टाइगर्स और अपोलो लाइंस के बीच खेला गया ।अपोलो के क्रिकेट कोच वीरेंद्र ने बताया की दस ओवर के मैच के पहले मुकाबले में अपोलो लाइंस की टीम ने अपने जोरदार प्रयास में केवल सात ओवर खेलते हुए 9 विकेट से जीत हासिल की! टॉस जीतते हुए अपोलो लायंस ने पहले बॉलिंग को चुना जिसमें साकेत और जय ने अपनी श्रेष्ठ बोलिंग की प्रतिभा को दिखाते हुए 2-2 विकेट हासिल किये। अपोलो टाइगर्स की तरफ से खेलते हुए राघव ने सबसे ज्यादा रनों की पारी खेली और टीम के द्वारा अपनी प्रतिद्वंद्वी टीम को 59 रन का लक्ष्य दिया गया। दूसरे चरण में अपोलो लायंस की ओर से खेलते हुए दक्ष ने 21 रनों की भागीदारी करते हुए अपनी टीम को विजेता बनाया और टीम द्वारा मात्र 7 ओवर में ही 60 रन बनाकर लक्ष्य को हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अलका टंडन ने खिलाड़ियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल हमारे शारीरिक और मानसिक विकास तो करते ही हैं साथ ही में हमें लक्ष्य की ओर केंद्रित रहना भी सिखाते हैं ।उन्होंने विजेता टीम को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय के खिलाड़ी जिला और राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। यह खिलाड़ियों और उनके कोच की मेहनत का ही नतीजा है। उन्होंने आने वाले दोनों मैचों के लिए दोनों टीमों को भरपूर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर खेल विभाग प्रमुख सुरेंद्र कपूर, एडमिन प्रमुख विकास अरोड़ा ,क्रिकेट कोच वीरेंद्र,कबड्डी कोच मनोज छोकर,योगा कोच शिवानी आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।




**प्रतिभा**

**▶▶ पहले बॉलिंग को चुना जिसमें साकेत और जय ने अपनी श्रेष्ठ बोलिंग की प्रतिभा को दिखाते हुए 2-2 विकेट हासिल किए**

## देश को समृद्ध बनाने के लिए युवा पीढ़ी का रहेगा अहम योगदान: सुभाष

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि देश को समृद्ध और खुशहाल बनाने के लिए युवा पीढ़ी का अहम योगदान रहेगा। इसलिए देश की भावी पीढ़ी को अच्छी शिक्षा और संस्कार देने की जरूरत है। इस कार्य को सेंट थॉमस जैसी शैक्षणिक संस्थाएं बखूबी कर रही है। इस स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हमेशा सराहनीय प्रदर्शन कर रहे है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा शनिवार को मल्टी आर्ट कलचर सेंटर के सभागार में सेंट थॉमस कान्वेंट स्कूल के वार्षिक उत्सव के दूसरे चरण के कार्यक्रम का शुभारंभ करने के उपरांत विद्यार्थियों को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पहले पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर, सेंट थॉमस कान्वेंट स्कूल की एमडी अंजलि मरवाह, एमडी संदीप मरवाह, कार्तिकेय मरवाह, स्कूल कोरदीनेटर रजनी ,सुखविन्द्र बिन्द्रा व समाजसेवी पंकज अरोड़ा ने सेंट थॉमस कान्वेंट स्कूल के अलग-अलग चरणों के वार्षिक उत्सव का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने सेंट थॉमस कान्वेंट स्कूल के प्री-प्राइमरी कक्षाओं के विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने के लिए प्रशंसा पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि ने सेंट थॉमस स्कूल की वार्षिक खेल कूद गतिविधियों और सांस्कृतिक गतिविधियों में सराहनीय प्रदर्शन करने वाले होनहार विद्यार्थियों को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में केजी, नर्सरी के नन्हें-नन्हें विद्यार्थियों के साथ-साथ अन्य कक्षाओं के विद्यार्थियों ने हरियाणवी, राजस्थानी, गिद्दा, भांगडा सहित अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सबको आश्चर्य चकित कर दिया। इन बेहद उम्दा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों को देखकर दर्शकों की तालियां बजती रही। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओत प्रोत गीतों और नाटकों की भी प्रस्तुतियां देकर सबको भाव विभोर कर दिया। इन विद्यार्थियों ने करीब 2 घंटे से ज्यादा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मल्टी आर्ट कलचर सेंटर के मंच को संस्कृति के महाकुंभ के रूप में परिवर्तित कर दिया। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि बच्चों की कला को देखकर बेहद प्रसन्नता हुई। इन विद्यार्थियों के कण-कण में देश की संस्कृति और संस्कार भरे हुए है। यह विद्यार्थी निश्चित ही एक अच्छे नागरिक बनेंगे और देश की सेवा में अपना अहम योगदान देंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने कहा कि सेंट थॉमस स्कूल में बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के साथ-साथ अच्छे संस्कार भी दिए जा रहे है।




**सम्मेलन**

**▶▶ इस स्कूल के विद्यार्थी शिक्षा, खेल कूद और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में हमेशा सराहनीय प्रदर्शन कर रहे है**

## निगम चुनाव में पार्षद पद के लिए 6 नामांकन दाखिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मेयर पद के लिए आज कोई नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया तथा निगम पार्षद के विभिन्न वार्डों के लिए 6 नामांकन दाखिल किये गए। उन्होंने बताया कि नगर निगम के मेयर और सभी 20 वार्डों के पार्षद सदस्यों के चुनाव के लिए एडीसी यश जालुका को रिटर्निंग अधिकारी लगाया गया है। नगर निगम में मेयर पद के लिए आज कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया। पार्षद पद के लिये पांच नामांकन दाखिल किये गये। इनमें वार्ड तीन से दो, वार्ड पांच से एक, वार्ड 13, 15 और 17 से एक.एक नामांकन दाखिल किया गया।

उन्होंने बताया कि मतदान दो मार्च और मतगणना 12 मार्च को कराई जाएगी। नगर निगम चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक (राजपत्रित अवकाश को छोडकर) सभी कार्य दिवसों में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अठारह को नामांकन पत्रों की जांच की जायेगी। उम्मीदवार 19 फरवरी को सुबह 11 से दोपहर बाद 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं। इसी दिन तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। उन्नीस को ही चुनाव लड? वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। दो मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान कराया जाएगा। बारह मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना कराई जाएगी।

**असंध में कोई नामांकन दाखिल नहीं:** रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम राहुल कुमार ने बताया कि नगरपालिका असंध में चेयरमैन पद के लिए उप चुनाव होना है। आज कोई नामांकन दाखिल नहीं किया गया।

**नीलोखेड़ी में चेयरमैन के लिए एक नामांकन:** आज नीलोखेड़ी नगर पालिका चेयरमैन पद के लिये सवर्ण सिंह ने नामांकन दाखिल किया।

# विधायक गहलावत ने विद्यालय में बनवाये कमरों व लैब को किया लोकार्पित

## विद्यार्थियों को बेहतरीन माहौल में शिक्षा अर्जित करने के लिए करेंगे हर संभव प्रयास : कृष्णा गहलावत

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई:** राई हलका विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंडली में नवनिर्मित कमरों व अन्य निर्माण कार्य को बतौर मुख्यातिथि लोकार्पित करते हुए कहा कि राजकीय विद्यालयों में इन्फ्रास्ट्रक्चर की मजबूती उनकी प्राथमिकता है ताकि विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षण सुविधाएं मिलें। विधायक कृष्णा गहलावत शनिवार को मंदबुद्धि बच्चों के विद्यालय सैनफोर्ट स्पेशल स्कूल के साथ कुंडली स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पहुंची, जहां उन्होंने लाखों रुपए की लागत से करवाये गये निर्माण कार्य का उदघाटन किया। उन्होंने बताया कि विभिन्न विद्यालयों में चारदिवारी तथा मुख्यद्वार का निर्माण, दर्जनों कमरों की छत, दरवाजे व




खिड़कियों की मरम्मत कार्य, २१ नए कमरों व लैब का निर्माण, २२ कक्षा कक्षों तथा बीस कमरों के बरामदे में कोटा स्टोन का फर्श डलवाया, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुंडली तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला प्याऊ मनियारी के पूरे परिसर में इंटरलॉकिंग का कार्य पूरा करवाया गया, कुंडली विद्यालय में तीन टॉयलेट सैट लड़कियों के लिए तथा पांच टॉयलेट सैट लड़कों के लिए बनवाये गये, प्राचार्या कक्ष, कान्फ्रेंस हॉल तथा लिपिक कक्ष का नवीनीकरण, विद्यालय परिसर में स्टेज का निर्माण, पूरे विद्यालय में बिजली की फिटिंग, २५० नए ओरियेंट पंखे तथा एलईडी लाइट की व्यवस्थौ करवाई गई। विधायक ने बताया कि

**शिक्षा पर बल**

**▶▶ बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जाएं, ताकि विद्यार्थी अच्छे माहौल में उच्च सुविधाओं के साथ शिक्षा अर्जित करें**

उनका प्रयास है कि सभी राजकीय विद्यालयों में बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जाएं, ताकि विद्यार्थी अच्छे माहौल में उच्च सुविधाओं के साथ शिक्षा अर्जित करें। अच्छी व्यवस्थाओं से विद्यार्थियों को विशेष लाभ मिलेगा। उन्हें निजी विद्यालयों की भांति बेहतरीन शिक्षण सुविधाएं मिलेंगी, जिससे परीक्षा परिणामों में भी बेहतरी आएगी। साथ ही उन्होंने सैनफोर्ट स्पेशल स्कूल में भी संबोधन देते हुए कहा कि मानसिक रूप से विक्षिप्त बच्चों को भी समाज की मुख्यधारा में लाने के लिए एकजुट प्रयास करने चाहिए।

इस दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने मनोहारी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां भी दी, जिनमें शिक्षिका दीपा की कन्या भ्रूण हत्या पर दी गई प्रस्तुति को खूब सराहा गया। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, प्रिंसीपल शीला सहरावत, डिप्टी डायरेक्टर रेलवे जगबीर सिंह सहरावत, प्रिंसीपल चांदकिशोर, मार्केट कमेटी सोनीपत के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप नांगल, एडवोकेट रजनीश मलिक, शेखर आंतिल खेवड़ा, पार्षद प्रवीण खरब, प्रवीण खत्री, प्रदीप जयंत, दीपक शर्मा, नरेश खत्री, गुलशन, निरंजन, समाजसेवी विनोद खत्री, विक्की आदि लोग मौजूद थे ।

# ग्रामीणों ने अपना काम पूरा कर दिया है, अब उनकी बारी: विधायक कृष्णा

**आबार जताया**

**▶▶ कृष्णा गहलावत ने कहा कि उनका स्वप्न है कि राई हलके को प्रदेश की नंबर-एक विधानसभा बनायें**



**टीम एक्शन इंडिया**

**राई।** विधायक कृष्णा गहलावत ने शनिवार को जाखौली गांव में आयोजित धन्यवादी कार्यक्रम में पहुंच कर ग्रामीणों का आभार जताया। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। जनसभा के रूप में आयोजित हुए कार्यक्रम में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वे ग्रामीणों की सदैव आभारी रहेंगी जिन्होंने उनको जीत का आशीर्वाद दिया। ग्रामीणों ने अपना काम पूरा कर दिया है। अब उनकी बारी है। वे भी जनसेवा से पीछे नहीं हटेंगी। ग्रामीणों और गांवों के विकास में कोई कसर नहीं छोडी जाएगी। हलकावासियों को शहरी तर्ज पर बेहतरीन सुविधाएं प्रदान की जाएगी। लोगों के सभी काम पूरे करवायेंगे। विधायक एवं पूर्व मंत्री कृष्णा गहलावत ने कहा कि उनका स्वप्न है कि राई हलके को प्रदेश की नंबर-एक विधानसभा बनायें, जिसमें किसी भी प्रकार की समस्या न हो। लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाया जाएगा। वे दिन-रात हलकावासियों की सेवा के लिए उपलब्ध हैं। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि दो प्रमुख सड़कों का निर्माण कार्य अति शीघ्र शुरू करवायेंगे, जिनके टेंडर बहुत जल्दी हो जाएंगे। इन सड़कों का एस्टीमेट तैयार करके भेजा जा चुका है। इन सड़कों में खेवड़ा से जगदीशपुर रोड का चौड़ीकरण और झुंडपुर से जाखौली-पतला-नांगल कलां रोड शामिल हैं। इन सड़कों के निर्माण कार्य पर लगभग क्रमश: पांच करोड़ ७५ लाख तथा पांच करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस मौके पर सरपंच गीतेश राजपूत, सरपंच नवीन चौहान, जिला पार्षद विक्रांत चौहान, जसपाल आंतिल खेवड़ा, नंदकिशोर वर्मा, जेपी रेवली, अनिल आंतिल, पुनीत राई, विनोद बैरागी, राजेश प्रधान टांडा, रविंद प्रधान अटेरना, घनश्याम, ऊषा रानी, धर्मबीर सैनी, प्रेम नंबरदार, सुधीर नंबरदार, श्याम नंबरदार, बिजेंद्र चौहान, सुशील चौहान आदि शामिल रहे।

# गन्नौर बार एसोसिएशन में आपसी भाईचारे की मिसाल



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** गन्नौर बार एसोसिएशन ने आपसी सद्भाव और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करते हुए आगामी चुनावों में सर्वसम्मति से अपने पदाधिकारियों का चयन किया है। पांच प्रमुख पदों के लिए प्रस्तावित चुनाव अब सर्वसम्मति से चुने गए प्रत्याशियों के कारण बिना मतदान के ही संपन्न हो गए हैं। शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन उपप्रधान, सचिव, सहसचिव और कोषाध्यक्ष पदों के लिए केवल एक-एक आवेदन प्राप्त हुआ था, जिससे इन पदों पर निर्विरोध बनना तय था। वहीं प्रधान पद के लिए गौरव त्यागी और राजीव त्यागी ने नामांकन दाखिल किया था। शनिवार को नामांकन वापसी की प्रक्रिया के दौरान राजीव त्यागी ने अपना नामांकन वापस ले लिया, जिससे प्रधान पद पर भी गौरव त्यागी का भी निर्विरोध चयन हो गया। सर्वसम्मति से चुने गए

**सर्वसम्मित**


**▶▶ प्रस्तावित चुनाव अब सर्वसम्मति से चुने गए प्रत्याशियों के कारण बिना मतदान के ही संपन्न हो गए हैं**

पदाधिकारियों में प्रधान पद पर गौरव त्यागी, उपप्रधान विशाल चौहान, सचिव विवेक त्यागी, सहसचिव रणसिंह भारद्वाज, और कोषाध्यक्ष नवीन रंगा शामिल हैं। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने सभी पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाई और उन्हें जीत पर बधाई दी। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए आरओ संजय पांचाल तथा एआरओ सतेंद्र गिरी और योगेश शर्मा उपस्थित रहे। प्रधान गौरव त्यागी ने कहा कि आपसी सहमति से एसोसिएशन के पदाधिकारी चुन कर सभी अधिवक्ताओं ने भाईचारे और एकता का परिचय दिया है।

# बंद मकान में घुसे चोर, जेवर और कैश ले गए साथ

**फरार हो गए**

**▶▶ जब देर रात घर लौटा तो दरवाजे के ताले टूटे मिले और सारा सामान बिखरा हुआ मिला**



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में शादी समारोह में गए परिवार के घर में चोरों ने सेंध लगा दी और लाखों का सामान लेकर फरार हो गए। वारदात करनाल के सुभाष गेट इलाके में सीता राम मंदिर के पास हुई। परिवार शादी समारोह से जब देर रात घर लौटा तो दरवाजे के ताले टूटे मिले और सारा सामान बिखरा हुआ मिला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

करनाल के सुभाष गेट निवासी प्रदीप नारंग ने पुलिस को बताया कि वह कल रात साढे 9 बजे परिवार समेत शादी समारोह में गए थे। करीब पौने दो बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाने पर पाया कि घर के अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त था। घर में दो अलमारियां थी, जिनके लॉक टूटे हुए थे। पहली अलमारी में 10 तोले सोने के जेवर और 70 हजार रुपए रखे थे, जबकि दूसरी अलमारी में 7 तोले सोने के जेवर और करीब 1.10 लाख रुपए कैश था। इसके अलावा बेड पर रखा पर्स भी गायब था, जिसमें 7 हजार रुपए नकद और पूजा नारंग के नाम पर पंजीकृत एक मोबाइल फोन था। प्रदीप नारंग ने बताया कि घर में चोरी के बाद एक टॉप्स गिरा हुआ मिला, जिससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि चोर जल्दी में सामान समेटकर भागे। घटना की सूचना मिलते ही थाना शहर करनाल पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

# युवक पर डंडों से हमला, जान से मारने की दी धमकी

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** रेहड़ा बस्ती में एक युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। घायल ने तीन हमलावरों के खिलाफ थाना गन्नौर में शिकायत दी है। शिकायत में रेहड़ा बस्ती निवासी मोसिन बताया कि बड़ी औद्योगिक क्षेत्र प्लाट नंबर 456 पर वेल्डिंग का काम करता है। करीब 13-14 दिन पहले उसका इमरान निवासी गांव मऊ, बागपत, यूपी से झगड़ा हुआ था, जिससे वह रंजिश रखने लगा। 13 फरवरी की शाम वह अपने दोस्त राहुल के साथ बाइक पर घर लौट रहा था। जब वह महावीर कबाड़ी की दुकान के पास पहुंचा तो इमरान और उसके दो अज्ञात साथियों ने उसे रोक लिया। इमरान ने डंडे से हमला किया, जिससे वह बाइक सहित गिर गया। डर के मारे वह खेतों की ओर भागा, लेकिन हमलावरों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया और बुरी तरह पीटा। इसके बाद आरोपित उसे जान से मारने की धमकी दे कर फरार हो गए। सूचना मिलने पर स्वजन उसे उसे सरकारी अस्पताल गन्नौर ले गए, जहां से उसे खानपुर मेडिकल रेफर किया गया। पुलिस ने शिकायत पर इमरान व उसके दो साथियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ठग युवक का लैपटॉप और नकदी लेकर हुआ फरार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले में बस में सफर कर रहे युवक को दो ठगों ने बेहोश कर दिया और उसका लैपटॉप, मोबाइल, नकदी और जैकेट लेकर फरार हो गए। ठगों ने पहले युवक को भरोसे में लिया, फिर खाने-पीने का सामान साझा किया और बेहोश करने वाली दवा मिलाकर पानी पिला दिया। जब युवक को होश आया तो वह घर पर था और उसका सामान गायब था। पीडित की शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पीड़ित विशाल कौशिक गुडगांव से करनाल लौट रहा था और एक तीन सीट वाली जगह पर बैठ गया। उसकी अगल-बगल दो अन्य यात्री बैठ गए, जिन्होंने खुद को नॉर्मल सहयात्री की तरह पेश किया। रास्ते में जब बस समालखा रुकी तो विशाल नीचे उतरे और खाने के लिए चिप्स खरीदे। बस में लौटने के बाद एक बुजुर्ग उनके पास बैठ गया और विशाल खड़े हो गए। उन्होंने अपना बैग सीट के नीचे रखा, जिसमें लैपटॉप, मोबाइल, नकदी और जैकेट थी। बस पानीपत पार कर गई तो विशाल ने चिप्स खाना शुरू किया। उनके पास बैठे एक यात्री ने भी चिप्स खाए। थोड़ी देर बाद जब बस मधुबन से आगे बढ़ी तो एक यात्री ने उन्हें पानी की बोतल ऑफर की। विशाल ने जैसे ही पानी पिया, उन्हें चक्कर आने लगे और आंखों के आगे अंधेरा छाने लगा।

इस बीच उनमें से एक यात्री ने उन्हें अपनी सीट पर बैठा लिया। कुछ देर बाद बस नमस्ते चौक करनाल पर रुकी। ठगों ने बेहोश विशाल को नीचे उतार दिया और उनका बैग लेकर भाग निकले। विशाल को होश आने के बाद समझ आया कि उनके साथ ठगी हो चुकी थी।

# वैदिक वाङ्मय गौरवशाली भारतवर्ष का प्रतीक : डॉ. वीरेन्द्र पाल

**पहचान**

**▶▶ वैदिक वाङ्मय भारतवर्ष का प्रतीक है। यह भारत वर्ष समृद्ध वैदिक संस्कृति की पूरे विश्व में पहचान**



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** संस्कृत पालि-प्राकृत विभाग व संस्कृत प्राच्यविद्या संस्थान केयू के द्वारा महर्षि-सान्दीपनि-राष्ट्रिय-वेदविद्या-प्रतिष्ठान के वित्तीय सहयोग से आयोजित तीन दिवसीय संगोष्ठी के समापन अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुल सचिव लेफ्टिनेंट (डॉ) वीरेंद्र पाल बतौर मुख्य अतिथि कहा कि वैदिक वाङ्मय गौरवशाली भारतवर्ष का प्रतीक है। यह भारत वर्ष समृद्ध वैदिक संस्कृति की पूरे विश्व में पहचान है। इस अवसर पर उन्होंने संगोष्ठी के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दी व भविष्य में इस प्रकार की कार्यक्रमों के आयोजन हेतु प्रेरित किया ।

संगोष्ठी के तीसरे दिन के चतुर्थ सत्र में अध्यक्ष पूर्व विभागाध्यक्ष संस्कृत विभाग महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक से प्रो. बलवीर आचार्य, विशिष्ट अतिथि विश्वेश्वरानंद विश्वबन्धु, वैदिक संस्थान की प्रो. रीतु बाला व सारस्वतातिथि पंजाब विश्वविद्यालय के प्रो. वीरेन्द्र अलंकार रहे। प्रो. बलवीर आचार्य ने सत्र में पढे गये शोधपत्रों की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि वैदिक धर्म का अर्थ अनुशासन, नैतिकता, कर्तव्य व संवैधानिक मूल्य ही है। वैदिक धर्म व संस्कृति का महत्त्व किसान, छात्र से लेकर प्रत्येक मनुष्य के जीवन में है। संगोष्ठी में वैदिक परिप्रेक्ष्य में कृषि, स्वास्थ्य, विश्वशान्ति, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, राष्ट्र धर्म, समुचित विकास, स्वच्छ राजनीतिक, गौरक्षा, वैदिक संस्कार, संविधान, धर्म आदि विषयों पर लगभग 25 शोध पत्र पढे गये। सत्र का संचालन डॉक्टर विजयश्री ने किया ।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के वेदप्रकाश डिंडोरिया ने विकसित राष्ट्र हेतु वैदिक आर्थिक चिंतन को प्रस्तुत किया। वहीं सारस्वत अतिथि प्रोफेसर पंजाब विश्वविद्यालय के प्रोफेसर वीरेंद्र अलंकार ने वैदिक मंत्रों को उद्धृत करते हुए राष्ट्र के आंतरिक एवं बाह्य विकास हेतु आवश्यक तत्वों को परिभाषित किया। डॉ कृष्ण आर्य ने त्रिदिवसीय संगोष्ठी का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संयोजिका प्रो. कृष्णा देवी ने संगोष्ठी में आए हुए सभी पत्र प्रस्तोताओ व अतिथियों का स्वागत व धन्यवाद किया। सत्र का संचालन सहायक आचार्य डॉ विनोद कुमार शर्मा ने किया।

# थानेसर नगर परिषद के 13 वार्डों से 16 प्रत्याशियों ने भरा नामांकन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** जिला नगर आयुक्त सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि नगर परिषद थानेसर के 13 वार्डों से 16 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। इसके साथ ही इस्माइलाबाद उप चुनाव में प्रधान पद के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र भरा है। जबकि लाडवा के वार्ड नंबर 11 से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। अहम पहलु यह है कि थानेसर नगर परिषद से अब तक कुल 24 प्रत्याशी नामांकन पत्र दाखिल कर चुके है। डीएमसी सतेन्द्र सिवाच ने कहा कि थानेसर नगर परिषद के वार्ड 4



से धन सिंह, वार्ड 6 से सोनिया रानी, वार्ड 12 से हरनेक सिहं व प्रिंस, वार्ड नंबर 13 से रविन्द्र कुमार व जय भगवान, वार्ड 14 से शारदा कुमारी, वार्ड 17 से कुलदीप कुमार, वार्ड 18 से राजेश कुमार, वार्ड 20 से महेश व नीरू, वार्ड 21 से नेहा गुप्ता, वार्ड 26 से चेतना, वार्ड 25 से रामपाल, वार्ड 28 से विजय लक्ष्मी, वार्ड 30 से नरेन्द्र कुमार ने नामांकन पत्र भरा है। इसके अलावा इस्माइलाबाद उप चुनाव में प्रधान पद के लिए एक और प्रत्याशी शिखा ने शनिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि मतदान 2 मार्च को करवाया जाएगा, वहीं

**पर्चा दाखिल**

**▶▶ इसके साथ ही इस्माइलाबाद उप चुनाव में प्रधान पद के लिए एक प्रत्याशी ने नामांकन पत्र भरा है**

मतगणना 12 मार्च को करवाई जाएगी। नगर परिषद व नगर पालिका चुनाव के लिए प्रत्याशी 17 फरवरी तक सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक राजपत्रित अवकाश को छोडकर.सभी कार्य दिवस पर नामांकन दाखिल करवा सकेंगे। उन्होंने कहा कि 18 फरवरी को नामांकन की जांच का कार्य किया जाएगा। नगर परिषद व नगर पालिका चुनाव के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशी 19 फरवरी को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं,19 फरवरी को दोपहर तीन बजे के बाद प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके बाद 19 फरवरी को ही चुनाव लडने.वाले प्रत्याशियों व मतदान केंद्रों की सूची निर्धारित स्थान पर चस्पा कर दी जाएगी। इन चुनावों के लिए निर्धारित शैडयूल के अनुसार 2 मार्च को सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान करवाया जाएगा। वहीं 12 मार्च को सुबह 8 बजे से मतगणना करवाई जाएगी।

# सनपेड़ा में फैक्ट्री के पास खाली पड़ी जमीन में कूड़े में लगाई जा रही आग

**जांच की मांग**

**▶▶ खुले में डाले जा रहे कूड़े व उसमें आग लगाए जाने के मामले में जांच कर कार्रवाई करने की मांग की ह**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** सनपेड़ा में फैक्ट्री के पास खुले में कूड़ा डाल कर उसमें सरेआम आग लगा कर प्रदूषण फैलाया जा रहा है। कूड़े के ढेर से उठते धुएं के चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन प्रदूषण विभाग के



अधिकारी इसे गंभीरता से नहीं है। सनपेड़ा रोड पर कई फैक्ट्री चल रही हैं। इस रोड पर जगह-जगह फैक्ट्रियों से निकलने वाले कूड़े के ढेर लगे दिखाई देते हैं। इनका उठान करवाने के बजाय इनको आग के हवाले किया जा रहा है, जिससे वातावरण प्रदूषित हो रहा है। इससे धुआं और हानिकारक गैसें वातावरण में फैल रही हैं। जिससे ग्रामीणों का सांस लेना भी दुर्भर हो जाता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से फैक्ट्रियों द्वारा खुले में डाले जा रहे कूड़े व उसमें आग लगाए जाने के मामले में जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। इस बारे में एसडीएम प्रवेश कादियान ने कहा कि कूड़े का सही निस्तारण करने की बजाय खुले में कूड़ा डाल कर आग के हवाले करना नियमों के विरुद्ध है।

# नदियों व तालाबों को दूषित होने से राकें, पानी बचाए: अरुण कैहरबा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** गांव ब्याना स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन भौतिकी प्राध्यापक विवेक कुमार व रसायन विज्ञान प्राध्यापक संदीप कुमार ने किया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा, बलविन्द्र सिंह, राजेश सैनी, नरेश मीत व सोमपाल ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम संयोजक विवेक कुमार व संदीप कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार सप्ताह के तहत स्कूल में जल संरक्षण पर केन्द्रित गतिविधियों का आयोजन किया



गया। इनमें विद्यार्थियों को भूजल पुनर्भरण प्रणाली की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जल संरक्षण की विधियों पर सेमिनार आयोजित किया गया। जागरूकता रैली, नारा लेखन, पेंटिंग आदि गतिविधियां करवाई गई। स्कूल के सैंकड़ों विद्यार्थियों ने गतिविधियों में हिस्सा लिया। हिन्दी प्राध्यापक अरुण कुमार कैहरबा ने कहा कि संतों-महापुरूषों, वैज्ञानिक, पर्यावरण के जानकारों द्वारा पानी का सदुपयोग करने के बारे में बताया जा रहा है। रहीम जी ने पानी को बचाने का संदेश देते हुए कहा है. रहिमन पानी राखिए, बिन पानी सब सून, पानी गए ना ऊबरे मोती मानस चून। गुरु नानक देव जी ने पानी को पिता की संज्ञा देते हुए कहा है- पवन गुरु पानी पिता, माता धरत महत। इसी प्रकार से हमारे देश में गंगा को मैया कहा गया है। नदियों, नहरों, तालाबों, कूओं व बावडियों पर माथा टेकने की प्रथा है। उन्होंने कहा कि जब भी कोई शुभ कार्य होता है तो इनकी पूजा की जाती है। लेकिन अंध उपभोक्तावादी संस्कृति के प्रभाव में मनुष्य स्वार्थों के वशीभूत होकर पानी व पानी के स्रोतों की महत्ता भूलते गए हैं। जल स्रोतों में कूड़ा कचरा डालकर हम पानी को दूषित कर रहे हैं। पानी की बबार्दी के कारण भूजल स्तर लगातार नीचे जा रहा है, जो कि आने वाले गंभीर संकट की निशानी है। उन्होंने कहा कि हमें अपने पूर्वजों द्वारा दिए गए जल संरक्षण के संदेश को दौबारा याद करने की जरूरत है, तभी हम अपने जीवन को समृद्ध कर सकते हैं।

# निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने वार्ड में चलाया सफाई अभियान








**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली विधानसभा चुनाव की व्यस्तता के बाद बुराड़ी विधानसभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले मुकुंदपुर वार्ड नंबर-8 से निगम पार्षद गुलाब सिंह राठौर ने फिर से क्षेत्र का दौरा करना शुरू कर दिया है। इसके साथ ही राठौर क्षेत्र की तमाम गली कूचों में जाकर अपने क्षेत्र की परिस्थितियों का जायजा भी ले रहे है। इसी कड़ी में क्षेत्र स्थित 25 फुटा पार्ट-2 सोम बाजार रोड़ की तकरीबन नालियों की सफाई मिनी मशीनों से करवाई गई। इसके साथ ही नालियों से निकली गाद को ट्रेक्टर ट्रालियों द्वारा उठाया गया। इस दौरान पार्षद के साथ निगम के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। इस मौके पर राठौर ने बताया कि वैसे तो क्षेत्र में मेरे द्वारा निरंतर दौरा चलता रहता है। लेकिन विधानसभा चुनाव की वजह से संबंधित विभाग के कर्मचारी व अधिकारियों की व्यस्तता चल रही थी, जिसके चलते सभी चुनाव में व्यस्त हो गए थे, लेकिन अब चुनाव संपन्न हो गए है और दिल्ली में भी भाजपा की सरकार आ गई है तो अब दिल्ली में भी विकास दोहरी रफ्तार से बुलेट ट्रेन की गति से होगा और साफ-सफाई सहित लोगों की अन्य मुलभूत सुविधाओं की ओर विशेष ध्यान दिया जाएगा। राठौर ने कहा कि आप शासित दिल्ली नगर निगम के खजाने को भी आम आदमी पार्टी की सरकार चट कर गई है। जिसके चलते निगम के पास न तो आधुनिक मशीने है और कर्मचारियों की भी खासा कमी बनी हुई है, उन्हीं कर्मचारियों से काम लेना पड़ रहा है।

## 'महाशिवरात्रि पर होगा विशाल कार्यक्रम, चल रही है तैयारियां'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** महाशिवरात्रि की तैयारियां जोर-जोर से शुरू हो गई है, इसको लेकर दिल्ली के महाकाल की ओर से 26 फरवरी को रमेश नगर में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देशभर के मशहूर गायक इसमें महाकाल के भजन गायेंगे। इसमें विभिन्न राजनीतिक सामाजिक व धार्मिक के साथ-साथ काफी संख्या में लोग शामिल होंगे। इस अवसर पर दिल्ली के महाकाल के आयोजन भूपिंदर कपूर, कमल आहूजा, नीरज आहूजा, सुनील कुमार, आशीष मखीजा, सुरेंद्र सदाना अजय प्रताप ने बताया कि दिल्ली प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, सांसद बांसुरी स्वराज, विधायक हरीश खुराना, फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन चेयरमैन के परमजीत सिंह पम्मा अन्य अतिथि उपस्थित होंगे।

इस अवसर पर भूपिंदर कपूर ने बताया कि 14 वर्षों से इसी प्रकार दिल्ली के महाकाल महाशिवरात्रि के उपलक्ष पर कार्यक्रम करता आ रहा है। बड़ी खुशी की बात है कि इसमें सभी धर्म के लोग शामिल होते हैं। भजनों के आनंद के साथ-साथ आशीर्वाद भी प्राप्त करते हैं। उन्होंने बताया हमारी संस्था की ओर से निमंत्रण देकर परमजीत सिंह पम्मा का स्वागत किया गया। इसी प्रकार अतिथियों का हम निमंत्रण के साथ स्वागत करते हैं। उन्होंने बताया इस अवसर पर भजनों के साथ-साथ विभिन्न झांकियां का भी आयोजन किया गया है।

## आम आदमी पार्टी के नेता जांच से क्या डर रहे हैः यादव



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने कहा कि कांग्रेस एक जिम्मेदार विपक्षी पार्टी है, भाजपा सरकार के 3-4 महीने के कार्यवाही और कार्यकलापों का इंतजार कर रही है कि जो जनादेश दिल्ली के लोगों ने भाजपा को दिया है उस पर काम करती है या नहीं है। भाजपा की प्राथमिकता दिल्ली की समस्याओं को हल करने की होनी चाहिए। दिल्ली कांग्रेस लोगों को प्रभावित करने वाले मुद्दों को दृढ़ता से उठाएंगे, क्योंकि कांग्रेस दिल्ली की जनता को अधिकार दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय, राजीव भवन में मीडिया से बात करते हुए, देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा ने दिल्ली में पहले की प्रचलित योजनाओं को फिर से शुरू करने की बात करना कोई आश्चर्य नहीं है क्योंकि मोदी सरकार ने 2014 में भी यही काम किया था जब उसने केंद्र में कांग्रेस सरकार की परियोजनाओं को फिर से योजना बनाकर शुरू करने का काम किया था। इन्हें इस बात की कोई चिंता नहीं कि यह लोगों की भलाई के लिए है या नही? देवेंद्र यादव ने कहा कि हम विधान सभा प्रत्याशियां से हार के कारणों का पता लगाने के लिए, जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए रोड़मैप तैयार करने के लिए संसदीय क्षेत्रों की विधानसभा के कांग्रेस के उम्मीदवारों की बैठकें कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव परिणामों से सबक लेना और उनका अवलोकन करना हमारी प्राथमिकता रहेगी, ताकि आगामी चुनावों के लिए रणनीति तैयार हो सके।

देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा की घोषणाओं पर विश्वास नहीं कि कि वो अत्यधिक प्रदूषित यमुना की सफाई वास्तविकता में करेंगे, यमुना को साफ तभी माना जाएगा जब कोई गहरी डुबकी लगाने पर स्वस्थ रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा के क्रियाकलापों पर गहन नजर रखेगी कि वो सभी चुनाव वादों को पूरा कर रही है या खोखले वादे करके लोगों को धोखा दे रही है जैसे 11 साल तक केजरीवाल ने किया था।




शालीमार बाग ब्लॉक बीके-2 की विकास समिति (आरडब्ल्यूए) के चेयरमैन सत्यपाल शर्मा के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल नवनिर्वाचित विधायक रेखा गुप्ता से मिला और उन्हें जीत की बधाई दी। इस अवसर पर वर्षा शर्मा, सुमन चोपड़ा व दीसप्रीत कौर ने विधायक रेखा गुप्ता को फूलमाला पहनाकर जीत की बधाई दी।

## कोर्ट ने सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुनवाई टाली

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में सुनवाई टाल दिया है। सुनवाई जज के उपलब्ध नहीं होने की वजह से टली है। मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी।

बता दें कि सीबीआई ने 13 जनवरी को कोर्ट को इस बात की सूचना दी थी कि सत्येंद्र जैन के खिलाफ अभियोजन चलाने के लिए जरुरी अनुमति मिल गई है। इस मामले में कोर्ट ने सत्येंद्र जैन को 18 अक्टूबर 2024 को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने कहा था कि सत्येंद्र जैन लंबे समय से जेल में हैं और इस मामले में जल्द ट्रायल शुरू होने की संभावना नहीं है। ऐसे में वो जमानत के हकदार हैं। सत्येंद्र जैन पर आरोप है कि वे लोकसेवक रहने के दौरान 14 फरवरी 2015 से 31 मई 2017 के बीच एक करोड़ 62 लाख रुपये अर्जित किए जो उनके ज्ञात स्रोत से काफी ज्यादा है। मनी लाऊंड्रिंग के मामले में जैन पर आरोप है कि उन्होंने 2009-10 और 2010-11 में फर्जी कंपनियां बनाई। इन कंपनियों में अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं।



मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक गोयल देवराहा द्वारा आयोजित कार्यकर्त्ता अभिनन्दन समारोह में विधायक अशोक गोयल देवराहा का स्वागत करते हुए केशवपुरम जोन के डिप्टी चेयरमैन व निगम पार्षद सुशील जोंटी व अन्य।

## आदर्श नगर में खिला कमल, अब होगा आदर्श क्षेत्र का विकासः मुखी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता इन्द्रजीत मुखी ने कहा कि आदर्श विधानसभा क्षेत्र में कमल खिलने से अब आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास होगा।

आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार भाटिया क्षेत्र में विकास करके दिखायेगें। क्योंकि राजकुमार भाटिया जो कहते है, वह करके दिखाते है। यही कारण है कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र की जनता ने उनको विधायक बनाया है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास कर रहे है। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय जनता पार्टी के राज में शहरों व गांव दोनों जगहों पर विकास हुआ है, जिससे देश के लोग काफी ज्यादा खुश है।

## कमेटी और अकाली दल ने सिखों की 19 फरवरी को पंथक कन्वेन्शन बुलाने का किया आह्वान



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी और शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट के पदाधिकारियों और सदस्यों की हुई बैठक में 19 फरवरी को दिल्ली में एक पंथक कन्वेन्शन बुलाने और कौम को सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर निर्णय लेने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। इस संबंध में अधिक जानकारी देते हुए कमेटी के अध्यक्ष सरदार हरमीत सिंह कालका और जनरल सेक्रेटरी सरदार जगदीप सिंह काहलों ने बताया कि आज की बैठक में कौम को दरपेश बखते समस्याओं पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि आजकल देखा जा रहा है कि शिरोमणि अकाली दल बादल श्रीअकाल तख्त साहिब के जत्थेदार के आदेशों की अवहेलना कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिस तरह से तख्त श्री दमदमा साहिब के जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह को पद से हटाया गया और अन्य जत्थेदार साहिबान की किरदारकुशी की जा रही है, इससे समूचे सिख जगत में रोष है। उन्होंने कहा कि इसलिए हमने फैसला लिया है कि पूरे देश के सिखों का एक साझा पंथक कन्वेन्शन करवाया जाए, जो 19 फरवरी को शाम 4 बजे गुरुद्वारा रकाबगंज साहिब परिसर में भाई लख्खी शाह वणजारा हाल में होगा, जिसमें पंथ को दरपेश चुनौतियों पर चर्चा कर आगामी रूपरेखा तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज पंथक चुनौतियों का सामना करने के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कन्वेन्शन में हम पांचों तख्तों के सिंह साहिबान, निहंग सिंह जत्थेबंदियाँ, सम्प्रदायों और देश भर की सिंह सभाओं, चाहे वे हैदराबाद, कलकत्ता, इंदौर या असम से हों।

## विधायक राजकुमार भाटिया को अमित मित्तल ने दी जीत की बधाई



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली: भाजपा** नेता अमित मित्तल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है, देश के लोग भारतीय जनता पार्टी के कार्यों से काफी ज्यादा खुश है। अमित मित्तल ने आगे बताया कि हम चुनाव के दौरान जहां पर भी गये, हमें जनता का विशेष समर्थन मिला और जनता ने दिल्ली में भाजपा की सरकार बनवाई। इसके लिए मैं दिल्ली की जनता का विशेष आभार प्रकट करता हूं। उन्होंने आगे बताया कि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र से राजकुमार भाटिया के विधायक बनने से खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि मैं राजकुमार भाटिया को विधायक बनने पर बधाई देता हूं और जनता से कहना चाहता हूं कि विधायक राजकुमार भाटिया क्षेत्र का विकास करके दिखायेगें क्योंकि राजकुमार भाटिया वादे के पक्के है।

## एनडीएमसी ने किया संगीत कार्यक्रम का आयोजन, मंत्रमुग्ध हुए लोग



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** बसंत ऋतु के स्वागत और ट्यूलिप के नए खिले फूलों की पृष्ठभूमि में नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने शनिवार को चाणक्यपुरी के नेहरू पार्क में "म्यूजिक इन द पार्क" श्रृंखला 2025 का पहला संगीत कार्यक्रम आयोजित किया।

एनडीएमसी द्वारा आयोजित "म्यूजिक इन द पार्क" का शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम सुनने के लिए दिल्ली और एनसीआर क्षेत्र के हजारों श्रोता प्रसिद्ध सितारवादक पंडित कुशल दास और प्रशंसित हिंदुस्तानी गायक पंडित उल्हास कशालकर के अद्भुत प्रदर्शन से मंत्रमुग्ध हो गए। इन कलाकारों के साथ प्रतिभाशाली संगीतकारों की एक मंडली भी थी। इसमें राम कुमार मिश्रा (तबला), आशय कुलकर्णी (तबला), विनय मिश्रा (हारमोनियम), सरवर हुसैन (सारंग) और साईं महाशब्दे (वोकल) शामिल रहे। राजनयिकों, सरकारी और कॉर्पोरेट क्षेत्रों के उच्च अधिकारियों सहित हजारों फूल प्रेमियों प्रमुख शास्त्रीय संगीत कलाकारों की विभिन्न संगीत धुनों को सुनकर मंत्रमुग्ध हो गए।

## राजधानी में लहराया भगवा, अब होगा विकासः उमाकांत



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** वजीरपुर मंडल भाजपा के अध्यक्ष उमाकांत शर्मा ने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव में जनता ने भाजपा को जिताया है। मैं इसके लिए दिल्ली की जनता का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने आगे बताया कि राजधानी दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने से अब दिल्ली में विकास ही विकास होगा, अब जनता को परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्होंने आगे बताया कि भाजपा की नीतियां जनहितैषी है, भाजपा जो कहती है, वह करके दिखाती है। जिससे दिल्ली के लोग काफी प्रभावित हुए और दिल्ली विधानसभा में भगवा लहराया है। उन्होंने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू की है, इन योजनाओं से जुड़कर देश के लोग विकास कर रहे है और भाजपा के कार्यों की सराहना भी कर रहे है।



बादली विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी दीपक चौधरी की जीत पर निकाली गई धन्यवाद यात्रा के दौरान पूर्व निगम प्रत्याशी दिव्या झा, भाजपा नेता जितेन्द्र ढीका, प्रदीप गोयल व अन्य।

# श्रद्धालुगण कृपया ध्यान दें, यह यमुना नदी है डलाव घर नहीं है!

## जगह जगह लगाए जा रहे हैं आकर्षक आकृति के बोतल

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: यमुना नदी** के घाटों के किनारे प्रयोग की गयी पूजा सामग्री आदि अवशिष्ट को एकत्रित करने के लिए घाटों पर अर्पण कलश स्थापित कराए गए। वेंडिंग जोन, मंदिरों एवं कॉलेज के आसपास क्षेत्र में यूज्ड प्लास्टिक बोतल, केन एवं सूखे कूड़े को एकत्रित किये जाने के लिए हार्ट की आकृति में बोतल बैंक की स्थापना करायी गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के दृष्टिगत नगर आयुक्त शशांक चौधरी के निर्देशों के क्रम में नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा कई अभिनव प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके अन्तर्गत नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा यमुना नदी के घाटों के किनारे प्रयोग की गयी पूजा सामग्री आदि की एकत्रित करने के लिए अर्पण




कलश की स्थापना कराई जा रही है। जिससे घाटों के किनारे पूजा करने के उपरान्त पूजा सामग्री को यमुना नदी में प्रवाहित न करते हुये अर्पण कलश में सामग्री को एकत्रित किया जायेगा। इसी प्रकार

**अनुरोध**

**बोतल बैंक में प्लास्टिक बोतल, केन एवं सूख कूड़ा डाले जाने का अनुरोध किया गया है**

नगर निगम द्वारा व्यवस्थित किये गये वेंडिंग जोन एरिया, मंदिरों एवं कॉलेज के आसपास क्षेत्र में यूज्ड प्लास्टिक बोतल, केन एवं सूखे कूड़े को एकत्रित किये जाने के लिए हार्ट की आकृति में बोतल बैंक की स्थापना करायी जा रही है। जिसके अन्तर्गत मथुरा नगर में विश्राम घाट, दाऊजी घाट, बंगाली घाट पर तीन स्थानों पर अर्पण कलश की स्थापना का कार्य नगर निगम द्वारा कराया गया है। इसी प्रकार मथुरा नगर में श्रीकृष्ण जन्मस्थान पोतरा कुंड, विकास मार्केट एवं बीएसए कॉलेज के पास बोतल बैंक की स्थापना करायी गयी है। इसी के साथ अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार के नेतृत्व में नगर निगम की आईईसी टीम के द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रति जागरूक किया गया। नगर आयुक्त द्वारा स्थानीय जनता से अनुरोध किया गया कि यमुना नदी के घाटों पर पूजा उपरान्त पूजा सामग्री को अर्पण कलश में डाले जाने एवं वेंडिंग जोन एवं पब्लिक क्षेत्र में स्थित बोतल बैंक में प्लास्टिक बोतल, केन एवं सूख कूड़ा डाले जाने का अनुरोध किया गया है।

# दुर्गंध एवं मानसी गंगा जल में प्रदूषण के कार आस्था हो रही आहत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा।** माना जाता है कि भगवान श्री कृष्ण के हृदय से श्री मानसी गंगा प्रकट हुई थीं। मनसी गंगा भी प्रदूषण का दंश झेल रही है। श्रद्धालुओं की आस्था आहत हो रही है। श्रद्धालु मानसी गंगा में स्नान और आचमन से कतरा रहे हैं। दुर्गंध एवं गंदगी के कारण श्रद्धालु भक्तों की आस्था आहत हो रही हैं। जल दूषित हो गया है और जल में दुर्गंध आ रही है। मानसी गंगा के चारों ओर अवैध निर्माण हो गये हैं। आश्रम मकान आदि में से गंदा पानी मानसी गंगा में प्रवाहित हो रहा है जिससे धार्मिक आस्था को चोट पहुंच रही है। इस गंभीर समस्या को लेकर राजस्व अधिवक्ता फोरम तहसील गोवर्धन के संस्थापक अध्यक्ष युवराज, डॉक्टर केशव आचार्य, गोस्वामी कात्यान



पचौरी के नेतृत्व में मानसी गंगा के शुद्धीकरण के लिए संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम गोवर्धन नीलम श्रीवास्तव एवं अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के नेतृत्व की मौजूदगी में समस्या निवारण के लिए प्रार्थना पत्र दिया। प्रार्थना पत्र का संज्ञान लेते हुए अधिशासी अधिकारी को तलब कर समस्या के निवारण के लिए निर्देश दिया जाएं। समस्या का निवारण नहीं होने पर आंदोलन के की चेतावनी दी है। जिसका समस्त उत्तरदायित्व शासन प्रशासन नगर पंचायत गोवर्धन का होगा। ज्ञापन देने वालों में अधिवक्ता मनीष मोहन शर्मा, राहुल मोहन शर्मा, रवि सोनी, बिना सिंह, सुशीला शर्मा, राजेंद्र भट्ट आदि थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पावरिंग लाइवलीहुड्स स्थायी कोल्ड-स्टोरेज स्टार्टअप्स का समर्थन करता है

**गुरुग्राम।** पावरिंग लाइवलीहुड्स एक स्वतंत्र थिंक टैंक काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) और विलग्रो की पहल है, जो स्वच्छ तकनीकी नवाचारों के माध्यम से आजीविका को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस पहल का लक्ष्य भारत के कृषि और वस्त्र क्षेत्रों में 3.7 करोड़ लोगों की आजीविका को प्रभावित करने वाली तकनीकों को बढ़ावा देना है। इस पहल का उद्देश्य टिकाऊ, ऊर्जा-कुशल और स्केलेबल प्रौद्योगिकियों के साथ कोल्ड-स्टोरेज स्टार्टअप सहित विकेन्द्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा (डीआरई) आधारित आजीविका प्रौद्योगिकियों की व्यावसायिक तैनाती को बढ़ाना है। स्टार्टअप्स को नवाचार आधारित तकनीकों के विस्तार में सहायता प्रदान करते हुए और गो-टू-मार्केट पार्टनर्स, एंड-यूजर फाइनेंसर्स जैसी संस्थाओं के बीच व्यावसायिक साझेदारियों को प्रोत्साहित करके, पावरिंग लाइवलीहुड्स ग्रामीण क्षेत्रों में डीआरई (विकेन्द्रीकृत नवीकरणीय ऊर्जा) आधारित आजीविका तकनीकों के बड़े पैमाने पर अपनाने को बढ़ावा देता है। इन तकनीकों को व्यापक रूप से अपनाने से स्थायी उच्च आय के अवसरों में वृद्धि, कठिन श्रम में कमी, बाजार तक आसान पहुंच और खाद्य नुकसान में कमी आएगी, जिससे समुदायों को सशक्त बनाया जा सकेगा। साथ ही, यह पहल लैंगिक समानता और पर्यावरणीय स्थिरता को भी प्रोत्साहित करती है। कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थित कोल्ड-स्टोरेज समाधान, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में जहां खाद्य अपशिष्ट और आपूर्ति श्रृंखला की अक्षमताएं अधिक हैं, फार्म गेट से लेकर अंतिम खुदरा विक्रेता तक खाद्य नुकसान को रोकने के लिए प्रभावी समाधान प्रदान करते हैं। जैसे-जैसे वैश्विक स्तर पर खाद्य सुरक्षा और टिकाऊ कृषि प्रथाओं की मांग बढ़ रही है, ऊर्जा-कुशल और पर्यावरण-अनुकूल कोल्ड स्टोरेज समाधानों की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान के कारण, जो खाद्य नुकसान को और तेज कर रहे हैं, इन समाधानों की मांग बढ़ रही है। कोल्ड स्टोरेज सिस्टम न केवल कृषि उत्पादों की शेल्फ लाइफ बढ़ाने और बर्बादी को कम करने में सहायक हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित करते हैं कि उत्पाद बिना खराब हुए बाजार तक पहुंचे। इसके साथ ही, ये किसानों को अत्यधिक उत्पादन के कारण मजबूरी में कम कीमत पर बिक्री या फसल फेंकने की स्थिति से बचने का प्रभावी समाधान भी प्रदान करते हैं। हालांकि, कई क्षेत्रों में मौजूदा कोल्ड स्टोरेज ढांचा या तो सीमित है या पुराना, जो अक्सर पारंपरिक, ऊर्जा-गहन तकनीकों पर निर्भर करता है और इससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और गंभीर हो जाती है।

### इनोवेटिवव्यू इंडिया लिमिटेड ने सेबी के पास डीआरएचपी दाखिल किया

**नोएडा।** देशभर में परीक्षाओं, चुनावों और बड़े पैमाने पर होने वाले आयोजनों में सुरक्षा और निगरानी सॉल्यूशन प्रदान करने वाली टेक्नोलॉजी संचालित कंपनी इनोवेटिवव्यू इंडिया लिमिटेड ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दाखिल किया है। कंपनी इक्विटी शेयरों (प्रत्येक अंकित मूल्य 5 रुपये) की प्रारंभिक सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से धन जुटाने की योजना बना रही है, जिसमें 20,000.00 मिलियन रुपये [2000 करोड़ रुपये] तक की कुल ऑफर फॉर सेल शामिल है। (कुल ऑफर आकार) वित्तीय वर्ष 2024 में राजस्व के मामले में 73.7% की बाजार हिस्सेदारी के साथ इनोवेटीव्यू इंडिया लिमिटेड भारत में परीक्षा एकीकृत सुरक्षा समाधान में सबसे बड़ा प्लेयर है। परीक्षा सुरक्षा और निगरानी उद्योग में, वित्तीय वर्ष 2024 में इसकी बाजार हिस्सेदारी साल-दर-साल 69.07% बढ़ी है। (स्रोत: एफ एंड एस रिपोर्ट) रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस के माध्यम से पेश किए जाने वाले इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) पर सूचीबद्ध करने का प्रस्ताव है। (सूची विवरण)

### फर्जी बैनामा कराने के चार आरोपी पकड़े

**मथुरा। जमीन** का फर्जी बैनामा कराने के आरोप में थाना जैत पुलिस ने चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। 11 फर्जी आधार कार्ड व एक फर्जी रजिस्ट्री की छायाप्रति व एक मोबाइल बरामद किया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना जैत अश्वनी कुमार के मुताबिक कूट रचित दस्तावेज तैयार कर जमीन का फर्जी बैनामा कराने वाले आरोपित राजवीर पुत्र मिहीलाल निवासी ग्राम कमई थाना बरसाना मथुरा, चरन सिंह पुत्र ठाकुरलाल निवासी ग्राम सेंमरी थाना छाता, गोवरधन पुत्र निरंत निवासी ग्राम कमई थाना बरसाना व रतिराम पुत्र पंचन सिंह निवासी ग्राम सेंमरी थाना छाता मथुरा को 11 कूटरचित आधार कार्ड व एक कूटरचित रजिस्ट्री की छायाप्रति व एक मोबाइल के साथ सम्बन्धित को बीआईपी रोड सनसिटी के पास से गिरफ्तार किया गया।

# रोली सिंह ने किया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात

## सुनियोजित तरीके से ग्रामीणांचल के विकास का मुख्यमंत्री ने दिया मंत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**अयोध्या: जिला पंचायत** अध्यक्ष रोली सिंह व उनके प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शनिवार को मुलाकात किया। मिल्कीपुर विजय के उपरान्त पहली बार मुख्यमंत्री से जिला पंचायत अध्यक्ष ने मुलाकात किया। उन्होंने सीएम योगी का स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन किया। जिला पंचायत अध्यक्ष मिल्कीपुर चुनाव के दौरान महिलाओं की टीम के साथ लगातार विधानसभा क्षेत्र में सक्रिय रहीं थी। महिलाओं से जुड़े प्रश्नों को



प्रमुखता से उठाने व सपा की गुमराह करने की नीति का लगातार जवाब देने के कारण जिला पंचायत अध्यक्ष पर समाजवादी पार्टी ने लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से कटाक्ष किया गया था। जिसका

**चर्चा**

**ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर चर्चा हुई। अयोध्या के परिक्षेत्र में जो धार्मिक महत्व के स्थल विकास से छूटे है**

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सोशल मीडिया पर जवाब दिया था। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने बताया कि विकास की अवधारणा से जिले के गांवों को जोड़ा गया है। सुनियोजित तरीके से ग्रामीण क्षेत्र का विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। गांव की सड़कों का सुदृढ़ीकरण तथा सुंदरीकरण कराया जा रहा है उन्हें मुख्य मार्गों से जोड़ा गया जिससे यातायात में सुगमता रहे। ग्रामीण क्षेत्रों में पेय जल, प्रकाश व्यवस्था की गई है। जिपंअ प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित ने बताया कि मुलाकात के दौरान अयोध्या जनपद के ग्रामीणांचल में चल रही विकास की योजनाओं को और गतिशील बनाने तथा योजनाबद्ध तरीके से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर चर्चा हुई। अयोध्या के परिक्षेत्र में जो धार्मिक महत्व के स्थल विकास से छूटे है।

# इंडियावुड 2025: लकड़ी और फर्नीचर निर्माण में नवाचार को प्रेरित करने के 25 साल

**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतक। उद्योग** में उन्नति और विकास के एक चौथाई शतक को चिह्नित करते हुए, इंडियावुड 2025, वुडवर्किंग और फर्नीचर निर्माण के लिए प्रमुख व्यापार मेला, 6-9 मार्च 2025 को इंडिया एक्सपो मार्ट और सेंटर (आईईएमएल), ग्रेटर नोएडा, दिल्ली एनसीआर में आयोजित किया जाएगा। NuernbergMesse के वैश्विक लकड़ी कार्य पोर्टफोलियो का हिस्सा, यह मील का पत्थर संस्करण भारत की निर्माण शक्ति के रूप में उभरने और फर्नीचर और लकड़ी कार्य उद्योग में एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी के रूप में इसकी स्थिति को दर्शाता है। अपनी स्थापना से, इंडियावुड ने उद्योग के विकास को आकार दिया है, एक ही मंच पर निर्माता, आपूर्तिकर्ता, प्रौद्योगिकी नेता और पेशेवरों को एकत्र किया है। पिछले ढाई दशकों में, इसने प्रौद्योगिकी में प्रगति, सतत प्रथाओं, और वैश्विक सहयोगों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज, जब भारत वैश्विक फर्नीचर उत्पादकों में शीर्ष पांच देशों में स्थान रखता है और अपने फर्नीचर निर्यात को हर साल 20% बढ़ाने के लिए तैयार है, इंडियावुड उद्योग की प्रगति के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में जारी है।सोनिया प्रशर, प्रबंध निदेशक, NuernbergMesse इंडिया ने कहा"2025 में 25.75 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मूल्यांकन किया गया भारतीय फर्नीचर बाजार 2030 तक 37.18 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। लकड़ी फर्नीचर उत्पादन का 62% हिस्सा बनाती है, और यह उद्योग नवाचार और स्थिरता द्वारा प्रेरित परिवर्तन से गुजर रहा है - इसका अधिकांश हिस्सा इंडियावुड में मिलने वाले अवसरों द्वारा प्रेरित है।

### सीडीओ ने ई ऑफिस की प्रगति जानी

**मथुरा। मुख्य** विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार मथुरा में ई ऑफिस एवं सीएम डैशबोर्ड माह जनवरी 2025 की प्रगति तथा 50 लाख से अधिक लागत के निर्माणाधीन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। सर्वप्रथम ई ऑफिस की समीक्षा करने पर पाया गया कि विकास विभाग से संबंधित कतिपय विभागों द्वारा ई ऑफिस क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में कोई भी कार्रवाई नहीं की गई है। निर्देश दिए गए कि संबंधित विभाग तत्काल ई ऑफिस क्रियान्वयन एवं संचालन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर लें। सहायता के लिए जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी से संपर्क करें।

# गांवों में भी महसूस हो रही डलाव घर की जरूरत



**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: गांवों में** भी अब डलाब घर की जरूरत महसूस होने लगी है। हालांकि यह बात अलग है कि अभी जनपद की कई नगर पंचायतों के पास भी डलाब घर नहीं है और वह कूड़े को सड़कों के किनारे डाल रहे हैं। जिला अधिकारी ने गांव की गलियों ओर नाली साफ करने के आदेश दिया है लेकिन ओल गांव में जिला अधिकारी के आदेश की धज्जिया उड़ाई जा रही हैं। सड़क की जगह परिक्रमार्थी कूड़े से निकल रहे हैं। विकास खंड फरह के गांव ओल में कूड़ादान न होने के कारण मुख्य मार्ग पर गंदगी व कूड़े के ढेर लगे हैं। इसके अलावा मुख्य मार्ग सड़क की जगह केवल कूड़ा ही दिखाई देता है। लोगों को गंदगी में निकलने को मजबूर होना पड़ रहा है। लाखों की कीमत से गांव कूड़ेदान भी बनाये गए थे लेकिन उनमें कूड़ा नही डाला जा रहा है। इस कारण गांव का सारा कूड़ा मुख्य सड़क पर फैला रहता है। इसके चलते फरह, गोवर्धन के मुख्य मार्ग पर सड़क की जगह केवल कूड़ा ही दिखाई देता है इस मार्ग से आगरा, धौलपुर, ग्वालियर के लोग परिक्रमा लगाने निकलते हैं। कूड़े की वजह से वाहन चालकों व दुकानदारों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कूड़े के ढेर के कारण कूड़े पर आवारा पशु मंडराते रहते हैं। गांव वासियों की मांग है कि कूड़े कचरे के ढेर को सड़क से दूर खाली जगह पर डाला जाना चाहिए, अथवा इन स्थानों पर अधिकारियों को कूड़ादान रखवाने की व्यवस्था करनी चाहिए, ताकि लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े विकास खण्ड अधिकारी फरह नेहा रावत ने बताया कि टीम लगाकर कूड़ा हटाया जाएगा।

# वाहन चोर गैंग के चार सदस्य दबोचे

## चारों वाहन चोरों पर दर्ज हैं थाना मगोर्रा में दर्ज हैं दर्जनों मुकदमे

**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: थाना मगोर्रा** पुलिस ने शातिर वाहन चोर गैंग के तीन सदस्यों को चोरी की दो मोटरसाईकिल, अवैध असलाह एवं चोरी की मोटरसाइकिल की बिक्री से मिले रुपयों में से शेष बचे 6850 रूपयों सहित गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा मोहित तोमर के मुताबिक चैकिंग के दौरान गैंग के सक्रिय सदस्य राहुल पुत्र नवाब सिंह निवासी गावं बछगाव थाना मगोर्रा, प्रताप उर्फ कलुआ पुत्र जसवंत निवासी बछगाव थाना मगोर्रा व अशोक पुत्र रनवीर उर्फ रन्नो

**बरामद**

**प्रताप उर्फ कलुआ व अशोक के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकल व एक एक चाकू बरामद किये**

निवासी बछगाव थाना मगोर्रा को जाजमपट्टी रेलवे पुल से गोवर्धन रोड पर करीब 50 मीटर पहले से गिरफ्तार किया गया। जामा तलाशी के दौरान अभियुक्त राहुल के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल एक अवैध तमंचा, प्रताप उर्फ कलुआ व अशोक के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल व एक एक चाकू बरामद किये गये। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की गई सात मोटरसाइकिलों को बेचने से मिले रूपयों में से हिस्से में आये रूपयों में से शेष बचे कुल 6850 रुपए बरामद किये गये। अभियुक्त ने पूछताछ के दौरान बताया गया कि उनके द्वारा अलग अलग स्थानों से कुल नौ मोटरसाइकिलों को चोरी किया गया था। जिनमें से सात मोटरसाइकिलों को उनके द्वारा अपने अन्य साथी को बेचने के लिए दे दिया था और जिसके द्वारा अपने माध्यम से चोरी की मोटरसाइकिल को बेचकर सभी को उनके हिस्से के रुपए दे दिये गये थे। राहुल के विरुद्ध थाना मगोर्रा पर 10, प्रताप उर्फ कलुआ के विरुद्ध 13 तथा अशोक के विरुद्ध एक दर्जन आपराधिक मामले दर्ज हैं। कार्यवाही करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मगोर्रा मोहित तोमर, निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह चौकी प्रभारी सौंख, एसआई पवित्र कुमार थाना मगोर्रा, एसआई आलोक कुमार मिश्रा थाना मगोर्रा आदि थे।

# जिला कृषि अधिकारी ने किसानों को दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**फतेहपुर: मौजूदा समय** में मौसम परिवर्तन के कारण रबी फसलों में लगने वाले कीट रोगों की संभावना बढ़ गई है। जिसे ध्यान में रखते हुए बचाव एवं प्रबंधन के लिए कृषकों के मध्य व्यापक प्रचार-प्रसार कर जागरुकता की आवश्यकता है। शनिवार को किसानों को जानकारी देते हुए जिला कृषि रक्षा अधिकारी नरोत्तम कुमार ने बताया कि गेहूं की फसल में दीमक व गुजिया के प्रकोप के नियंत्रण के लिए क्लोरोपायरिफॉस 20% ईसी 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से सिंचाई के पानी के साथ प्रयोग करना चाहिए। माहू फीट के




जैविक नियंत्रण के लिए एजाडिरेक्टिन (नीम तेल) 0.15% ईसी 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। रासायनिक नियंत्रण के लिए ईमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस एल की 1 एमएन मात्रा प्रति ली० पानी में घोल बना कर छिड़काव करें। पीली गेरुई के नियंत्रण के लिए प्रोपिकोनाजोल 25% ईसी 500 मिली प्रति हेक्टेयर की दर से लगभग 600 से 700 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। पत्ती धब्बा रोग के नियंत्रण के लिए

**छिड़काव**

**इसी की 1.25 लीटर मात्रा को 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें**

पायोफिनेट मिथाइल 70% डब्लयूपी 700 ग्राम अथवा मैन्कोजेब 75%डब्लयूपी 2 किग्रा प्रति हेक्टेयर की दर से 600 से 700 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। सरसों व राई फसल में माहू कीट के जैविक नियंत्रण के लिए एजाडिरेक्टिन (नीम तेल) 0.15% ईसी 2.5 लीटर प्रति हेक्टेयर की दर से 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर छिड़काव करना चाहिए। रासायनिक नियंत्रण के लिए ईमिडाक्लोप्रिड 17.8% एस एल की 1 एमएन मात्रा प्रति लीटर पानी में घोल बना कर छिड़काव करें। आरा-मक्खी एक सूँडी प्रति पौधा एवं बालदार सूँडी 10 में 15% प्रकोपित पत्तियां दिखाई देने पर आर्थिक क्षति स्तर मानते हुए मैलाथियान 50% ईसी की 1.5 लीटर अथवा क्यूनालफॉस 25% ईसी की 1.25 लीटर मात्रा को 500 से 600 लीटर पानी में घोलकर प्रति हेक्टेयर की दर से छिड़काव करें।

# 37 शिकायतों में चार का मौके पर समाधान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मथुरा: तहसील महावन** परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें फरियादी अपनी फरियाद लेकर अधिकारियों के सामने पहुंचे। समाधान दिवस में फरियादी कम पहुंचने के कारण अधिकारी भी सुस्त लहजे में नजर आए। ज्यादातर शिकायतें राजस्व विभाग को लेकर की गई। समाधान दिवस में कुल 37 शिकायतें प्राप्त हुई। वहीं चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। उपजिलाधिकारी महावन ने इतवार बाजार अस्थाई रूप से बंद करने के आदेश भी नगर पंचायत बलदेव को दिए।

## आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है महाकुम्भ: ओम

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने महाकुंभ में लगाई आस्था की डुबकी, की देशवासियों के कल्याण की कामना

**पवित्र डुबकी**

▸▸ धर्म-जाति के बंधन से ऊपर उठकर करोड़ों देशवासी कर रहे यहां स्नान: ओम बिरला

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शनिवार को महाकुम्भ में पहुंचे और त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान कर आस्था की डुबकी लगाई। इस अवसर पर उन्होंने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती का आशीर्वाद लिया और देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। मीडिया से बातचीत में लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि महाकुंभ भारत की आध्यात्मिक आस्था का प्रतीक है। यह हमारी प्राचीन संस्कृति और धर्म का महोत्सव है। यहां संतों की वाणी, उनका प्रभाव और भक्तों की अपार श्रद्धा देखने को मिलती है। उन्होंने



कहा कि मां गंगा की कृपा सभी पर बनी रहे और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए। ओम बिरला ने महाकुम्भ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वेद-पुराणों में इसका विशेष उल्लेख है। यह आयोजन समभाव और समरसता का प्रतीक है, जहां जाति और धर्म से ऊपर उठकर सभी लोग एक साथ आस्था के संगम में डुबकी लगाते हैं। महाकुम्भ न केवल आंतरिक ऊर्जा और चेतना को जाग्रत करता है, बल्कि आत्मा और मन की शुद्धता भी प्रदान करता है।

लोकसभा अध्यक्ष ने आस्था को जीवन का सबसे बड़ा सामर्थ्य बताते हुए कहा कि यह पर्व राजनीति से परे, सामाजिक और आध्यात्मिक समरसता का अवसर है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत से, गांव-गांव और शहर-शहर से लाखों श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं, जो इस आयोजन की विशालता और पवित्रता को दशार्ता है। महाकुम्भ के प्रति अपने विश्वास को दोहराते हुए उन्होंने कहा कि यह पर्व न केवल आध्यात्मिक शांति प्रदान करता है, बल्कि समाज को जोड़ने का भी कार्य करता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और महाकुम्भ में उमड़ रही भक्तों की भीड़ को देखकर इसे भारत की सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत उदाहरण बताया।

### एक भारत-श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण है महाकुम्भ : पीयूष गोयल

**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल शनिवार को त्रिवेणी संगम में स्नान करने पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ को एक भारत श्रेष्ठ भारत का अनमोल उदाहरण बताते हुए कहा कि विश्व भर के लोगों की आस्था देख कर आनंद की अनुभूति हो रही है। हमारा सनातन धर्म सुरक्षित है और यह देश को नई ऊंचाइयों पर लेकर जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने प्रयागराज में परमार्थ निकेतन आश्रम (ऋषिकेश) के प्रमुख, स्वामी चिदानंद सरस्वती जी के दर्शन कर, उनका आशीर्वाद ग्रहण किया। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह सचमुच एक भावनात्मक क्षण है। महाकुम्भ में आने का सौभाग्य मिलना एक आशीर्वाद जैसा है। उन्होंने कहा कि यह भारत की सामूहिक भावना का अद्भुत उदाहरण है। अब तक 50 करोड़ से अधिक लोग देश और विदेश से महाकुम्भ में आ चुके हैं, जिससे भारत की बढ़ती शक्ति का संदेश पूरी दुनिया में गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं जब बेल्जियम में था, तब मुझे जानकारी मिली कि कोल्डप्ले के क्रिस मार्टिन महाकुम्भ आना चाहते हैं। मैंने तुरंत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से बात की और उनकी यात्रा की व्यवस्था करवाई। इस अनूठे अनुभव के बाद वे बेहद उत्साहित थे। महाकुम्भ का यह आयोजन एक भारत, श्रेष्ठ भारत का संदेश पूरे विश्व और देश तक पहुंचाएगा। इससे पहले प्रयागराज एयरपोर्ट पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का स्वागत प्रदेश सरकार के मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने किया।

## पुनर्मिलन का संगम बना महाकुम्भ



**टीम एक्शन इंडिया**

**महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ** 2025 अपने भव्य स्वरूप और 50 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं की अभूतपूर्व उपस्थिति के साथ ही ऐतिहासिक आयोजन बन चुका है। इस दिव्य आयोजन को सुरक्षित और सुव्यवस्थित बनाने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने कई अनुकरणीय पहल की हैं। इस बार महाकुम्भ में खोए हुए लोगों को शीघ्रता से उनके परिवारों से मिलाने के लिए योगी सरकार ने डिजिटल खोया-पाया केंद्रों की स्थापना की है, जिससे अबतक 20 हजार से अधिक खोए हुए श्रद्धालुओं को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य किया गया है।

**हजारों परिवारों को मिली राहत**

144 साल बाद पुण्य संयोग में आयोजित हो रहे इस बार के महाकुम्भ के विराट मेले में अपनों से बिछड़े हुए कुल 20,144 लोगों को उनके परिवारों से मिलाने में योगी सरकार को सफलता मिली है। इनमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। यही नहीं पुलिस द्वारा देश के विभिन्न राज्यों और नेपाल से आए श्रद्धालुओं का उनके परिवारों से सफलतापूर्वक पुनर्मिलन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। उल्लेखनीय है कि अमृत स्नान पर्व मौनी अमावस्या के दौरान (28, 29 और 30 जनवरी) को भीड़ का प्रबंधन करते हुए डिजिटल खोया-पाया केंद्रों ने खोए हुए सभी 8725 लोगों को उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। इसी प्रकार मकर संक्रांति पर्व (13, 14 और 15 जनवरी) को खोए हुए 598 श्रद्धालु और बसंत पंचमी (2, 3 और 4 फरवरी) को 813 श्रद्धालुओं को डिजिटल खोया-पाया केंद्र की मदद से उनके परिवारों से मिलवाया गया। इसके अलावा अन्य स्नान पर्वों और सामान्य दिनों में खोए हुए 10 हजार से अधिक लोगों का भी उनके परिवारों के साथ पुनर्मिलन कराया गया।

### तकनीक और मानवता का दिखा अद्भुत समन्वय

**डिजिटल** खोया-पाया केंद्रों में अत्याधुनिक एआई आधारित चेहरा पहचान प्रणाली, मशीन लर्निंग और बहुभाषीय समर्थन जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान की गई हैं। इससे मेला क्षेत्र में बिछड़े हुए श्रद्धालुओं को तेजी से उनके परिवारों से मिलाया जा सका है। डिजिटल खोया-पाया केंद्रों में उत्तर प्रदेश पुलिस, प्रशासनिक अधिकारी और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों की अहम भूमिका रही। यूनिसेफ सहित कई गैर-सरकारी संगठनों ने भी इसमें सक्रिय योगदान दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के तहत इन केंद्रों पर प्रतीक्षा कक्ष, चिकित्सा कक्ष, शौचालय और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं, ताकि पुनर्मिलन प्रक्रिया के दौरान किसी भी व्यक्ति को असुविधा न हो।

**फास्ट न्यूज**

### केंद्रीय मंत्री ने विधायकों के साथ किए अपने अनुभव सांझा

चण्डीगढ़: हरियाणा विधानसभा के सदस्यों के लिए लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) के सहयोग से हरियाणा विधानसभा में आयोजित दो दिवसीय प्रबोधन कार्यक्रम के दूसरे दिन आज विधायी कार्यो पर विभिन्न वक्ताओं ने विधायको का ज्ञानवर्धन किया। जिसमें केंद्रीय आवास एवं उर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल, गुजरात विधानसभा अध्यक्ष श्री शंकर भाई चौधरी, हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री कुलदीप सिंह पठानिया, लोकसभा के पूर्व सदस्य डॉ सत्यपाल सिंह और राज्य सभा सचिवालय से अतिरिक्त व सयुक्त सचिव स्तर के अधिकारयों ने अपने-अपनें विचार रखें। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने प्रबोधन कार्यक्रम में आए वक्ताओं का स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिंह व शॉल भेंट कर सम्मानित किया। केंद्रीय आवास एवं उर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल ने विधायी प्रक्रियों में मंत्रियों की भूमिका विषय पर बोलते हुए अपने साढ़े 9 वर्ष के बतौर मुख्यमंत्री और अब तक 250 दिनों के केंद्रीय मंत्री के रूप में अपने अनुभव विधानसभा सदस्यों के साथ सांझा किए। श्री मनोहर लाल ने कहा कि उन्हें हरियाणा प्रदेश की 13वीं व 14वीं विधानसभा में सदस्य के रूप में प्रदेश की जनता की सेवा करने का सौभग्य मिला है।

### चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता: नड्डा

**चंडीगढ़:** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि हर भारतीय तक विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और डॉक्टर्स व वैज्ञानिकों की मेहनत से इस दिशा में काफी हद तक सफल भी हुए हैं। पहले कैंसर जैसे इलाज के लिए घर और जमीन बिक जाती थी। अब प्रधानमंत्री जन आरोग्य आयुष्मान भारत योजना और कैंसर की दवाइयों के सस्ती होने से सभी कैंसर पीड़ित अपना इलाज करवा पा रहे हैं। जे पी नड्डा राष्ट्रीय कैंसर संस्थान, बाढसा झज्जर में कैंसर पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार को संबोधित कर रहे थे। सेमिनार से पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने एनसीआई में बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट, रेडियो न्यूक्लिड थेरेपी वार्ड और नि:शुल्क जेनेरिक औषधालय जनता को समर्पित किए। उन्होंने इस दौरान राष्ट्रीय कैंसर संस्थान में मौजूद सुविधाओं का जायजा भी लिया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्ष 1998 से पहले देश में केवल एक एम्स था।

### कोटा में केमिकल फैक्ट्री से गैस लीक

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोटा:** कोटा में एक केमिकल प्लांट से गैस का रिसाव होने के कारण कई स्कूली बच्चों की हालत बिगड़ गई। उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी और दम घुटने से वे बेहोश हो गए। चारों ओर अफरातफरी मच गई। स्कूल के कर्मचारी बच्चों को लेकर तुरंत अस्पताल भागे। कई बच्चों को उल्टियां हुईं। गांव के भी दो लोगों को भर्ती कराया गया है। कुछ बच्चों की हालत काफी गंभीर है, जिन्हें कोटा जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

**स्कूल के पास है फैक्ट्री**

ये गैस लीक चंबल फर्टिलाइजर्स

## सिद्धारमैया ने जल जीवन मिशन पर भाजपा की आलोचना की

**टीम एक्शन इंडिया**

बंगलूरू: कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को जल जीवन मिशन (जेजेएम) को लेकर भाजपा की आलोचना की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने जल जीवन मिशन (जेजेएम) के लिए राज्य को घोषित धनराशि जारी नहीं करके कर्नाटक के साथ धोखा किया है। साथ ही मुख्यमंत्री ने केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री वी सोमन्ना पर निशाना साधते हुए कहा कि वे झूठ बोल रहे हैं।

**सोमन्ना के दावों पर सिद्धारमैया का पलटवार**

बता दें कि वी सोमन्ना ने



लोकसभा में कहा था कि कर्नाटक को जल जीवन मिशन के तहत 28,623 करोड़ रुपये का आवंटन हुआ, लेकिन राज्य ने केवल 11,760 करोड़ रुपये खर्च किए। इस पर सिद्धारमैया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जवाब देते हुए कहा कि केंद्रीय मंत्री कर्नाटक को नुकसान पहुंचाने के लिए केंद्र सरकार की कोशिशों को छिपा रहे हैं।

**सीएम ने केंद्र सरकार पर लगाए आरोप**

मामले में मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि कर्नाटक के लिए जल जीवन मिशन के तहत कुल 49,262

**साधा निशाना**

▸▸ भाजपा ने जेजेएम के लिए राज्य को घोषित धनराशि जारी नहीं करके कर्नाटक के साथ धोखा किया

करोड़ रुपये का आवंटन था, जिसमें केंद्र का हिस्सा 26,119 करोड़ रुपये और राज्य का हिस्सा 23,142 करोड़ रुपये था। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र ने कर्नाटक को केवल 11,760 करोड़ रुपये जारी किए, जो उसकी प्रतिबद्धता का केवल 45 प्रतिशत है।

## पश्चिम बंगाल में अवैध हथियारों की बड़ी सप्लाई का भांडाफोड़

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता। पश्चिम बंगाल** स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने दक्षिण 24 परगना के जीवनतला और उत्तर 24 परगना के मिनाखा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध हथियारों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस कार्रवाई में चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें कोलकाता की एक नामी हथियार-कारतूस की दुकान का एक कर्मचारी भी शामिल है। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में एसटीएफ को 190 जिंदा कारतूस,



एक डबल बैरल गन और 12 बोर के नौ कारतूस मिले हैं। गिरफ्तार आरोपितों के में आशिक इकबाल गाजी उर्फ बप्पा गाजी (40), थाना- हसनाबाद, हाजी रशीद मोल्ला (71).थाना- जीवंतला, दक्षिण 24 परगना, अब्दुल सलीम गाजी उर्फ बबलू (45), थाना- हसनाबाद, उत्तर 24 परगना तथा जयंत दत्ता (49), शुत्राघर, शांतिपुर, नदिया शामिल हैं।

**पर्दाफाश**


▸▸ उत्तर 24 परगना के मिनाखा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर अवैध हथियारों के एक बड़े रैकेट का पर्दाफाश किया

## पांचवीं के सात अप्रैल से और 8वीं बोर्ड की परीक्षा 20 मार्च से

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी और प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे 5वीं और 8वीं बोर्ड की परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया है। 5वीं के **एग्जाम** 7 अप्रैल से शुरू होंगे, जबकि 8वीं बोर्ड के एग्जाम 20 मार्च से शुरू हो रहे हैं।

प्रदेश के सभी डाइट्स को इसकी जिम्मेदारी पहले ही सौंपी जा चुकी है। इन दोनों क्लास की परीक्षाओं में प्रदेशभर में 25



लाख स्टूडेंट्स बैठेंगे। शिक्षा विभागीय परीक्षा कार्यालय के पंजीयक नरेंद्र सोनी ने बताया कि प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन यानी पांचवीं बोर्ड परीक्षा 7 अप्रैल से शुरू होगी। टाइम टेबल के अनुसार पहले दिन 7 अप्रैल को अंग्रेजी की परीक्षा होगी।

**टाइम टेबल**

▸▸ शिक्षा विभाग ने सरकारी और प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे 5वीं और 8वीं बोर्ड की परीक्षा का टाइम टेबल जारी कर दिया हैं

### हाईकोर्ट ने सेंगर के भाई की अंतरिम जमानत बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली हाईकोर्ट ने उन्नाव दुष्कर्म पीड़िता के पिता की हिरासत में कथित हत्या के मामले में निष्कासित भाजपा नेता कुलदीप सेंगर के भाई को दी गई अंतरिम जमानत 11 मार्च तक बढ़ा दी। न्यायमूर्ति विकास महाजन ने जयदीप सेंगर को चिकित्सा आधार पर राहत देते हुए कहा कि वह मुंह के कैंसर से पीड़ित हैं और उनका इलाज चल रहा है। निलंबित करने की मांग की और अदालत से मामले का फैसला होने तक उन्हें अंतरिम राहत देने का आग्रह किया।

**तंज कसा**

स्टालिन ने केंद्रीय बजट में तमिलनाडु की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया

## भाजपा की भाषा बोल रहे हैं पलानीस्वामी: स्टालिन

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई:** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और सत्ताधारी डीएमके के अध्यक्ष एमके स्टालिन ने आरोप लगाया कि एआईएडीएमके महासचिव एदापद्दी के पलानीस्वामी इन दिनों भाजपा की भाषा बोल रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भजापा और एआईएडीएमके मिले हुए हैं। स्टालिन ने केंद्रीय बजट में तमिलनाडु की अनदेखी करने का भी आरोप लगाया और कहा कि बीते कुछ वर्षों से राज्य को कोई फंड नहीं मिला है।

**पलानीस्वामी के आरोप पर भड़के स्टालिन**

दरअसल हाल ही में



एआईएडीएमके महासचिव के पलानीस्वामी ने कहा था कि दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे इंडी गठबंधन के लिए बड़ा झटका हैं। जब पलानीस्वामी के बयान पर सीएम स्टालिन से प्रतिक्रिया मांगी गई तो उन्होंने कहा कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि पालनीस्वामी का बयान देखकर लगता है कि यह भाजपा का बयान है। एआईएडीएमके का शीर्ष नेतृत्व भाजपा की भाषा बोल रहा है। उन्होंने कहा कि एआईएडीएमके और भाजपा का पर्दे के पीछे गुप्त गठबंधन है और वे इसे साबित कर सकते हैं। डीएमके चीफ ने कहा कि पलानीस्वामी को बयान देने से पहले अपनी असफलताओं पर ध्यान देना चाहिए।

**गठबंधन में दरार की बात नकारी**

'उंगालिल ओरुवन' अभियान के दौरान डीएमके अध्यक्ष ने मीडिया से बात की। इस दौरान उनसे पुडुकोटिल जिले में पानी के टैंक में मानव मल मिलाने की घटना की, डीएमके की सहयोगी सीपीआईएम और वीसीके द्वारा की जा रही सीबीआई जांच की मांग को लेकर सवाल किया गया और पूछा गया कि क्या गठबंधन में कोई मतभेद हैं?


www.actionindialive.com

जब चाहें, जहां चाहें ताजा खबरों से अपडेट रहें




H.O: Action Balaji House, Majlis Park, Near Rakesh Bhardwaj Chowk, Delhi- 110033

B.O: Shakti Complex, 6/18, Main Gt Road, Samaypur Industrial Area, Delhi -110042

9999889104, 8447314925